हनुमानगढ़ जंक्शन
शनिवार 29 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण अष्टमी सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 175| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

शेयर बाजार

सेंसेक्स	79,032.73	-210.45
निफ्टी	24,010.60	- 33.90
डॉलर	83.36	

हनुमानगढ़ का तापमान

न्यूनतम 30° अधिकतम 37°

विकास का मुख्य आधार है शिक्षा: कलराज मिश्र

राज्यपाल ने छह करोड़ की लागत से बने बिहाणी कॉलेज के भवन का किया लोकार्पण

गौरीशंकर बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट ने करवाया है कॉलेज भवन का निर्माण, राज्यपाल सहित पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.बीडी कल्ला और विधायक अमित चाचाण ने किया लोकार्पण

तेज | रिपोर्टर. नोहर

गोरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया। इस महाविद्यालय का निर्माण गोरीशंकर बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करवाया गया है। महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 6 करोड़ रुपये खर्च हुये है। समारोह में पूर्व मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, नोहर विधायक अमित चाचाण, भामाशाह लक्ष्मीनारायण बिहाणी, ओमनारायण बिहाणी आदि मंच पर उपस्थित थे। राज्यपाल के नोहर पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों के अलावा बिहाणी परिवार द्वारा स्वागत किया गया। समारोह में सर्वप्रथम राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान की प्रस्तावना व संविधान में दिये गये कर्तव्यों का वाचन किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि समाज व देश के विकास का प्रमुख आधार ही

शिक्षा है। शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन की बयार लाई जा सकती है। उन्होंने विशेषकर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने बल देते हुये कहा कि चाहे कोई भी क्षेत्र हो महिलाओं को जब-जब भी अवसर मिला है तब-तब महिलाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में बालिका शिक्षा को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है। महिलाए अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते है। उन्होंने करीब 16 विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह भाग लिया है जिसमें सबसे अधिक मेडल बालिकाओं ने हासिल किये है। प्रत्येक क्षेत्र में बालिकाए आगे बढ़ रही है। हाल ही में आयोजित एक कृषि विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में 85 प्रतिशत बालिकाओं ने मेडल हासिल किये है। यह देश व समाज के लिये सुखद बात है।

गवर्नर ने की बिहाणी परिवार की सराहना

राज्यपाल ने बिहाणी परिवार को साधुवाद देते हुये कहा कि बिहाणी परिवार ने शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में विकास के कार्य करवाकर अनुकरणीय कार्य किये है। जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ होती है। यह बात बिहाणी परिवार की जन्मभूमि के प्रति लगाव से सिद्ध होती है। बिहाणी परिवार द्वारा बनाये गये महाविद्यालय से क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा... शेष पेज 9 पर

बिहाणी त्याग व दान की प्रतिमूर्ति: कल्ला

पूर्व मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने महिला शिक्षा की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुये कहा कि एक शिक्षित बालिका दो परिवार को रौशन करती है। उन्होंने कहा कि नोहर में बिहाणी परिवार द्वारा बनाया गया महाविद्यालय बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। डॉ. बी.डी. कल्ला ने सेठ गोरीशंकर बिहाणी को त्याग व दान की प्रतिमूर्ति बताते... शेष पेज 9 पर

बिहाणी परिवार के बिना नोहर का विकास अधूरा: चाचाण

विधायक अमित चाचाण ने कहा कि आज का दिन नोहर के लिये गौरवशाली दिन है। क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बिहाणी परिवार के बगैर नोहर का विकास अधूरा है। उन्होंने दशको पूर्व ही क्षेत्र में मूलभूत सुविधाए उपलब्ध करवाई थी। बिहाणी परिवार ने ऐसा कोई क्षेत्र नही जिसमें विकास कार्य न करवाये हो। क्षेत्र में विकास कार्यों में बिहाणी परिवार द्वारा दिया गया योगदान हमेशा चिरस्थायी रहेगा। विधायक अमित चाचाण ने कहा कि बिहाणी परिवार कि कर्मभूमि देश के चाहे किसी भी राज्य में रही हो मगर जन्मभूमि नोहर के प्रति उनका लगाव सदैव बना रहा है। विधायक ने बिहाणी परिवार कि युवा पीढ़ी से भी उनके पूर्वजो द्वारा शुरू किये गये विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

संस्कारों के कारण जारी है विकास यात्रा: बिहाणी

भामाशाह ओमनारायण बिहाणी ने कहा कि उनके पिता गौरीशंकर बिहाणी ने पूरे परिवार को जो संस्कार दिये थे उनका परिणाम है कि उनके द्वारा शुरू कि गई विकास की यात्रा अनवरत जारी है। उन्होंने कहा कि उनके पिता का मानना था कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने सदैव साधा जीवन उच्च विचार को महत्व दिया। ओमनारायण बिहाणी ने कहा कि शिक्षा रूपी ज्ञान समाज व देश को कमजोर नहीं... शेष पेज 9 पर

सभापति और नेता प्रतिपक्ष में टकराव

संसद सत्र का पांचवा दिन: नीट मुद्दे पर विपक्ष हमलावर, लोकसभा एक जुलाई तक स्थगित, राज्यसभा में आसन तक पहुंचे खड़गे, कहा-सिर्फ सत्तापक्ष की तरफ देखते हैं धनखड़

नई दिल्ली। संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। हालांकि राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। बाद में इसे भी 1 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया। दरअसल, विपक्ष नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता। जबकि राज्य सभा में 22 सांसदों के नोटिस को सभापति ने खारिज कर दिया। 24 जून से शुरू हुआ संसद का यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। राज्य सभा में पीएम मोदी 3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं। नीट मामले पर चर्चा की मांग के दौरान राज्यसभा में चेयरमैन जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच विवाद की स्थिति बनी। हंगामे के बीच खड़गे सभापति की आसंदी के पास पहुंच गए, जिस पर धनखड़ भड़क गए और कार्यवाही 2 बजे तक रोक दी। खड़गे सदन से बाहर आकर बोले कि यह चेयरमैन की गलती है। मैं उनका ध्यान खींचने के लिए अंदर गया था। लेकिन, तब भी वे नहीं देख रहे थे। वे केवल सत्ता पक्ष को देख रहे थे। नियमानुसार उन्हें मेरी तरफ देखना चाहिए, लेकिन उन्होंने जानबूझकर मुझे अनदेखा करके मेरा अपमान किया। तो मेरे लिए क्या बचा था? मुझे या तो अंदर जाना होगा या बहुत जोर से चिल्लाना होगा। प्रदर्शन कर रहीं कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। उन्हें संसद से आरएमएल हॉस्पिटल ले जाया गया। सदन में कार्यवाही जारी रही, लेकिन विपक्षी सांसद हॉस्पिटल चले गए। सेहत में सुधार होने पर फूलो को डिस्चार्ज कर दिया गया।

नीट पर सरकार गंभीर: त्रिवेदी

सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा-नीट पर सरकार संवेदनशील और पूरी तरह से सतर्क है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि एक भी बच्चे के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, लेकिन जब ये विषय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, विपक्ष क्या न्यायालय के विजडम से ऊपर समझते हैं। जब... शेष पेज 9 पर

प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर होगा 'मन की बात' का प्रसारण

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के 111वें संस्करण के जरिए अपने मन की बात डेढ़ सौ करोड़ देशवासियों के सामने रखेंगे। यह कार्यक्रम 30 जून को सुबह 11 बजे टीवी एवं रेडियो के माध्यम से प्रसारित होगा। कार्यक्रम के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी... शेष पेज 9 पर

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज: मुख्यमंत्री वीसी से करेंगे संवाद

हनुमानगढ़। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 का जिला स्तरीय कार्यक्रम 29 जून को महाराजा अग्रसेन भवन में सुबह 11 बजे से होगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वीसी से संबोधित और संवाद करेंगे। सांख्यिकी उपनिदेशक विनोद गोदारा ने बताया कि नव नियुक्त कार्मिकों को स्वागत सेट भी दिया जाएगा।

शहर की सरकारों को मिले 35 अभियंता

सीधी भर्ती के माध्यम से सरकार ने दी नियुक्ति

जयपुर। युवा बेरोजगारों के लिए राज्य सरकार की ओर से एक और खुशखबरी है। स्वायत्त शासन विभाग ने सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित सहायक अभियंता (सिविल) के 35 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिसके तहत चयनित अभ्यर्थियों को निदेशालय, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिसके बाद अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश जारी किए जाएंगे। चयनित सहायक अभियंता (सिविल) को 2 साल के परीवीक्षाकाल में 39300 रुपये का फिक्स वेतन दिया जाएगा। इसके... शेष पेज 9 पर

डॉ. पारस जैन को फिर फिरौती के लिए लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों के नाम से फोन पर मिली धमकी

» पिछले वर्ष रितिक बॉक्सर समेत पांच बदमाशों को धमकी देने के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन में जैन नर्सिंग होम के संचालक एवं प्रतिष्ठित डॉ. पारसमल जैन (77) को एक बार फिर कुख्यात बदमाश व गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों के नाम से फोन कॉल तथा व्हाट्सएप मैसेज द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। डॉ. जैन द्वारा दी गई रिपोर्ट पर टाउन थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉ पारसमल जैन को पिछले वर्ष भी लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों द्वारा बड़ी रकम की डिमांड करते हुए फोन कॉल द्वारा धमकियां दी गई थीं। तब पुलिस ने कुख्यात बदमाश रितिक बॉक्सर

समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार भी किया था। टाउन थाना पुलिस के मुताबिक डॉ. पारसमल जैन ने बताया है कि उसे 25 और 26 जून को लगातार दो दिन व्हाट्सएप कॉल तथा व्हाट्सएप मैसेज द्वारा बार-बार धमकियां दी गई। 25 जून को पहली बार फोन कॉल आने पर उसने अटेंड की तो कॉलर ने कहा कि वह रोहित गोदारा बोल रहा है। तब उसने फोन कॉल काट दी। जिस नंबर से कॉल आई उसे एक्यूज के नाम से सेव कर लिया। इसके बाद दो-तीन बार फिर कॉल आई लेकिन उन्होंने कॉल अटेंड नहीं की। तत्पश्चात व्हाट्सएप पर मैसेज आया कि- उसे जान प्यारी नहीं है क्या? फोन कॉल उठाओ! डा. जैन के मुताबिक अगले दिन 26 जून को सुबह 6 बजे तथा फिर 10 बजे के आसपास दो-तीन बार इसी प्रकार से फोन कॉल तथा व्हाट्सएप पर मैसेज आए। अज्ञात बदमाशों द्वारा फिर से उनको मृत्यु का भय दिखाकर रुपयों की मांग की जा रही है। पुलिस ने बताया कि डॉ. जैन को पिछले वर्ष भी धमकियां मिली थीं। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर... शेष पेज 9 पर

सरकारी नौकरी मिलने पर सीएम ही देंगे जॉइनिंग लेटर

» जयपुर में आज होगी शुरुआत, सात हजार युवाओं को मिलेगी सौगात

तेज | रिपोर्टर जयपुर

प्रदेश में अब सरकारी नौकरी में चयनित होने वाले युवाओं को हर बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जॉइनिंग लेटर देंगे। हर नई भर्ती में सिलेक्ट हुए युवाओं को जॉइनिंग लेटर देने के लिए बड़े समारोह किए जाएंगे। सीएम भजनलाल जयपुर या किसी एक जिले में खुद जॉइनिंग लेटर देंगे और बाकी जगहों से चयनित युवा वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के जरिए जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री के हाथों जॉइनिंग लेटर देने की शुरुआत 29 जून से होगी। 29 जून को सुबह 11 बजे जयपुर में

मानसरोवर के टैगोर स्कूल ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय समारोह में सीएम भजनलाल सरकारी नौकरी में चयनित युवाओं को जॉइनिंग लेटर देंगे। इसके साथ सीएम भजनलाल शर्मा का बधाई पत्र और एक बुकलेट भी दी जाएगी। 29 जून को करीब 7 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर मिलेंगे।

कर्मचारी को एहसास हो कि वो बड़े परिवार का हिस्सा है

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा- सरकार आने के बाद 20 हजार से ज्यादा भर्ती की जा चुकी है। इस बार नई शुरुआत की जा रही है। 29 जून को हर जिले में कार्यक्रम करेंगे। इसमें नवनियुक्त कर्मचारियों को बुलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री उन्हें बुला रहे हैं। एक बुकलेट और बधाई पत्र उन्हें दिया जाएगा। जो भी नवनियुक्त कर्मचारी आ रहे हैं, उनको... शेष पेज 9 पर

पूर्व सीएम सोरेन के खिलाफ ठोस सबूत नहीं: हाईकोर्ट

पांच माह बाद जमानत मिलने पर जेल से बाहर आए हेमंत सोरेन, ईडी ने किया था गिरफ्तार

नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए। जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन भी उन्हें लेने के लिए जेल पहुंची थीं। जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे झूठे आरोपों में 5 महीने जेल के अंदर रखा गया। झारखंड के लोगों के लिए 5 महीने बहुत कठिन थे। सुनियोजित तरीके से लोगों की आवाज दबाई जा रही है। दिल्ली में मुख्यमंत्री जेल में बंद है। मंत्रियों को... शेष पेज 9 पर

नहरी पानी के लिए किसानों द्वारा अनेक जगहों पर चक्का जाम, कलेक्ट्रेट पर भी धरना जारी

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

पंजाब से गंग कैनाल में निर्धारित 2500 क्यूसेक पानी प्राप्त करने की मांग को लेकर किसानों द्वारा आज श्रीगंगानगर जिले में अनेक मार्गों पर चक्का जाम किया गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही जिला कलेक्ट्रेट पर भी किसानों ने धरना आरंभ कर दिया है। किसान एक हफ्ते से निरंतर आंदोलन कर रहे हैं।कल गुरुवार को भी कलेक्ट्रेट पर सैकड़ो किसानों ने पड़ाव डाला था। पंजाब से मिलने वाले पानी की मात्रा में कोई सुधार नहीं हुआ। अभी भी लगभग आधा पानी ही मिल रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी पंजाब से मिल रहे पानी पर नजर रखे हुए हैं। उनके द्वारा पंजाब क्षेत्र में गंग कैनाल से हो रही पानी की चोरी रुकवाने के प्रयास भी किया जा रहे हैं, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल रही। ना पानी बढ़ रहा है और ना चोरी रूक रही है। संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल किसान संगठनों द्वारा आज श्रीगंगानगर पदमपुर मार्ग पर सीसी सिर पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरना दिया गया। इसी हैड से घमूडवाली होते हुए श्रीगंगानगर सूरतगढ़ रोड नेशनल हाईवे 62 पर कैचियां तक रोड भी जाती है। इस तिराहे पर धरना लगाने से तीनों मार्गों पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। लोग दूसरे रास्तों से वाहन लेकर आते जाते रहे लेकिन ट्रकों की लंबी कतार लग गई। रोडवेज और लोक परिवहन सेवा समेत प्राइवेट बसें आज इस मार्ग पर शाम 4 बजे के बाद ही चल पाई। श्रीगंगानगर-सूरतगढ़ रोड नेशनल हाईवे 62 पर महियांवाली के नजदीक टोल नाका पर 3 घंटे के लिए रास्ता जाम किया गया। यहां भी ट्रकों, बसों और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गई।केसरीसिंहपुर और श्रीकरनपुर थाना इलाकों में भी किसानों द्वारा तीन-तीन घंटे मुख्य मार्गो पर चक्का जाम किए जाने की जानकारी मिली है। ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) ने गुरुवार को प्रशासन से वार्ता विफल होने पर आज से महाराजा गंगासिंह चौक में जल संसाधन विभाग ऑफिस के गेट के आगे धरना शुरू कर दिया। जीकेएस ने 5 जुलाई को दोबारा महा पडाव की घोषणा की है। जीकेएस के नेताओं की अगुवाई में अनेक टीमें अब गांव-गांव जाकर 5 जुलाई के महापडाव के लिए किसानों को जागृत कर रही हैं। इधर संयुक्त किसान मोर्चा ने 6 जुलाई को फिर से सीसी हैड पर पक्का मोर्चा और चक्का जाम करने का ऐलान किया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी और पदमपुर से तहसीलदार सीसी हैड पर किसानों से बातचीत करने पहुंचे। सीसी हैड और आज किसानों की हुई सभा में किसान नेता अमतेंद्रसिंह क्रांति ने कहा कि गंगनहर में शेयर अनुसार पानी उपलब्ध कराने में राज्य सरकार और सिंचाई महकमा नकारा साबित हुआ है। गंगनहर परियोजना की अधिकतर वितरिकाएं बंद पड़ी हैं।खेतों में खड़ी फसल बरबाद होने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार के खिलाफ किसान आंदोलन को तेज करेंगे।रविंद्रसिंह तरखान ने कहा कि किसानों के आक्रोश के बावजूद सरकारें गहरी नींद में सोई हैं। जिले की जनता को पीने का पानी भी मिलना मुश्किल हो गया। पशुओं के लिए चारे का संकट खड़ा हो रहा है।ऐसे में किसान की चिंता जायज है।सुखवीर सिंह फौजी ने कहा कि हमें सिंचाई विभाग पर भरोसा नहीं रहा है। अब किसानों की एकता ही गंगनहर में पानी लेकर आएगी। सीसी हेड पर हुई सभा में संयुक्त किसान मोर्चा के अमतेंद्रसिंह क्रांति, दिलबागसिंह संधु, रविंद्रसिंह तरखान, सुखवीरसिंह फौजी, मनीराम पूनिया, मास्टर बलबीरसिंह ने संबोधित किया।प्रविंद सिंह गिल, मंजीत सिंह गिल, जगदीप सिंह सिद्धू, कुलवंत सिंह, सुभाष सिंह, दर्शन सिंह बिल्ला, अमरजीत ओजला, हरभजन सिंह, हरदीप सिंह प्रेसिडेंट, बब्बू ढिल्लो, गुरमीत सिंह सीसी हेड, सरपंच बृजमोहन तरड़, सरपंच धनराज रत्तेवाला, उपसरपंच देवेंद्र मान, महावीर रिणवा, लखवीर सिंह, नायबसिंह हेयर, विकास जाखड़, सतिंद्र सिंह काकू, जल उपभोक्ता संगम अध्यक्ष गुरमीतसिंह गिल, कैलाश पूनिया, जशन सिंह गिल, राजकरण बराड़, विनोद पूनिया आदि किसान चक्का जाम में शामिल हुए। किसान नेताओं ने अल्टिमेटम देते 6 जुलाई को सीसी हैड पर पक्का मोर्चा लगाने का ऐलान किया। सीसी हैड पर बेमियादी चक्काजाम करेंगे। किसान नेताओं के कहा कि पंजाब में आरडी 45 की बजाय राजस्थान की सीमा में खखां हैड पर 2500 क्यूसेक सिंचाई पानी मिले, इसके पुख्ता इंतजाम सरकार व प्रशासन करे। श्रीगंगानगर सूरतगढ़ रोड नेशनल हाईवे 62 पर महियांवाली के समीप टोल नाका पर मनिंदरसिंह मान, अमरसिंह बिश्नोई, रमन रंधावा, गुरविंदरसिंह,जसकरणसिंह, जगमीतसिंह,सुभाष खटीक, फहीम खान,बब्बू सैखों,सुखदीपसिंह, राज मान, जगजीतसिंह, विनोद जाखड़, अजयपालसिंह, जसकरणसिंह ढिल्लों, हरविंदरसिंह संधू, अमरसिंह सहारण, आत्माराम सियाग,ललित सियाग और सुभाष बुरडक आदि ने चक्का जाम का नेतृत्व किया। नेशनल हाईवे पर भी चक्का जाम होने से लोगों को अत्यधिक गर्मी तथा उमस में परेशान होना पड़ा।

निराश्रित गौवंश से परेशान मोहल्लेवासी

» सभापति से लगाई समस्या से निजात दिलाने की गुहार

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

मोहल्ले में घूमने वाले निराश्रित गोवंश को पकड़कर गोशाला में बंद करने की मांग के संबंध में टाउन के पंजाबी मोहल्ला, वार्ड 20 के वाशिंदों ने शुक्रवार को नगर परिषद सभापति को ज्ञापन सौंपा। मोहल्लेवासियों ने बताया कि पंजाबी मोहल्ले में निराश्रित गोवंश के अलावा आवारा कुत्तों की भरमार है। इनकी संख्या इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। रोजाना आवारा कुत्ते बच्चों को खाते हैं। गोवंश आपस में लड़ते-झगड़ते रहते हैं। आने-जाने वाले इनकी चपेट में आकर चोटिल हो जाते हैं। रोजाना कोई न कोई हादसा निराश्रित गोवंश की वजह से हो रहा है। ताजा मामले में शुक्रवार को एक निराश्रित गोवंश ने मोहल्ले की एक महिला को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया। महिला का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश व आवारा कुत्तों के कारण मोहल्लेवासी भयभीत हैं। उन्होंने निराश्रित गोवंश को पकड़कर गोशाला में बंद करवाकर समस्या से निजात दिलाने की गुहार सभापति से लगाई। इस मौके पर सोहन सांगा, अजय, दीपक, विकास, छिन्द्रपाल सिंह, रमेश, दर्शनसिंह सहित कई अन्य मोहल्लेवासी मौजूद थे।

पंजाबी में गाई भगवान परशुराम महाराज की कविश्री

» पंजाब के रहने वाले कविश्रीयों का अभिनंदन

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

हमारा देश धर्म या जाति में न बंटकर भाईचारे में एकजुट है। इसी बात को सिद्ध किया है पंजाब के रहने वाले कविश्री भीम सिंह, अमरसिंह, कृष्णसिंह व लाभ सिंह ने। इन कविश्रीयों की ओर से ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम महाराज की कविश्री पंजाबी में गाई है, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। इस मौके पर कविश्री भीम सिंह व कृष्णसिंह ने कहा कि ब्राह्मण भगवान का मुख है और ब्राह्मण शरीर ही सौभाग्य से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व जन्मों के सदकर्मों का परिणाम है कि ब्राह्मण कुल में जन्म हो। जब भगवान धरती पर मानव रूप में पैदा हुए थे, तो उन्हें भी ब्राह्मण की शरण में शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ा था, इससे सौभाग्य की बात ब्राह्मण कुल के लिए क्या हो सकती है। ब्राह्मण समाज के विकास भनौत के नेतृत्व में चारों कविश्रीयों का ब्राह्मण समाज के लोगों ने शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। इस मौके पर अनिल शर्मा, यादवेन्द्र शर्मा, लोकराज शर्मा, छिन्द्रपाल शर्मा, विकास शर्मा, जसवीर शर्मा, अनुज शर्मा, राजू भनौत, चोखविन्द शर्मा, वेदांत भनौत, बलदेव सारस्वत, राजेन्द्र खत्री, राकेश मल्होत्रा आदि मौजूद थे।

कार की टक्कर लगने से पिता-पुत्र की मौत

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर में तीन पुली से आगे हिंदूमलकोट मार्ग पर कार की टक्कर लगने से साइकिल पर सवार पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। सदर थाना प्रभारी सीआई रमेश न्यौल ने बताया कि यह हादसा कल गुरुवार देर शाम को हुआ। मृतकों की पहचान चक 3- वाई निवासी मन्नू (39) और उसके बेटे विक्रम (14)के रूप में हुई है।पिता- पुत्र कल शाम लगभग 7:30 बजे साइकिल द्वारा तीन पुली पर आए थे। वहां से सब्जी और राशन लेकर वापस चक 3-वाई जा रहे थे हिंदूमलकोट मार्ग पर स्प्रिंग कॉलोनी समीप जहां रोड क्षतिग्रस्त है, वही एक कार की टक्कर लगने से दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि कार सवार व्यक्ति ही दोनों को तत्काल जिला अस्पताल में लेकर आया। डॉक्टर ने चेकअप किया तो दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक मन्नू के साढू के पुत्र पंकज द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कार चालक के खिलाफ लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पिता- पुत्र के शव आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को दे दिए गए। यह परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का निवासी है, जो काफी समय से चक 3-वाई में रह रहा है।मृतक मन्नू मजदूरी करता था। उसकी पत्नी भी मजदूरी करती है।मन्नू के पांच संतानें हैं। उसकी बड़ी बेटी और बड़ा बेटा विवाहित हैं जो उत्तर प्रदेश में अपने गांव में रहते हैं। चक 3- वाई में मन्नू पत्नी,दो बेटों और एक छोटी बेटी के साथ रह रहा था। बलिया से उसके परिवार वाले रवाना हो गए हैं। उनके आने पर कल शनिवार को पिता- पुत्र का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

करनपुर रोड चुंगी नाका के समीप अधेड़ की मौत

श्रीगंगानगर। स्थानीय पुरानी आबादी में श्रीकरनपुर रोड चुंगी नाका के समीप अधेड उम्र के एक व्यक्ति की अत्यधिक शराब पीने और गर्मी में पड़े रहने के कारण मृत्यु हो गई।मामले की जांच कर रहे हवलदार अमीचचंद ने बताया कि करीब 50 वर्ष का यह शख्स कल गुरुवार को श्रीकथनपुर रोड चुंगी नाका के समीप एक दुकान के आगे मृत पाया गया था। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया गया।बाद में उसकी पहचान ओमप्रकाश के रूप में हुई।ओमप्रकाश मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था जो कि लगभग 10 वर्ष पहले अपने परिवार के साथ श्रीगंगानगर में रहने के लिए आ गया था। कुछ समय बाद उसका परिवार गुड़गांव चला गया लेकिन ओमप्रकाश यहीं पर ही रहा। वह चुंगी नाका के आसपास ही रहता था।यहीं पर ही मांग कर गुजारा करता था।वह शराब पीने का भी आदी था।प्रारंभिक तौर पर पुलिस का कहना है कि अत्यधिक शराब के नशे में इस भयंकर गर्मी व उमस में वह पड रहा। उसे खाने पीने का होश नहीं रहा,जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गई।पहचान होने पर उसके परिवार वालों को सूचना दी गई। उसके परिवारजन आज श्रीगंगानगर पहुंचे, तब पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर लाश उनके सपोर्ट कर दी।कल सुबह लाश के बारे में सूचना देने वाले नीरज की ओर से मर्ग दर्ज की गई है।

रात को छत से गिरने के कारण बुजुर्ग की मौत

श्रीगंगानगर। अनूपगढ़ जिले के रायसिंहनगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति की रात को छत से गिरने के कारण मौत हो गई।वहीं श्रीगंगानगर के समीप कालियां में छत ढहने से दो युवक जख्मी हो गए। राणा प्रताप कॉलोनी में भी निर्माणाधीन भवन पर काम करते ऊंचाई से गिरने से एक मजदूर घायल हो गया। रायसिंहनगर पुलिस के मुताबिक चक 37-पीएस निवासी पालसिंह (60) विगत 19-20 जून की रात लगभग 3 बजे अपने घर की छत से गिर गया था। उसके गंभीर चोट लगी। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान कल गुरुवार को पालसिंह की मृत्यु हो गई। उसके बेटे जगसीरसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है।पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई। इधर, श्रीगंगानगर में सदर थाना क्षेत्र के गांव कालियां में कल शाम को एक मकान की छत ढहने से दो युवक घायल हो गए। पुलिस नियंत्रण कक्ष के मुताबिक करण (26) व रविसिंह (32)को घायल अवस्था में श्रीगंगानगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। कल शाम को ही राणा प्रताप कॉलोनी में एक निर्माणाधीन भवन में काम करते ऊंचाई से गिर जाने के कारण एक मजदूर घायल हो गया। घायल हुए मजदूर सोमनाथ (26) निवासी इंदिरा कॉलोनी को रीको उद्योग विहार के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

पूर्व मंत्री के निवास के पास बैंक की हैड कैशियर से लूट

» बाइक सवार दो नकाबपोश पर्स ले उड़े

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय जी ब्लॉक में पूर्व मंत्री राधेश्याम के निवास के समीप कल शाम लगभग 5 बजे दो नकाबपोश युवक एक बैंक की हैड कैशियर महिला का पर्स लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास मकानों तथा प्रतिष्ठानों पर लगे प्राइवेट सीसीटीवी कैमरा की फुटेज से लूट करने वालों की पहचान करने के प्रयास किया जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मीरा विहार निवासी ममता शर्मा (39) द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया है।ममता शर्मा 18 सी- ब्लॉक स्थित यूनियन बैंक में हैड कैशियर है। वह कल शाम 5 बजे ड्यूटी करने के बाद एक्टिवा स्कूटर पर अपने घर जा रही थी। बैंक से रवाना होने के 3 मिनट बाद ही पूर्व मंत्री राधेश्याम कोठी मार्ग पर लूट हो गई। ममता ने पुलिस को बताया कि उसने अपना पर्स स्कूटर पर आगे बास्केट में रखा था। अचानक मोटरसाइकिल पर आए दो युवक पर्स लेकर भाग गए। पर्स में बैंक की सैफ और सैफ रुम के गेटों की चाबियां, उसका मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और कुछ रुपए थे। घटना की जांच कर रहे हवलदार राजकुमार ने बताया कि लूट करने वाले युवकों की पहचान करने के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लुटेरे युवक बैंक से ही ममता का पीछा कर रहे थे।

दोस्तों के साथ नहर पर नहाने गए युवक की डूबने से मौत

श्रीगंगानगर। घमूडवाली थाना क्षेत्र में गंग कैनाल के जीवनदेसर हैग के समय पर दोस्तों के साथ बारहमासी नहर में नहाते समय एक युवक की मौत हो गई। घटना की जांच कर रहे हवलदार जयप्रकाश ने बताया कि चक 2 तथा 4 एमके निवासी चार युवक कल दोपहर को जीवनदेसर हैड के नजदीक बारहमासी नहर में नहा रहे थे। इसी दौरान एक युवक डूब गया। उसके साथी युवकों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग भाग कर आए। उन्होंने डूबे युवक को बाहर निकला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान संदीप लुहार (19) निवासी चक 4- एमके के रूप में हुई।उसके पिता दानाराम लुहार द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग की गई है। दानाराम ने बताया कि कल दोपहर अजय,प्रिंस और देवकरण नामक युवक उसके बेटे संदीप को लेकर नहर पर नहाने के लिए आए थे। इसी दौरान उसका बेटा डूब गया। पुलिस ने संदीप की लाश कल शाम को ही पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को दे दी।

पुलिस के पीछा करने पर बदमाश गाड़ी छोड़कर हो गए फरार, अवैध हथियार बरामद

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

जिले के संगरिया थाना क्षेत्र के गांव कीकरवाली में कल शाम को गांव में रंजिश के चलते अवैध हथियार लेकर एक गाड़ी में घूम रहे बदमाशों का सूचना मिलने पर पुलिस ने पीछा किया तो वे एक घर में गाड़ी छोड़कर दीवारें फांदते हुए फरार हो गए। पुलिस को बदमाशों की बोलेरो गाड़ी में एक देसी कट्टा और जीवित कारतूस मिला। पुलिस ने गाड़ी को भी जब्त कर लिया । भागने वाले बदमाशों की पहचान सलीम, हजरत बिलाल उर्फ हज्जू और नूर नबी निवासी कीकरवाली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सीआई धर्मपालसिंह ने बताया कि इन बदमाशों की गांव में कुछ लोगों से रंजिश है। यह बदमाश कल इसी रंजिश के चलते दूसरे पक्ष से झगड़ा फसाद करने की मंशा से घूम रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम को गांव में भेजा गया। पुलिस को देखकर यह बदमाश बोलेरो गाड़ी अपने घर में खड़ी कर दीवारें फांदते हुए भाग गए। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है।

डकैती का एक और आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। मटीली राठान थाना क्षेत्र में विगत जनवरी माह में पंजाब से किन्नू के बाग का ठेका लेने आए एक युवक का अपहरण कर नगदी लूट लेने की घटना में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया यह आरोपी अमनदीप निवासी चक 4 बीबी का निवासी है। पूर्व में इस वारदात में करणपाल उर्फ करणी, बेअंतसिंह तथा हीरालाल मेघवाल को गिरफ्तार किया जा चुका है। पंजाब के फाजिल्का जिले में खाटवा गांव निवासी कुलदीपसिंह के साथ डकैती की यह वारदात जनवरी हुई थी।कुलदीप सिंह को पंजाब के एक ठेकेदार ने साईं के रुपए देकर मटीली राठान थाना क्षेत्र में किन्नू का बाग ठेके पर लेने के लिए भेजा था। कुलदीप देखने आया तभी कुछ बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया। मारपीट कर उसे 31 हजार रुपए तथा मोबाइल फोन आदि सामान लूट लिया था। इस वारदात के दो-तीन आरोपी अभी भी फरार हैं।

लेक्चरार से मारपीट करने का मामला दर्ज

रेलवे कॉलोनी के पार्क में की गई मारपीट, पीड़ित लेक्चरार ने लगाए गंभीर आरोप

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय नेहरू पार्क के समीप श्री गुरुनानक गर्ल्स पीजी कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल हरीश कटारिया, पूर्व कैंटीन संचालक सुशील छाबड़ा तथा एक लेक्चरार महेंद्र राजपाल पर इसी कॉलेज में लेक्चरार रहे अंकुश अरोड़ा(36) से मारपीट करने के आरोप में कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक पंजाब के समीपवर्ती अबोहर शहर में वार्ड नंबर 4 एसबीएस नगर में गली नंबर 2 निवासी अंकुश अरोड़ा (पुत्र मैहरचंद) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर हरीश कटारिया, सुशील छाबड़ा और महेंद्र राजपाल पर मारपीट कर गंभीर चोटे पहुंचने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। हरीश कटारिया मोटिवेशनल स्पीकर होने का दावा करता है।पुलिस को दी रिपोर्ट में अंकुश अरोड़ा ने बताया कि वह 20 जून की शाम 7~50 बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन की रेलवे कॉलोनी के पार्क में लेटा हुआ था। उसने 8:45 बजे की ट्रेन से अबोहर जाना था। करीब 7:50 बजे भगतसिंह कॉलोनी साइड से हरीश कटारिया, सुशील छाबड़ा तथा महेंद्र राजपाल की एक राय होकर आए। सोते हुए उस पर हमला कर दिया। इनके पास कोई नुकीली वस्तु थी, जिससे चोटें मारी। उसके कंधे पर चोट लगी, वही कान को भी नुकीली चीज से वार करके फाड़ दिया। उसके कूल्हे और जांघों पर भी चोटें मारीं। जाते हुए उसे धमकी दे गए कि वह अब गंगानगर आया तो उसे जान से मार देंगे।अंकुश के मुताबिक वह इलाज करवाने के लिए जिला अस्पताल में भर्ती हुआ। अगले दिन 21 जून को उसके कान की सर्जरी हुई। उसके कान में 11 टांके आए हैं। पुलिस को अंकुश ने बताया कि वह श्री गुरु नानक गर्ल्स पीजी कॉलेज में गणित के लेक्चरार पद पर पिछले तीन वर्ष से नियुक्त था। विगत अप्रैल को वाइस प्रिंसिपल तथा दो-तीन अन्य लेक्चररों और पूर्व कैंटीन संचालक के साथ कॉलेज की व्यवस्था की बात को लेकर उसकी अनबन हो गई,जिसके चलते उसे यह लोग धमकियां देते थे कि उसका श्रीगंगानगर में आना बंद करवा देंगे। अंकुश के अनुसार वह 20 जून को श्रीगंगानगर में आत्म वल्लभ जैन कॉलेज और अग्रवाल कॉलेज में इंटरव्यू देने के लिए आया था। उसने अपना मोटरसाइकिल रेलवे कॉलोनी में अपने जानकार संजय नाडा के घर पर खड़ा किया था।शाम को वह रेलवे कॉलोनी के पार्क में आकर लेट गया क्योंकि उसकी ट्रेन रात्रि 8:45 बजे थी। इसी दौरान उसे पर उक्त लोगों ने हमला किया।

कॉलेज में हो रहे थे गलत काम!

पुलिस के मुताबिक अंकुश अरोड़ा ने रिपोर्ट में बताया है कि कुछ महीने पहले कॉलेज में हो रहे गलत काम के मामले में उसने आवाज उठाई थी,जिसको रोकने के प्रयास किए थे। इसी कारण कॉलेज के उक्त तीनों व्यक्तियों से उसके संबंध बिगड़ गए। इन्होंने उसके साथ लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया। उसे कॉलेज से भी रिलीव करवा दिया।अंकुश ने बताया कि उसके साथ मारपीट किए जाने के समय उक्त तीनों व्यक्तियों ने अपने मुंह पर कपड़े बंद रखे थे।मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गया था। होश में आने पर वह इलाज करवाने के लिए अस्पताल गया।

जीआरपी थाना में भी की शिकायत!

अंकुश अरोड़ा के अनुसार उसने 24 जून को जीआरपी थाना में शिकायत की थी। जीआरपी थाना के हवलदार सूराराम ने उक्त तीनों आरोपियों से बात की।तीनों आरोपियों ने कहा कि वे अंकुश के साथ बैठकर मामला शांत कर लेंगे। उनको दो दिन का समय दिया जाए। बाद में तीनों टालमटोल करने लगे। फिर हवलदार सूराराम ने बताया कि रेलवे कॉलोनी का पार्क, जो कि घटना स्थल है,वह कोतवाली थाना अधीन आता है। अंकुश ने कल शाम कोतवाली में इस आशय की रिपोर्ट दी,जिस पर धारा 323,341 और 34 में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जांच सिपाही अनिरुद्ध को दी गई है।

शादी का झांसा देकर यौन शोषण का शिकार बनाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। तीन बच्चों की मां को शादी कर लेने का झांसा देकर लगभग 10 महीने तक यौन शोषण का शिकार बनाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। लालगढ़ जाटान थाना पुलिस ने बताया कि सुरजीतसिंह (25) निवासी महलाना उतरादा थाना राजगढ़,जिला चूरु को गिरफ्तार किया गया है।अदालत में पेश करने पर उसका एक दिन का डिमांड मिला है।लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के एक गांव की मूल निवासी पीड़ित युवती चुरू जिले के राजगढ़ थाना इलाके के ही एक गांव में विवाहित है। पुलिस के अनुसार करीब 35 वर्षीय पीड़िता तीन बच्चों की मां है। उसके द्वारा विगत 24 मई को दी गई रिपोर्ट के आधार पर सुरजीतसिंह पर शादी करने का झांसा देकर लगभग 10 महीने तक यौन शोषण करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता की सुरजीतसिंह से इंस्टाग्राम पर जान पहचान हुई थी जो बाद में कथित रूप से गहरी मित्रता में तब्दील हो गई। पीड़िता का आरोप है कि जब वह लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र में अपने पीहर गांव आई हुई थी, तब सुरजीत सिंह ने यहां आकर भी उसके साथ शादी करने का वायदा करके यौन संबंध बनाए थे।बाद में वह शादी करने से इनकार कर गया।

तीन महीने पहले खाना बनाते झुलसी युवती की मौत

श्रीगंगानगर। स्थानीय नेहरानगर निवासी एक युवती कविता (27) की कल देर रात को जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। जवाहरनगर थाना पुलिस ने बताया की कविता लगभग 3 महीने पहले घर में खाना बनाते गैस सिलेंडर की पाइप लीक होने से पहले हुए कपड़ों में आग लगने से बुरी तरह से जल गई थी। घटना की जांच कर रहे एएसआई सूरजभान ने बताया कि घटना के समय कविता का परिवार एसएसबी रोड पर चक 3-ई (छोटी) की गली नंबर 5 में रहता था। इसी दौरान कविता बुरी तरह से जल गई थी।उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ दिन उसका शिव चौक के समीप एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भी इलाज चला। हालत में सुधार नहीं होने पर कविता को जयपुर भी ले जाया गया था। कुछ दिन पहले उसे वापस श्रीगंगानगर लाया गया। कविता के भाई ने बताया कि उसकी हालत में कुछ सुधार हो गया था। कल रात तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कविता का पति कुमौद मुखिया मजदूरी करता है। कविता के तीन बच्चे हैं। आज उसका शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया।

पंचकुण्डीय महायज्ञ के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का समापन

» श्री गोविंद धाम गौशाला में 14 जून से चल रहे थे धार्मिक कार्यक्रम

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन में अबोहर मार्ग स्थित श्री गोविंद धाम गौशाला में श्री गौशाला सेवा समिति की ओर से 14 जून से आयोजित किए जा रहे धार्मिक कार्यक्रमों का विधिवत समापन शुक्रवार को हवन यज्ञ व संत सम्मेलन के साथ हुआ। यह कार्यक्रम स्वामी महादेव महाराज की दसवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में हुआ। धार्मिक कार्यक्रम के तहत गोशाला परिसर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 14 जून से श्री अखण्ड रामायण पाठ और गीता पाठ का वाचन हो रहा था। इस दौरान अनवरत 767 श्री रामायण पाठ और श्री गीता पाठ का वाचन हुआ। इसी के साथ असंख्य श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। 21 जून से आयोजित किए जा रहे श्री मद् भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन भी शुक्रवार को हुआ। कथा का वाचन स्वामी दयानंद शास्त्री ने किया। श्री अखण्ड रामायण एवं गीता पाठ और असंख्य हनुमान चालीसा का वाचन क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए किया गया। श्री गीता व रामायण पाठ का वाचन अनवरत चला। इसी क्रम में प्रतिदिन सुबह आठ बजे पाठ पूजन हुआ। प्रतिदिन शाम साढ़े सात बजे से नौ बजे तक संत प्रवचन और भक्तमाल कथा का वाचन हुआ। शुक्रवार को सुबह साढ़े पांच बजे पंचकुण्डीय महायज्ञ, सुबह साढ़े आठ बजे संत प्रवचन और श्रद्धाजंलि का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद भण्डारा लगाया गया। इससे पहले शुक्रवार सुबह हवन यज्ञ के पश्चात संत सम्मेलन हुआ। इसमें गोविन्दानंद महाराज, सुरेश मुनी महाराज, भुमादास महाराज, कल्याणस्वरूप महाराज, माधोदास महाराज, परमात्मानंद महाराज, आत्मानंद महाराज, कृष्णानंद महाराज, श्यामनंद महाराज, परमानंद महाराज, शंकरानंद महाराज शामिल हुए। संत सम्मेलन में संतों ने गोरक्षा पर बल देते हुए कहा कि गोमाता को बचाने के लिए पहले हमें खुद को बदलना होगा। हम लोग पॉलिथीन आदि के माध्यम से गायों को मरने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उन्होंने गोहत्या के विरोध में फांसी देने का कानून बनाने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा गौमाता की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की होनी चाहिए। वर्तमान में गायों की दशा पर चिंता जताते हुए कहा कि राष्ट्र और गोरक्षा के लिए युवाओं को आगे आना होगा। कुछ लोग थोड़े से लाभ के लिए गाय को कसाई के हाथ बेच रहे हैं। ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन ऐसा आएगा कि गाय कहीं भी दिखाई नहीं देगी। पहले जब घरों में गोमाता का वास होता था, तब भोजन भी शुद्ध था। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री गोविन्द धाम गोशाला समिति अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया, बीरबल जिन्दल, गोपाल जिन्दल, मनीष बत्तरा, मुकेश महर्षि, सौरभ जिन्दल, लवली चावला, सुल्तान सहू, विजय जांगिड़, महावीर जांगिड़ आदि का सहयोग रहा।

झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने भविष्य सुधार विकास सेवा संस्थान संचालिका के खिलाफ प्रस्तुत किया परिवाद

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल और भविष्य सुधार विकास सेवा संस्थान संचालिका मोनिका जांगिड़ के बीच चल रहा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर थमने की बजाए तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को सीडब्ल्यूसी चेयरमैन गोयल ने जंक्शन पुलिस थाना में परिवाद प्रस्तुत कर मोनिका जांगिड़ पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने व सोशल मीडिया पर झूठे तथ्यों पर आधारित वीडियो वायरल कर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने जंक्शन पुलिस थाना में पेश किए परिवाद में बताया कि विधि-विरुद्ध संस्थान का संचालन करने की शिकायत पर जिला कलक्टर के निर्देशानुसार बाल कल्याण समिति की ओर से जंक्शन के सेक्टर नम्बर 6 में संचालित भविष्य सुधार विकास सेवा संस्थान की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मोनिका जांगिड़ की ओर से विधि विरुद्ध तरीके से भविष्य सुधार विकास सेवा संस्थान का संचालन किया जा रहा है। इस पर बाल कल्याण समिति की ओर से संस्थान संचालिका मोनिका जांगिड़ के खिलाफ कार्रवाई करने लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया। साथ ही राजकीय शिशु गृह में आवासित बालिका से काउंसलिंग के दौरान जांच के आधार पर भविष्य सुधार विकास सेवा संस्थान संचालिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पत्र लिखा गया। इस पर जंक्शन पुलिस थाना में धारा 370 आईपीसी, 42 जेजे एक्ट व 89 दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अब बाल कल्याण समिति को सूचना मिली कि मोनिका जांगिड़ की ओर से सात नाबालिग बच्चों को भविष्य सुधार विकास सेवा संस्थान में अवैध रूप से रखा हुआ है। सूचना मिलने पर बाल कल्याण समिति व पुलिस प्रशासन की ओर से गुरुवार को भविष्य सुधार विकास सेवा संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से रखे गए दो नाबालिग बच्चों को दस्तयाब किया गया। शेष पांच बच्चों के बारे में मोनिका जांगिड़ ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके अलावा औचक निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड में भी काफी अनियमितता पाई गई। इसके संबंध में जांच चल रही है। जितेन्द्र गोयल ने आरोप लगाया कि औचक निरीक्षण के दौरान मोनिका जांगिड़ ने उसे धमकी दी कि समाज में उसकी प्रतिष्ठा को इस तरह बदनाम कर देगी कि वह समाज में मुंह दिखाने के लायक नहीं रहेगा। उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मोनिका जांगिड़ ने धमकाया कि वह उसके खिलाफ की जा रही कार्रवाई को रोक दे, अन्यथा अंजाम अच्छा नहीं होगा। इसके बाद मोनिका जांगिड़ ने दबाव बनाने के लिए उसके खिलाफ एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंप कई आरोप लगाए। जितेन्द्र गोयल के अनुसार उसे धमकाने व ब्लैकमेल करने के आशय से मोनिका जांगिड़ की ओर से सोशल मीडिया पर झूठे तथ्यों पर आधारित वीडियो वायरल कर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल किया जा रहा है। गोयल ने मोनिका जांगिड़ के खिलाफ झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने, समाज में मान-सम्मान व प्रतिष्ठा को धूमिल करने का भय दिखाकर ब्लैकमेल करने तथा झूठे आरोप लगाकर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से बदनाम करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

मारपीट-छीनाझपटी के प्रकरण में वांछित आरोपी गिरफ्तार

» चाय के पैसे मांगने पर प्रौढ़ पर हमला कर गल्ले से नकदी निकालकर ले जाने का मामला

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। टाउन थाना पुलिस ने मारपीट-छीनाझपटी के प्रकरण में वांछित एक आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इससे पहले एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर पुलिस न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा चुकी है। जांच अधिकारी एएसआई सूरजभान ने बताया कि 6 नवंबर 2023 को सुखदेव सिंह (60) पुत्र वीरसिंह जटसिख निवासी गली नम्बर 11, नई आबादी, वार्ड 25, टाउन ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि वह टाउन के बस स्टैंड के बाहर बजाज पेट्रोल पम्प के सामने हनी टी स्टाल पर चाय आदि बनाने का कार्य करता है। वह 5 नवंबर 2023 की देर शाम करीब 7 बजे दुकान पर अकेला बैठा था। तभी दुकान पर कालिया वाल्मीकि, विनोद उर्फ बोदू, दीपक पण्डित उर्फ रामप्रसाद, बिट्टू उर्फ जसपाल पुत्र सुरजीत सिरकीबंद आए। इन्होंने चिट्टे का नशा किया हुआ था। इन सभी ने दुकान में आते ही चाय बनाने को कहा। उसने चाय बनाकर इन्हें पिला दी। जब उसने चाय के पैसे मांगे तो ये सभी उसे गालियां निकालने लगे। इनमें से एक जने ने उसके सिर में लोहे की रॉड मारी जबकि एक जने ने पिस्टल निकाल ली। दुकान के गल्ले में रखे पांच हजार रुपए निकाल लिए। सिर में चोट लगने से वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। उसे अधमरा कर यह लोग वहां से भाग गए। तभी दुकान मालिक अमन खुराना व पड़ोसी ने आकर उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जांच अधिकारी सूरजभान के अनुसार प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान पूर्व में जसपाल उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवाया जा चुका है। इस प्रकरण में फरार चल रहे वांछित विकास उर्फ कालिया (24) पुत्र छगनलाल वाल्मीकि निवासी वार्ड 43, वाल्मीकि मोहल्ला, टाउन को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उससे अनुसंधान जारी है। साथ ही प्रकरण में वांछित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

आरोपी की निशानदेही पर आरसी बरामद

» कोर्ट के आदेश पर भिजवाया न्यायिक अभिरक्षा में

हनुमानगढ़। लाइब्रेरी के बाहर खड़ी बाइक बाइक चोरी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर जंक्शन थाना पुलिस ने चोरीशुदा बाइक की आरसी बरामद कर ली। अनुसंधान पूर्ण कर पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार पुत्र मदनलाल मेघवाल निवासी 45 एनडीआर, पीएस पीलीबंगा को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। गौरतलब है कि 27 अप्रेल को अरुण खान (22) पुत्र संजय खान निवासी 6/370 आरएचबी कॉलोनी, जंक्शन ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह 25 अप्रेल को सुबह करीब 10 बजे अपनी बाइक नम्बर आरजे 31 एसएन 4460 पर सवार होकर जंक्शन बस स्टैंड के पीछे स्थित अमरीक लाइब्रेरी में पढ़ाई करने के लिए आया था। बाइक लाइब्रेरी के सामने खड़ी कर अन्दर चला गया। पीछे से कोई व्यक्ति बाइक चोरी कर ले गया। उसने शाम करीब 5.30 बजे बाइक सम्भाली तो नहीं मिली। लाइब्रेरी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की तो अपराह्न 3.30 बजे एक व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल राजकुमार सिहाग को सौंपी। जांच अधिकारी ने मुकदमा दर्ज होने के तीसरे दिन 30 अप्रेल को बाइक चोरी करने की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी संदीप कुमार (23) पुत्र रामचन्द्र निवासी 44 एनडीआर पीएस पीलीबंगा को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली। प्रकरण में संलिप्त दूसरा आरोपी राकेश कुमार फरार चल रहा था। उसे पुलिस ने गुरुवार को धर दबोचा।

ट्रैक्टर एजेंसी पर कार्य करने वाले किशोर पर हमला

» नामजद नामजद व 4-5 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हनुमानगढ़। जंक्शन में ट्रैक्टर एजेंसी पर कार्य करने वाले किशोर पर कुछ जनों ने बस स्टैंड में हमला कर दिया। सिर में ईंट से वार कर किशोर को घायल कर दिया। इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में चार नामजद व 4-5 अन्य जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार अनमोल सिंह (17) पुत्र सुखचैन सिंह जटसिख निवासी वार्ड दो, हिरणावाली ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह जंक्शन में टाउन रोड पर स्थित ट्रैक्टर एजेंसी में कार्य करता है। बुधवार सुबह करीब 9 बजे वह जंक्शन बस स्टैंड पहुंचा। बस स्टैड से पैदल अपने कार्यस्थल पर जाने लगा। तभी आकाशदीप पुत्र वीरासिंह, कालू पुत्र निर्मल, अर्शमान पुत्र अजायब सिंह निवासी हिरणावाली, असलीम खां निवासी नवां व 4-5 अन्य व्यक्ति हाथों में ईंटें लेकर आए और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट करने लगे। सिर में ईंट से वार कर चोट मारी। मौके पर मौजूद शिवकरण निवासी चिश्तियां व अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उसे छुड़वाया। इस पर यह लोग मारपीट कर आइंदा जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। इसके अगले दिन गुरुवार को असलीम ने उसे फोन कर गालियां निकाली एवं जान से मारने की धमकी दी। अनमोल सिंह के अनुसार उक्त व्यक्ति बदमाश प्रवृत्ति के हैं जो उसे बार-बार धमकी दे रहे हैं। यह लोग किसी भी समय कोई भी अनहोनी कर सकते हैं। जान-माल का नुकसान पहुंचा सकते हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल अशोक को सौंपी है।

पल्लेदार यूनियन का सम्मेलन सम्पन्न

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

अनाज मण्डी लेबर एण्ड पल्लेदार मजदूर यूनियन सीटू का पांचवा सम्मेलन अनाज मण्डी गोलूवाला में संपन्न हुआ। यूनियन के अध्यक्ष श्यामलाल द्वारा झंडारोहण कर जनता के जनवादी आंदोलनों में शहीद हुए साथियों को पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मेलन की शुरुआत हुई। सबसे पहले शोक प्रस्ताव रखा गया जिसमें पिछले सम्मेलन से लेकर आज तक जो साथी हमारे बीच नहीं रहे और देश की सेवा में रक्षा करते हुए हमारे देश के जवान और किसान आंदोलन में शहीद हुए किसान और मणिपुर में जातीय हिंसा में जो शहीद हुए व साम्राज्यवादी हमले में शहीद हुए जनता और सैनिको को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सीटू जिला महासचिव कामरेड शेर सिंह शाक्य ने कहा कि देश में एक बार पुनः बैसाखियों के सहारे केंद्र में मोदी सरकार स्थापित हुई है देश की जनता ने मोदी के अहंकार को तोड़ा है और उनकी 400 पार को पछाड़कर 240 पर लाकर छोड़ दिया ऐसे दौर में हालांकि मोदी का घमंड टूटा है फिर भी यह कॉर्पोरेट नीति सरकार मेहनतकश अवाम और मजदूरों के खिलाफ काम करेगी वहीं प्रदेश में भाजपा की सरकार द्वारा जो वादे किए गए थे एक भी वादा पूरा नहीं किया गया जहां प्रदेश में भाजपा द्वारा यह स्लोगन दिया गया की महिलाओं पर अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान आज देश में सबसे ज्यादा घटनाएं महिलाओं पर अत्याचार की रोजाना राजस्थान में बढ़ रही है दूसरी तरफ बिजली नहीं होने से पूरे प्रदेश में हाहाकार मची हुई है और सरकार अपनी उपलब्धियां बताने में जुटी हुई है वही मजदूरों को अपनी समस्याओं को लेकर एकजुट होकर तीखे संघर्ष करने की जरूरत है आने वाले समय में जिस तरीके से किसानों की कर्ज माफी एमएसपी पर खरीद मजदूरों के श्रम कानूनों में संशोधन महिला उत्पीड़न महंगाई आदि मुद्दों को लेकर संघर्षों को और तीखा करने पर बल दिया। कामरेड बहादुर सिंह चौहान ने मंच संचालन किया। इसके पश्चात सचिव ने यूनियन की रिपोर्ट पेश की गई और लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया जिसे सर्व समिति से पारित किया गया। उसके पश्चात कमेटी का गठन किया गया जिसमें कामरेड श्यामलाल अध्यक्ष, कामरेड रामकुमार को कोषाध्यक्ष, कामरेड बुधराम को सचिव व कामरेड़ रवि कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। उसके पश्चात सीटू जिला अध्यक्ष कामरेड आत्मा सिंह ने समापन भाषण देते हुए बताया कि आज के समय में मजदूरों की एकता ही काम करेगी एकता के शिवाय मजदूरों के पास कोई रास्ता नहीं है एकता संघर्ष और समाजवाद के नारे को लेकर सीटू का गठन हुआ था और इसी रास्ते पर चलते हुए एकताबध होकर संघर्ष के पथ पर आगे बढ़ते हुए मजदूरों के हक और हकूक के लिए संघर्षों को तीखा करने की जरूरत पर बल दिया गया।

नाबालिग लड़कियों की बरामदगी की मांग

» परिजनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप दी आंदोलन की चेतावनी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

दो नाबालिग लड़कियों का अपहरण करने के आरोप संबंधी धारा के तहत टिब्बी पुलिस थाना में दर्ज दो अलग-अलग मुकदमों में कार्रवाई करने की मांग के संबंध में लड़कियों के परिजनों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। बहुजन समाज पार्टी विधानसभा इकाई हनुमानगढ़ के बैनर तले सौंपे गए ज्ञापन में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर ले जाने के आरोप में टिब्बी पुलिस थाना में कृष्ण के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था। मुकदमा दर्ज करवाने के करीब 20 दिन बाद भी न तो पुलिस ने उसकी नाबालिग पुत्री को बरामद किया है न ही आरोपी कृष्ण को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी की ओर से आजकल-आजकल का कहकर टालमटोल की जा रही है। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर ले जाने के आरोप में बलदेव सिंह, कृष्णसिंह, राजूसिंह के खिलाफ टिब्बी पुलिस थाना में नामजद मुकदमा दर्ज करवाया था। लेकिन मुकदमा दर्ज करवाने के करीब 12 दिन बाद भी उसकी पुत्री को पुलिस दस्तयाब नहीं कर पाई है। नामजद आरोपी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। बसपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष लालचन्द मेघवाल ने कहा कि यह दोनों मामले अनुसूचित जाति की नाबालिग लड़कियों से जुड़े हैं। टिब्बी पुलिस की ओर से दोनों मामलों को गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा। लड़कियों के परिजन पुलिस थाना के चक्कर लगाने को मजबूर हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई है। नाबालिग लड़कियों के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द इन दोनों मामलों में कार्रवाई नहीं हुई तो बसपा कार्यकर्ता लड़कियों के परिजनों के साथ आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन के माध्यम से दोनों लड़कियों की बरामदगी व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई।

पानी निकासी की उचित व्यवस्था करवाने की मांग

» ग्रामीणों ने जिला कलक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पानी निकासी की उचित व्यवस्था करवाने की मांग के संबंध में गांव जोड़कियां के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलक्टर के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव जोड़कियां के वार्ड नम्बर एक में आईसीआईसीआई बैंक से लेकर सोहन लाल के घर के पास से होते हुए सरकारी स्कूल तक, हरमेश भुकल के घर से सोहनलाल नायक व चंदूराम गोदारा के घर से भूपराम चालिया के घर तक पानी की निकासी न होने की समस्या लम्बे समय से बनी हुई है। इस गली के सभी घरों से निकलने वाले पानी की निकासी नाली में न होने के कारण घरों की दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। सोहनलाल नायक के घर के सभी कमरें दरारें आकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। अगर समय रहते पानी निकासी की समस्या का समाधान नहीं होता है तो आगामी बरसाती मौसम में सभी घरों के कमरे क्षतिग्रस्त होने का खतरा है। ग्रामीणों के अनुसार पानी निकासी के संबंध में ग्राम पंचायत के अधिकारियों व सरपंच को कई बार अवगत करवाया जा चुका है लेकिन हम किसी ने सुनवाई नहीं की। जब उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी से फोन पर बात की तो उनका कहना था कि अगर उनके घरों में पानी घुस गया है तो क्या वह उनके मकान नए बनाकर दे दे। ग्रामीणों ने मांग की कि वार्ड में पानी निकासी की उचित व्यवस्था करवाई जाए।

इस मौके पर रामकुमार, संदीप, सोहनलाल, विनोद, अनिल, लालचन्द, महावीर, रतन, कृष्ण, राजेश कुमार, दीनदयाल, सुनील, शीशपाल, दीपक दुपग्गा सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

ई-रिक्शा चालक पर हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

» बरामदगी के प्रयासों में जुटी पुलिस

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। ई-रिक्शा चालक पर धारदार हथियारों से हमला कर गम्भीर चोटें मारने के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए जंक्शन थाना पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में चार जून को पर्चा बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ था। जांच अधिकारी एएसआई कृष्णलाल बिश्नोई ने बताया कि जंक्शन के सेक्टर 12, वार्ड 8 निवासी हरजिन्द्र सिंह (28) पुत्र बलविन्द्र सिंह ने 4 जून को पर्चा बयान में बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। उसका छोटा भाई जसप्रीत सिंह नशा करने का आदी है जो पुरानी खुंजा निवासी भाला उर्फ भालिया बिश्नोई के पास अपनी स्कूटी एक हजार रुपए में गिरवी रखकर नशा खरीदकर लाया था। भाला बिश्नोई नशे का कारोबार करता है। उसने स्कूटी वापस लेने के लिए भाला बिश्नोई के साथ बात की तो भाला ने गाली-गलौज की। इसके बाद वह शाम को अपने भाई जसप्रीत सिंह व वकील के साथ ई-रिक्शा लेकर भाला बिश्नोई के घर के पास गया। उसने भाला बिश्नोई को बाहर बुला लिया। भाला बिश्नोई के साथ इरफान निवासी सेक्टर नम्बर 12 भी था। उसने स्कूटी लौटाने को कहा तो भाला बिश्नोई ने बाहर आते ही उसे गर्दन से पकड़ लिया और डंडे से वार शुरू कर दिए। भाला बिश्नोई अन्दर से कापा व बरछी लेकर आया और पहले उसके भाई पर वार किया। उसका भाई भाग गया। वह वहां पर अकेला रह गया। भाला बिश्नोई व इरफान ने उसे नीचे लेटाकर मारपीट की। धारदार हथियार से वार किए। ई-रिक्शा भी तोड़ दिया। इसके बाद भाला बिश्नोई पिस्टलनुमा हथियार लेकर आया। उसे देखकर वह किसी तरह वहां से भागने लगा। वहां से जा रहे एक युवक ने उसे बाइक पर बैठाकर घर पहुंचाया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जांच अधिकारी के अनुसार मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। प्रकरण में कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आरोपी इरफान अली शाह (30) पुत्र गुलाम शाह व देवेंद्र कुमार उर्फ भाला (32) पुत्र साहिब चंद बिश्नोई दोनों निवासी वार्ड 10, सेक्टर नम्बर 12, पुरानी खुंजा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से अनुसंधान कर बरामदगी आदि के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में कांस्टेबल सुरेन्द्र सांखला की विशेष भूमिका रही।

किसी भी कंपनी का
जीवन स्वास्थ्य
गाड़ी प्रोपर्टी
बीमा कम से कम रेट
पर करवाने के लिए सम्पर्क करें
विकास शर्मा
99585-95529
श्वेता शर्मा
97839-11999

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक का आयोजन

तेज | कैलाश सोनी. सूरतगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ की सेक्टर मीटिंग का आयोजन प्रातः 10 बजे खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मीटिंग हॉल में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर दीपक वर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें उप स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ, एएनएम और आशाएं उपस्थित रही। बैठक में तंबाकू निषेध कार्यक्रम एवं एनसीडी के कार्यों और प्रगति रिपोर्ट का मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई। साथ ही सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर दया तनेजा ने आयुष्मान कार्ड वितरण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी को 30 जून को मनाया जाने वाले पोलियो दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर दीपक वर्मा, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर हंसराज भाटी, स्टोर इंचार्ज तरुण सोनी, एलएचवी प्रेमलता वीडी, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर दया तनेजा, एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर योगेश बोहरा आदि उपस्थित रहे।



मैं जैसी हूं, वैसी ही रहूंगी पौलोमी दास

बिग बॉस ओटीटी शो की कंटेस्टेंट एवं एक्ट्रेस पौलोमी दास ने कहा, मैं जैसी हूं, मैं वैसी ही रहूंगी। मैं इस जर्नी में खुद को खोना नहीं चाहती। इस शो के लिए हां कहने के पीछे की वजह के बारे में पौलोमी ने बताया, मैं कुछ महीने पहले तक तैयार नहीं थी, क्योंकि यह एक बहुत ही मुश्किल शो है।

ऐसा नहीं है कि आप कुछ टास्क करके निश्चिंत हो जाएंगे। इस शो के लिए आपको मेंटली स्ट्रांग होना होगा। पौलोमी ने कहा, मुझे लगा कि इस शो का हिस्सा बनने का यही सही समय है, क्योंकि मेरी जिंदगी में कुछ ऐसा चल रहा था, कुछ ऐसी चीजें जो गड़बड़ा गईं, लेकिन कहीं न कहीं मेरे साथ जो हुआ वह सही था। इसलिए, मुझे शो के लिए हां कहना पड़ा। मुझे लगता है कि यह शो मुझे एक अलग इंसान बना देगा, और मुझे वह चीज भी देगा जिसकी मुझे तलाश है।मंत्र के बारे में बात करते हुए, पौलोमी ने कहा, मैं जैसी हूं, मैं वैसी ही रहूंगी। मैं इस जर्नी में खुद को खोना नहीं चाहती। शो में मेंटल ब्रेकडाउन को हैंडल करने के बारे में पौलोमी ने कहा, मुझे लगता है कि मैं उस वक्त बस जोर से रो पड़ूंगी। अगर मुझे रोने की जरूरत है, तो मैं रो दूंगी, क्योंकि उसके बाद दिल शांत हो जाता है। अगर आप अपने इमोशन्स को बाहर निकालते हैं, तो आपके दिल के अंदर चीजें सुलझ जाती हैं।

उन्होंने कहा, शो के अंदर मैं बहुत से लोगों का ऑब्जर्व करूंगी, और कभी-कभी अगर इसकी जरूरत हुई तो मैं उनसे सीखूंगी, लेकिन साथ ही मुझे उसमें पौलोमी का टच भी डालना होगा।बिग बॉस ओटीटी 3 में टीवी एक्टर साई केतन राव और सना मकबूल, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना सुल्तान खान, विशाल पांडे और लवकेश कटारिया, वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दो पत्नियां पायल और कृतिका, एस्ट्रोलॉजर मुनीषा खटवानी, बॉक्सर नीरज गोयत, रैपर नावेद शेख उर्फ नैजी और यूट्यूब सेंसेशन शिवानी कुमारी जैसे कंटेस्टेंट्स हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार अनिल कपूर द्वारा होस्ट किया जाने वाला यह शो जियोसिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीम हो रहा है।

बता दें कि एक्ट्रेस-मॉडल बनने से पहले पौलमी मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम करती थीं। उन्होंने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर इंडस्ट्री में कदम रखा। वह एक्टिंग करना चाहती थीं, वह सांवले स्किन टोन की वजह से कई बार रिजेक्ट हुईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और ऑडिशन दिया। वह 2016 में इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल के दूसरे सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आईं और फाइनलिस्ट बनीं। उसी साल वह स्टार प्लस के शो सुहानी सी एक लड़की में बेबी के किरदार में नजर आईं। उन्होंने दिल ही तो है में काम किया।

चुनाव हारने के बाद फिल्म की ओर लौटे निरहुआ

भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने चुनाव में हारने के बाद सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है। उन्होंने हाल ही में एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था, जिसमें सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने उन्हें करीब सत्तर हजार वोटों से हरा दिया।

सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा। उन्होंने कहा कि संकल्प की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। फिल्म बेहतरीन है और मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को यह पसंद आएगी। निरहुआ ने संकल्प की कहानी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह फिल्म एक आम आदमी के संघर्ष और उसके दृढ़ संकल्प पर आधारित है। उन्होंने कहा, मैं फिल्म में मुख्य किरदार निभा रहा हूं और एक ऐसे युवक का किरदार निभा रहा हूं, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई मुश्किलों का सामना करता है। यह युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक फिल्म है। संकल्प राजघराना फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग अलग-अलग लोकेशन पर की गई है। फिल्म के निर्माताओं ने दावा किया कि इसमें शानदार गाने और दमदार म्यूजिक है। फिल्म मेकर आदित्य कुमार झा ने कहा कि निरहुआ ने पूरी टीम के साथ मिलकर बहुत मेहनत की है और उम्मीद है कि उनकी परफॉर्मेंस एक बार फिर दर्शकों को पसंद आएगी।

दिनेश विजान की मूवी में साथ आ रहे आयुष्मान खुराना और रश्मिका

निर्माता दिनेश विजान की हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंज्या इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई कर रही है। कल्कि 2898एडी के प्रदर्शन से पूर्व फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 89 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर है। निर्देशक को पूरा विश्वास है कि उनकी फिल्म 100 करोड़ी क्लब में आसानी से शामिल होगी। वैसे वैश्विक स्तर पर फिल्म ने 100 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। प्रशंसकों को इसकी कहानी खूब पसंद आ रही है। फिल्म की सफलता से खुश निर्देशक आदित्य सतपोदार और दिनेश विजान एक और अनोखी हॉरर कॉमेडी बनाने के लिए तैयार हैं। अब दोनों मिलकर 'वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर नामक एक अनोखी फिल्म लाने वाले हैं। अपनी इस फिल्म के लिए उन्होंने मुख्य भूमिका में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना को साइन किया है। यह जोड़ी पहली बार एक साथ किसी फिल्म में नजर आएगी। फिल्म की शूटिंग नवंबर से शुरू होगी। इससे पहले आयुष्मान, करण जौहर की अनटाइटल्ड स्पाई-थ्रिलर और अनुराग सिंह निर्देशित 'बॉर्डर 2' की शूटिंग पूरी करने वाले है। उनकी पिछली फिल्म पिछले साल आई 'ड्रीम गर्ल 2' थी। दूसरी ओर, रश्मिका साउथ इंडियन स्टार अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2' की शूटिंग पूरा करेंगी। 'पुष्पा 2' अब 6 दिसंबर को रिलीज होगी।

9 साल के फिल्मी कैरियर 1 हिट... फिर भी फीस 7 करोड़

आज हम आपको उस स्टार के बारे में बताते हैं, जो 1 साल की उम्र से फिल्मों में काम कर रहे हैं। लेकिन पूरे करियर में उन्होंने सिर्फ एक ही हिट फिल्म दी है, लेकिन उनका स्टारडम आज भी बरकरार है। अभिनेत्री को आज भी एक मूवी में काम करने के लिए करोड़ों की फीस मिलती है। वे कोई और नहीं बल्कि अखिल अक्किनेनी हैं। अखिल, साउथ फिल्म इंडस्ट्री के हाईएस्ट पेड सुपरस्टार नागार्जुन के बेटे और नागा चैतन्य के सौतेले भाई हैं। उनका जन्म कैलिफोर्निया में हुआ था। उन्होंने 16 साल की उम्र में अभियन को अपना करियर बनाया। अखिल अक्किनेनी ने महज 1 साल की उम्र में पिता की फिल्म में काम किया था। साल 1995 में नागार्जुन की फिल्म सिसिंदरी रिलीज हुई थी, जो असल में बेबीज डे आउट का हिंदी रीमेक था। फिल्म में अखिल पिता नागार्जुन के साथ नजर आए थे। बतौर लीड अभिनेता अपने करियर की शुरुआत करने से पहले अखिल अक्किनेनी ने फिल्म मनम में कैमियो किया था। उन्होंने साल 2015 में फिल्म अखिल से शुरुआत की। उनकी अभिनय की तारीफ हुई, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई। इसके बाद अखिल की दो फिल्में हैलो और मिस्टर मजनू भी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। उन्हें बॉक्स ऑफिस पर पहली सफलता फिल्म मोस्ट एलिजिबल बैचलर से मिली, जिसमें पूजा हेगड़े ने भी काम किया था। यह फिल्म अखिल अक्किनेनी के 9 साल के पूरे करियर में उनकी एकमात्र हिट है।

सैयामी खेर करेगी सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर

बालीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर अपकमिंग फिल्म में सनी देओल के साथ काम करती नजर आएंगी। जब से बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने देश की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म को लेकर साउथ डायरेक्टर गोपीचंद मलिनेनी के साथ हाथ मिलाया है, तब से फैंस इस बात को जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस कौन होंगी।

मेकर्स ने अब एक्ट्रेस के नाम से पर्दा उठा दिया है। सैयामी ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए कहा कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद एक्साइटेड हैं। एक्ट्रेस ने कहा, सनी देओल के साथ काम करना सम्मान की बात है, यह सपना सच होने जैसा है। घूमर के बाद, यह प्रोजेक्ट मेरे करियर में बेहद अहमियत रखता है। इस कमर्शियल फिल्म की शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे यह अवसर मिला है। फिल्म के लिए गोपीचंद मलिनेनी का दृष्टिकोण वास्तव में बहुत शानदार है। मैं इस जर्नी के शुरू होने का इंतजार कर रही हूं। मुझ पर विश्वास करने और क्षमताओं को दिखाने का मौका देने के लिए मैं निर्माताओं की आभारी हूं।

फिल्म को ऑफिशियल तौर पर 20 जून को हैदराबाद में लॉन्च किया गया था। शूटिंग 22 जून से शुरू होने वाली है।प्रोडक्शन बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर फिल्म की घोषणा की और लिखा, देश की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म के लिए तैयार हो जाइए- एसडीजीएम, स्टारिंग एक्शन सुपरस्टार सनी देओल। ट्वीट में आगे कहा गया, मास फेस्ट लोड हो रहा है! शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। गोपीचंद मलिनेनी ने तेलुगु इंडस्ट्री में 2010 में एक्शन कॉमेडी फिल्म डॉन सीनू से निर्देशन में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने बॉडीगार्ड, बालुपु, पंडगा चेस्को, विनर और क्रैक जैसी फिल्मों को डायरेक्ट किया। वहीं वर्कफ्रंट की बात करें तो सनी जल्द ही ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर के सीक्वल में भी नजर आएंगे। हाल ही में, बॉर्डर फिल्म ने अपने रिलीज के 27 साल पूरे किए। फिल्म 13 जून 1997 में रिलीज हुई थी। बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट करते हुए सनी ने लिखा, एक फौजी अपने 27 साल पुराने वादे को पूरा करने आ रहा है फिर सेज्इंडिया की सबसे बड़ी वॉर फिल्म बॉर्डर 2..। सनी के झोली में बाप, सूर्या और अपने 2 जैसी फिल्में भी हैं। बता दें कि अपकमिंग फिल्म का नाम अभी फाइनल नहीं हुआ है, इसलिए इस फिल्म को फिलहाल एसडीजीएम कहा जा रहा है। यह दो नामों सनी देओल और गोपीचंद मलिनेनी से मिलकर बना है।

धर्मेंद्र के डूबते कैरियर को....

नई अभिनेत्री ने बचाया था

80 के दशक में जब धर्मेंद्र लगातार फ्लॉफ फिल्म दे रहे थे, तब कॉमेडी फिल्म नौकर बीवी का ने उनकी डूबती नईया को पार लगाया था। फिल्म के जरिए धर्मेंद्र ने फिर से अपनी चमक वापस पाई थी। उनके करियर के लिए अनिता काफी लकी साबित हुई थीं। कहा जाता है कि यह वहीं फिल्म जब धर्मेंद्र का नाम न्यू कमर अभिनेत्री अनीता राज संग जोड़ा गया था। शादीशुदा होते हुए धर्मेंद्र अनिता को डेट करने लगे थे। इसके साथ ही वह डायरेक्टर्स से उनके लिए सिफारिश भी करने लगे थे। रिपोर्ट के अनुसार, नौकर बीवी का धर्मेंद्र और अनीता राज की साथ में पहली फिल्म थी। फिल्म की शूटिंग के दौरान ही धर्मेंद्र और अनीता राज के अफेयर की खबरें सामने आई थीं। 1986 में करिश्मा कुदरत का धर्मेंद्र के साथ अनिता की आखिरी फिल्म थी।

फिल्म में दो लीड हीरोइन थी। हालांकि फिल्म में रीना रॉय को कम टाइम स्पेस मिला था। वहीं नई नवेली होने के बाद भी अनिता राज को रीना से ज्यादा स्क्रीन स्पेस मिला था। फिल्म जब रिलीज हुई रीना से हीं ज्यादा लोगों ने अनिता को पसंद किया। कुल मिलाकर फिल्म में रीना रॉय पर अनिता भारी पड़ी थीं। बता दें कि डायरेक्टर राजकुमार कोहली संग रीना रॉय की दूसरी फिल्म थी। इससे पहले रीना ने फिल्म कोहली की ब्लॉबस्टर फिल्म नागिन में काम किया था। नौकर बीवी का रीना रॉय के करियर के आखिरी फिल्म थी। फिल्म के बाद रीना ने शादी कर फिल्में करना छोड़ दी थीं। रिपोर्ट के अनुसार, अनिता इस फिल्म की पहली पसंद नहीं थीं। उनसे पहले फिल्म को जयाप्रदा को ऑफर किया गया था। हालांकि जया पहले से ही अन्य प्रोजेक्ट में बिजी थीं इसलिए उन्होंने ये फिल्म करने से मना कर दिया था।

हर इंसान दो पत्नियां चाहता है, देवोलीना भट्टाचार्जी ने जताई आपत्ति



'बिग बॉस हमेशा से ही खबरों में चर्चा का विषय रहा है। इस शो में भाग लेने वाले अरमान मलिक को सबसे ज्यादा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शो में केवल वे ही नहीं उनकी दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिक को भी लोग ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम में अरमान ने कहा था कि 'हर आदमी अपने जीवन में दो पत्नियां चाहता है। अब उनके इस बयान पर बिग बॉस फेम देवोलीना भट्टाचार्जी ने आपत्ति जताई है। देवोलीना ने अरमान के बयान को गलत और बेहूदा है और कहा कि उनके उनके इरादे 'अश्लील' हैं।

देवोलीना ने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा जिसमें अरमान मलिक यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि हर आदमी दो पत्नियां चाहता है। यह बात 'साथ निभाना साथिया' की अभिनेत्री को पसंद नहीं आई और उन्होंने अरमान की खिंचाई का दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'मैं हर आदमी के बारे में तो नहीं कह सकती, लेकिन जो लोग गंदे इरादे रखते हैं, वे 2, 3 या 4 पत्नियां रखना चाहते होंगे। भगवान के लिए यह बंद करो। किसी दिन अगर वही पत्नियां कहने लगें कि उन्हें भी 2-2 पति चाहिए, तो उसे भी देखना अच्छा लगेगा। देवोलीना आगे लिखती हैं कि किसी दिन कोई लड़की कहेगी कि वह दो पति रखना चाहती है और उन्हें खुश रखेगी, तब मैं देखूंगी कि आप जैसे कितने लोग उसका समर्थन करते हैं। वही लोग सबसे पहले चरित्र हनन में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एक समाज के रूप में, हम पहले से ही एक विनाशकारी रास्ते पर हैं और हां, सिर्फ इसलिए कि एक गलती सालों से हो रही है, इसका मतलब यह नहीं है कि इसे जारी रहना चाहिए। मेरी नजर में, यह गलत है, बहुविवाह गलत है और यह हमेशा गलत ही रहेगा लेकिन क्या करें कुछ ऐसा कि जब तक खुद नहीं चुकाया जाता तब तक समझ नहीं आता। इससे पहले देवोलीना ने बिग बॉस ओटीटी 3 के मेकर्स से अरमान के घर में शामिल होने को लेकर भी सवाल किया था और कहा था कि उनका मानना ??है कि इस तरह का कंटेंट मनोरंजन नहीं है। देवोलीना ने पोस्ट में लिखा- अरमान और उनकी पत्नियों की शो में एंट्री की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि क्या आपको लगता है कि ये मनोरंजन है? ये मनोरंजन नहीं, गंदगी है। इसे हल्के में लेने की गलती मत करो क्योंकि ये सिर्फ़ रील नहीं है, ये सच है। मैं समझ ही नहीं पा रहा हूं कि कोई इस बेशर्मी को मनोरंजन कैसे कह सकता है?

अपराध के तरीकों में बदलाव आने के साथ आर्थिक दंड की परिस्थितियों में भी बदलाव आएगा: अभियोजन अधिकारी

तेज | रिपोर्टर सादुलशहर

करीब डेढ़ सौ साल पहले अंग्रेजी हुकूमत में लागू हुई कानूनी धाराएं अब खत्म होने जा रही हैं और एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे। इससे आपराधिक न्याय प्रणाली सुदृढ़ व प्रभावी होगी। वक्ताओं ने यह बात शुक्रवार दोपहर सादुलशहर व्यापार मण्डल हॉल में हुई संगोष्ठी में कही। नए कानूनों के संबंध में जागरुकता को लेकर जिला कलक्टर के निर्देश पर सादुलशहर व्यापार मण्डल हॉल में संगोष्ठी हुई। इसमें न्यायिक अधिकारियों के अलावा प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी व कार्मिक शामिल हुए। मुख्य वक्ता मास्टर ट्रेनर एसीजेएम कोर्ट के अभियोजन अधिकारी मोहम्मद आयाज ने एक जुलाई से लागू होने जा रहे तीनों कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय की मांग के अनुसार भारत सरकार कानूनों में बदलाव करने जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लागू आपराधिक कानून करीब 150 साल पहले अंग्रेजी हुकूमत ने लागू किए थे लेकिन अब अपराध के तरीकों में बदलाव आने के साथ आर्थिक दंड की परिस्थितियों में भी बदलाव आ गया है। ऐसे में एक जुलाई से लागू हो रहे नए कानून आपराधिक न्याय प्रशासन की रीढ़ साबित होंगे। इस मौके पर मौजूद एडीजे एसडीएम शिवा चौधरी, बार संघ के रविंद्र मोदी, पूर्व अध्यक्ष कुंदन लाल चुघ, रेशम सिंह, मेजर सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, कंचन सेतिया, डॉ. बद्री विशाल भारद्वाज ने भी विचार व्यक्त किए। मंचासीन न्यायिक अधिकारियों ने पुलिस व अधिवक्ताओं सहित अन्य की जिज्ञासाओं को भी शांत किया। उन्होंने कहा कि बरसों पुराने कानून की जगह नया कानून लागू होने पर कुछ परेशानी आना स्वाभाविक है लेकिन धीरे-धीरे इसमें व्यापक सुधार होगा। उन्होंने इसके लिए तुलनात्मक अध्ययन को महत्वपूर्ण बताया।

आइपीसी की जगह अब बीएनएस

एपीपी मोहम्मद आयाज ने बताया कि करीब 16 दशक के बाद भारतीय दंड सहिता-1860 में व्यापक बदलाव किया गया है। इसमें केवल धाराएं ही नहीं बल्कि सजा और जुर्माने में भी बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि इंडियन पीनल कोड (आइपीसी) की जगह अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), क्रीमिनल प्रोसिजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) तथा एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू होगा। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रॉयल कोर्ट को हर फैसला तीन साल में करना होगा।

आइपीसी में थी 511 धाराएं, बीएनएस में 356

अभियोजन अधिकारी मोहम्मद आयाज ने बताया कि आइपीसी में कुल 511 धाराएं हैं लेकिन बीएनएस में कुल 356 धाराएं शामिल की गई हैं। इसमें 175 धाराएं बदल गई हैं। आठ नई जोड़ी गई हैं। वहीं, 22 धाराएं खत्म हो गई हैं। उन्होंने बताया कि सीआरपीसी में 533 धाराएं हैं लेकिन अब बीएनएसएस में 160 धाराएं बदली गई हैं। नौ नई धाराएं जोडक़र नौ पुरानी खत्म कर दी गई हैं। इसके अलावा पूछताछ से ट्रॉयल तक की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से करने का प्रावधान भी किया गया है।

302, 376 व 420 हो जाएगीं इतिहास

अभियोजन अधिकारी ने बताया कि एक जुलाई से आइपीसी की धारा 302, 307, 376 व 420 इतिहास बन जाएगी। उन्होंने बताया कि हत्या होने पर लोगों की जुबान पर चढ़ी धारा 302 अब 103 (1) बीएनएस, जान से मारने का प्रयास 307 की जगह अब 109 बीएनएस, ठगी या धोखाधड़ी के लिए धारा 420 की जगह अब 118 (4) व दुष्कर्म की धारा 376 अब 64 बीएनएस कहलाएगी। इसके अलावा राजद्रोह के लिए तय धारा 124 (क) को खत्म कर दिया गया है। इसकी जगह देशद्रोह कर दिया गया है। कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक सुमेर सिंह इंदा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राकेश मेहंदीरत्ता, विकास अधिकारी गुरतेज सिंह बराड़, सहायक विकास अधिकारी रामकुमार गोयल, विवेक कथूरिया, सरपंच प्रतिनिधि हरपाल सिंह मान अमरगढ़, सुरेश कुमार मन्नीवाली, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राई आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

4एनआर निहालपुरा में लगी रात्रि चौपाल

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

ग्राम पंचायत 4एनआर निहालपुरा में गुरुवार को रात्रि चौपाल लगाई। तहसीलदार नवीन गर्ग, बीडीओ रविंद्र शर्मा,नायब तहसीलदार जसवंत सिंह सहित ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों, अधिकारियों ने ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने। चौपाल में पेयजल, विद्युत, मनरेगा स्वास्थ्य विभाग आदि की परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण हुआ। बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा ने स्वास्थ्य विभाग, पीएचडी जेईएन अश्मिका दुआ ने जल जीवन मिशन,पेयजल वितरण, बीडीओ रविंद्र शर्मा ने मनरेगा एवं पीएम आवास योजना सहित ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्य योजनाओं के बारे में बताया।नायब तहसीलदार जसवंत सिंह ने ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली रात्रि चौपाल के उद्देश्य एवं राज्य सरकार की मंशानुसार ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने की कार्य योजना से अवगत करवाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने वाले पोर्टल का हवाला देते हुए कहा कि दर्जनों परिवारों के पास पात्रता होने के बावजूद अभी तक राज्य सरकार की इस खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलने पर पीड़ा व्यक्त की।वही स्थाई डिपो होल्डर नहीं होने से भी बुजुर्ग परिवारों एवं श्रमिकों को राशन प्राप्त करने में हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए ग्राम में स्थाई राशन डीलर को नियुक्त करने का भी आग्रह किया। रात्रि चौपाल में प्राप्त लगभग दो दर्जन परिवादो को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। रात्रि चौपाल में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण लाल सिहाग, विद्युत विभाग उपखंड डिस्कॉम, नोडल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.हंसराज, वीडीओ दीन दयाल मीना, पंचायत समिति शाखा से महेंद्र सहारन, एसडीएम कार्यालय से नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा ढाणी लखजी में क्षय रोग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शुक्रवार को ढाणी लखजी ऐलनाबाद में क्षय रोग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन उपमंडल सामान्य अस्पताल ऐलनाबाद के आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डा. अतुल ने किया। डा. अतुल ने बताया कि क्षय रोग एक गंभीर समस्या है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। इस बीमारी का सबसे अधिक प्रभाव फेफड़ों पर होता है। इस बीमारी के मुख्य लक्षण सांस फूलना, तीन सप्ताह से ज्यादा खांसी रहना, अचानक से वजन कम होना, भूख न लगना, छाती में दर्द रहना, बुखार और ठंड लगना आदि हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार के लक्षण महसूस हों तो उसे अपना चैकअप अवश्य करवाना चाहिए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बेनीवाल ने बताया कि शिविर में टी.बी. रोग की जांच, बलगम की जांच, रक्त के टेस्ट, शुगर की जांच, एच.बी. टेस्टिंग आदि से संबंधित रोगियों की जांच की गई। इस शिविर में कुल 125 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा रोगियों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस शिविर में उपमंडल सामान्य अस्पताल ऐलनाबाद के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. हरप्रीत कौर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ कर्मी डीपीसी डा. विपिन कुमार, एएमओ डा. लकशिता, सीएचओ डा. वंशदीप, एसटीएस रेशमा, टीबीएचवी डा. पवन, नर्सिंग आफिसर वेद प्रकाश, एएनएम ममता रानी, पीपीएच राजेश कुमार, आशा वर्कर शेर सिंह व मंजू बाला, टीआई प्रोजेक्ट से प्रोजेक्ट मैनेजर राज रानी, काउंसलर प्रमोद कुमार, रेडक्रॉस के उप अधीक्षक पवन राणा तथा रेडक्रॉस के वालंटियर कमल कुमार, रेखा रानी व दुर्गा देवी द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई।

राजयोग का अभ्यास करवाया, चरित्रिक मूल्य का जीवन में बताया महत्व

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा शुक्रवार को राजयोग का अभ्यास करवाया। सद्भावना भवन संचालिका रानी बहन ने राजयोग एवम आध्यात्मिकता के सशक्तिकरण से समाज परिवर्तन से स्वर्णिम भारत का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा सुखी पारिवारिक जीवन में हरेक को नैतिक और चरित्रिक मूल्य जीवन में धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा वर्तमान समय में हम सभी को शिव शक्ति बनकर हर समस्या का समाधान करना चाहिए तथा एक दूसरे को इमोशनल सपोर्ट करना चाहिए।परिवार व समाज में अच्छा वातावरण तैयार करने में राजयोग की अहम भूमिका होती है।ब्रह्माकुमारी संस्थान की दीदियां निरंतर राजयोग से आमजन में आध्यात्मिक जागृति लाने का श्रेष्ठ कार्य कर रही है।

गौशाला में सवामणि हेतु कड़ाही भेंट की

तेज रिपोर्टर. टिब्बी। निकटवर्ती गांव सलेमगढ मसानी की काम धेनु सर्व धर्म गौ शाला में बालमुकुंद शर्मा मदन लाल शर्मा के द्वारा गौ शाला में सवा मणि के लिए बड़ी कड़ाही दी गई है इस कड़ाई में कम से कम तीन सवा मणि बन सकती हैं इस गो शाला में पहले छोटी कड़ाई थी एक कार्य कर्ता के कहने पर शर्मा जी बड़ी कड़ाई गो शाला में दान दी है इस अवसर पर विश्वजीत गोदारा,कुलवंत गोदारा प्रभु दयाल भाटी,रमन सिंह,गुरवीर सिंह(गेरी गिल) बालमुकुंद शर्मा, गोरा सिंह,राम शर्मा,और जन मान्य लोग मौजूद रहे।

श्री शनि देव इच्छापूर्ण धाम में तृतीय जागरण व भंडारा आज

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। श्री शनि देव इच्छापूर्ण धाम में तृतीय विशाल जागरण व भंडारा आज 29 जून शनिवार को होगा। संपर्क मार्ग डींगवाला-भागसर-संघर-प्रेमपुरा मोड पर स्थित इस मंदिर पर होने वाले इस जागरण में गंगाराम अड़िया, सतपाल शर्मा, ताराचंद, अमीन खान व गायक डीएसपी शनि देव महाराज का गुणगान करेंगे। जागरण का समय रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक का रहे। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर और भंडारा भी निरंतर बरताया जाएगा। आयोजक संस्था ने जागरण को लेकर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं और आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने का आग्रह किया है।

अच्छी बरसात से मौसम हुआ खुशनुमा

तेज रिपोर्टर. चारणवासी। शुक्रवार को मौसम परिवर्तनशील होने के चलते आस-पास के गांवों में बरसात होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली व मौसम भी खुशनुमा हो गया। दोपहर तक उमस व गर्मी रही। शाम चार बजे तेज हवा के साथ चारणवासी, मलवाणी में बूंदाबांदी व चक 9,12 के एन एन, रतनपुरा,चक चार, छः आरपीएम,चक जोशियों की ढाणी में चार- पांच अंगुल बरसात हुई। बरसात के बाद हवा चलने से वातावरण खुशनुमा हो जाने से गर्मी से राहत मिली। वहीं किसानों का कहना है कि फसलों की बढ़वार व अन्य फसलों की बिजाई के लिए बरसात अपर्याप्त है।

तेज रिपोर्टर. डींगवाला/पीलीबंगा। जून का महीना खत्म होने वाला है और मानसून की दस्तक ने मौसम परिवर्तन का कार्य किया है। शुक्रवार को बाद दोपहर आई हल्की सी आंधी और आसमान में छाए हुए बादलो में मौसम ने सुहानी करवट ली है। तेज हवा के साथ धूल भरी आंधी ने गर्मी की तपिश को कम किया। इससे अधिकतम तापमान में भारी गिरावट भी दर्ज की गई है। हालांकि सुबह की शुरुआत में उमस और सूर्य के तेज से हुई भीषण गर्मी के कारण आमजन परेशान नजर आया।

वृद्ध महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों की समस्याओं को दें विशेष तवज्जो: उपायुक्त

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद

ऐलनाबाद। हरियाणा सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान शिविर के प्रति शिकायतकर्ताओं का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त आर.के. सिंह के समक्ष 111 समस्याएं आई, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निवारण करवाया गया। उपायुक्त आर.के. सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करवाया। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समाधान शिविर में आने वाली वृद्ध महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की समस्याओं को विशेष तवज्जो देते हुए निपटाएं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि लोगों को शिकायतों व समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। समाधान शिविर में विशेषतौर पर फैमिली आईडी में आय ठीक करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विदुर पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बिजली, पानी, पीपीपी में त्रुटियों को दुरुस्त करने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं गंभीरता से सुनी जा रही हैं। प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में त्वरित समाधान होने से खुश लोग हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए सरकार व जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं। शिविर में लोगों को उनकी समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान मिल रहा है।

सवा दो माह बीतने के बावजूद चोरों का सुराग नहीं लगने से पीड़ित परिवार हुआ परेशान

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

ग्राम भागसर में करीब लगभग सवा दो माह पूर्व हुई सोने व चांदी के जेवर चोरी घटना में अभी तक कोई बरामदगी नहीं होने से पीड़ित परिवार व्यथित है।भागसर निवासी बंशीलाल पुत्र हेतराम बिश्नोई ने बताया कि बीती 22 अप्रैल को वह सूरतगढ़ किसी कार्य से गया हुआ था एवम उसकी पत्नी सुनीता दोपहर के करीब 11बजे मकान के ताला लगाकर घर के सामने बने नौहरे में तूडी ठीक करने के लिए चली गई।दोपहर को लगभग 1ः40 बजे जब वे दोनो इक्कठे घर वापस आए तो गैलरी में घरेलू सामान बिखरा हुआ और कमरे का ताला टूटा हुआ मिला।इसी इसी कमरे में रखे हुए संदूक/तिजोरी के ताले टूटे हुए थे और तिजोरी में रखा करीब 5 तोला सोने के जेवरात पांच मोहर, कानों की बालियां, एक ओम तथा चांदी की एक जोड़ी पाजेब, बिछिया करीब 15 तोला चांदी के जेवरात गायब मौके पर चोरी हुए मिले। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। दीवार फांदकर घर में हुई दिनदहाड़े इस प्रकार की चोरी की घटना से परिवार एवम आसपास के पड़ोसी सदमे में है।चोरी की इस घटना को लगभग 2 माह से अधिक का समय बीतने के बावजूद अभी तक चोरो का अभी तक कोई अता पता नहीं लगने एवं जेवरातों की बरामद की नहीं होने से पीड़ित परिवार ने प्रशासन की उच्च अधिकारियों से चोरों की धर पकड़ करने की मांग की है।बता दे कि बंसीलाल ने बीती 24 अप्रैल को पुलिस थाना में चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज कराया था।

एनएसएसओ व सांख्यिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज मनाया जाएगा सांख्यिकी दिवस

जयपुर। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (भारत सरकार) के तहत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के अंचल (उत्तर) कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कल राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। सांख्यिकी दिवस की थीम 'निर्णय लेने में ऑकड़ों का उपयोग' है, जो निर्णय-निर्धारण प्रक्रिया में सटीक व समयबद्ध ऑकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के सेमिनार होल में कल प्रातः 11.00 बजे से शुरू होगा। इस अवसर के मुख्य अतिथि मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पीके दशोरा, होंगे। इस कार्यक्रम में एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर के स्कूल ऑफ सोशल साइंस के प्रमुख प्रो. जगदीश प्रसाद का भी संबोधन होगा, जो इस साल की थीम पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट लोगों मे राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. जयन्त सिंह, हरदीप सिह चौपड़ा (आईएसएस), उप महानिदेशक उत्तर अंचल कार्यालय एन.एस.एस.ओं क्षेत्र संकार्य प्रभाग जयपुर एवं डॉ हंसराज यादव, उप महानिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय एनएसएसओ क्षेत्र संकार्य प्रभाग जयपुर होंगे। इस आयोजन में एनएसएसओ के अधिकारी व कर्मचारी एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र व शोधकर्ता भाग लेंगें।

धान की सीधी बिजाई पर चार हजार का अनुदान

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद

कृषि विभाग हरियाणा की ओर से किसानों द्वारा खरीफ सीजन 2024 में धान की सीधी बिजाई करने पर चार हजार रुपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि दी जाएगी। इस वर्ष जिला सिरसा में 85 हजार एकड़ का लक्ष्य रखा गया है जिसे उपमंडल वाइज आवंटित कर दिया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसान 10 जुलाई तक मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि धान की सीधी बिजाई करके किसान गिरते भू-जल स्तर को रोकने में मदद कर सकते हैं। किसान पारंपरिक विधि से धान की बिजाई करते हैं तो पानी की खपत बढ़ जाती है, इसलिए किसान धान की सीधी बिजाई करें ताकि पानी की खपत को 20 प्रतिशत कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि स्कीम का लाभ लेने के लिए किसान 10 जुलाई तक फसलडॉटहरियाणाडॉट जीओवीडॉटइन पोर्टल पर पंजीकरण करवांए। ग्राम स्तरीय कमेटी द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत किसान के बैंक खाता में स्कीम का लाभ प्रदान किया जाएगा। धान की सीधी बिजाई वाली फसल पारंपरिक विधि से बीजी गई फसल के मुकाबले 7 से 10 दिन पहले पक कर तैयार हो जाती है और किसान को पराली प्रबंधन के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है। उन्होंने बताया कि जड़े गहरी चले जाने के कारण लोह तत्व की समस्या बहुत कम आती है। किसान को सीधी बिजाई करने पर रोपाई पर होने वाले खर्च की भी बचत होती है तथा फसल में बीमारियां विशेष तौर पर बकानी रोग का प्रकोप कम होता है।

मौजूदा समय में बच्चों की परवरिश में परिवार नियोजन आवश्यक: बीसीएमओ

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

बच्चों की परवरिश में परिवार नियोजन कारगर है और छोटा परिवार हमेशा सुख का आधार होता है! यह बात शुक्रवार को पीएचसी सिलवाला खुर्द में आयोजित नसबंदी शिविर में बीसीएम/ सर्जन डॉ. मनोज अरोड़ा ने कहीं।डॉ.अरोड़ा ने मौजूदा समय की आवश्यकता एवं बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए उन्हें संतुलित भोजन एवं आवश्यकतानुसार सभी पोषक तत्वों के साथ उनका लालन-पालन होना आवश्यक है,जिसकी पूर्ति केवल मात्र परिवार नियोजन से ही हो सकती है। इस अवसर पर आयोजित नसबंदी कैंप में सर्जन डॉ. अरोड़ा ने एलएस पद्धति से 9 महिलाओं की नसबंदी की। कैंप में डॉ. सुखबीर सिंह ने ऑपरेशन करने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच करते हुए ऑपरेशन उपरांत रखी जाने वाली सावधानियां के बारे में बताया। कैंप में नर्सिंग ऑफिसर लीलाधर, फार्मासिस्ट सुशील कुमार, डीईओ रामकुमार, एएनएम हीना रानी एवं मुकेश, एलटी रमन कुमार, हेल्पर महेंद्र सिंह, बहादुर राम ने सेवाएं दी।

राजकीय विद्यालय का डीईओ द्वारा निरीक्षण, ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के दिए निर्देश

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

राउमावि कालीबंगा का शुक्रवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री शक्ति रानी ने निरीक्षण किया। पंचायत क्षेत्र में चल रहे हाउसहोल्ड सर्वे तथा प्रवेश कार्य का जायजा लेते हुए उन्होंने वार्ड वाइज गठित टीमों से मौजूदा प्रगति रिपोर्ट लेकर समस्त टीम से 18 वर्ष तक के बच्चों का सर्वे करने, शिक्षा से वंचित और ड्रॉप आउट हरेक बालक बालिका को को शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पंचायत सर्किल में स्थित ईंट भट्ठे का भी सर्वे कर अभिवावको एवम ईंट भट्ठा मालिकों को शिक्षार्थ निकटवर्ती विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान डीईओ ने पीईईओ स्तर पर पौधारोपण अभियान की समीक्षा कर लक्ष्य अनुसार पौधे लगाने, गड्ढे खोदने व पौधे प्राप्त करने के लिए भी निर्देशित किया। स्कूल स्टाफ से संवाद कर उन्होंने कहा कि एक जुलाई से विद्यार्थी विद्यालय में आना प्रारंभ कर देंगे बच्चों को प्रथम दिवस से ही निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने, शिक्षास्त्र प्रारंभ होने से ही नियमित रूप से शिक्षण कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ करने सहित विभागीय दिशा निर्देशों की कड़ाई से पालन करने और राजकाज के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के लिए निर्देशित किया। विद्यालय के भौतिक संसाधन की रिपोर्ट, स्कूल की व्यवस्था एवं परीक्षा परिणाम पर उन्होंने संतोष प्रकट किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक डॉ.सुभाष चंद्र घलोटिया, एएओ अशोक राजपुरोहित, अजय चौधरी, शिमला रानी, राजू राम, राजवीर सिंह आदि मौजूद थे।

योजनाओं का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण जरूरी

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद

खरीफ 2024 फसलों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य शुरू हो चुका है जिसके अंतर्गत किसान अपनी खरीफ फसलों का पंजीकरण करवा सकते है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी फसल पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। केवल मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की खरीफ फसलों की सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाएगी। ऐसे में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए जरूरी है कि किसान पोर्टल पर अपनी बोई गई फसल का ब्यौरा दर्ज करवाकर पंजीकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया कि फसलों का पंजीकरण करवाने के लिए संबंधित किसान के पास पीपीपी आईडी होना अनिवार्य है। इस बारे अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान टोल फ्री नंबर 1800-180-2117 या संबंधित खंड कृषि कार्यालय पर भी संपर्क कर सकते है। खरीफ फसलों के पंजीकरण के लिए किसान गांव में स्थित कामन सर्विस सेंटर/अटल सेवा केंद्र व स्वयं अपने मोबाइल से फसलडॉटहरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन पोर्टल पर करवा सकते हैं।

50 साल पहला आपातकाल याद रहा लेकिन मणिपुर और किसानों पर ज्यादती भूल गई राष्ट्रपति !



श्रीगोपाल नारसन

लोकसभा के पहले सत्र के दौरान जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण के दौरान आपातकाल का मुद्दा उठाया तो विपक्ष के सदस्य आक्रोशित हो गए। ऐसा उस समय भी हुआ था,जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुर्सी संभालते ही अपने पहले भाषण में आपातकाल का मुद्दा उठाकर स्वयं विवाद को जन्म दे दिया।वही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसे ही आपातकाल का जिक्र किया, संसद में हंगामा मच गया।

राष्ट्रपति को 50 साल पहला आपातकाल तो याद रहा लेकिन मणिपुर और किसानों पर हुई ज्यादती ,चरम पर व्याप्त मंहगाई तथा रोजगार को तरस रहे युवाओं की पीड़ा अपने अभिभाषण में याद नही आई।अपने अभिभाषण के रूप में केंद्र की मोदी सरकार का महिमा मंडन तो हुआ ही ,साथ ही राजशाही का प्रतीक राजदण्ड का संसद में हुआ प्रदर्शन भी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को चिढ़ाता रहा।इन सब मुद्दों पर विपक्ष ने आवाज भी उठाई लेकिन सत्ता पक्ष वह सब करता रहा जिसमे उसे राजनीतिक फायदा नजर आ रहा था।

लोकसभा के पहले सत्र के दौरान जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण के दौरान आपातकाल का मुद्दा उठाया तो विपक्ष के सदस्य आक्रोशित हो गए। ऐसा उस समय भी हुआ था,जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुर्सी संभालते ही अपने पहले भाषण में आपातकाल का मुद्दा उठाकर स्वयं विवाद को जन्म दे दिया।वही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसे ही आपातकाल का जिक्र किया, संसद में हंगामा मच गया। हर तरफ विपक्ष के हंगामे की आवाज गूंजने लगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज 27 जून है, 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल,जो संविधान पर बड़े और सीधे हमले का काला अध्याय था।उस दौरान पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने जीत हासिल करके दिखाई है क्यों कि भारत के मूल्य में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। राष्ट्रपति के ऐसा बोलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेज थपथपाकर उनकी इस बात का समर्थन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि दो साल तक देश में आपातकाल लागू रहा, इस दौरान लोगों के सभी अधिकार छीन लिए गए थे, उन्होंने कहा कि हम सभी संविधान की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। उनके इतना बोलते ही भड़के विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष का हंगामा तब भी हुआ था,जब लोकसभा अध्यक्ष

ओम बिरला ने आपातकाल का जिक्र अपने भाषण में किया था । विपक्ष इतना भड़क गया कि मल्लिकार्जुन खरगे समेत अन्य नेताओं ने यहां तक कह दिया कि पिछले 10 सालों का मोदी सरकार का शासन अघोषित आपातकाल ही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं,इसे लांछित करने वाले आरोप लगाए जा रहे हैं।उन्होंने ईवीएम की निष्पक्षता का भी मुद्दा उठाया और कहा कि ईवीएम जनता की कसौटी पर खरा उतरने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले तो मतदान के दौरान बैलेट पेपर ही लूट लिए जाते थे,इस तरह से राष्ट्रपति के अभिभाषण के जरिए सरकार ने विपक्ष को संविधान के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। विपक्ष ने सरकार पर संविधान को बदलने का गंभीर आरोप लगाया था ।राष्ट्रपति ने बताया कि कैसे केंद्र सरकार समाज के सभी लोगों के हितों को प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है। अपने अभिभाषण की शुरूआत करने से पहले राष्ट्रपति ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी।उन्होंने हाल ही में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर निर्वाचन आयोग की भी तारीफ की,जिसकी निष्पक्षता पर विपक्ष उंगली उठाता रहा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को लेकर कहा कि इस बार घाटी में दशकों का रिकॉर्ड टूटा है।काफी संख्या में लोगों ने वहां मतदान किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18वीं लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में मोदी सरकार के अगले 5 वर्षो का विजन सामने रखा।राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड और वर्क प्लान ही कहा जा सकता है। राष्ट्रपति के जरिए संसद में रखे गए मोदी सरकार की कार्य योजना में महिलाओं, युवाओं, रक्षा, विदेश, खेती-किसानी के प्रति सरकार की सोच का संकेत मिलता है।उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि आज का भारत, दुनिया की चुनौतियां बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है।विश्व-बंधु के तौर पर भारत ने अनेक वैश्विक समस्याओं के समाधान को लेकर पहल की है।जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा तक, पोषण से लेकर सस्टेनबल एग्रीकल्चर तक हम अनेक समाधान दे रहे हैं।हमारे मोटे अनाज श्री अन्न की पहुंच सुपरफूड के तौर पर दुनिया के कोने-कोने में हो, इसके लिए भी अभियान चल रहा है।भारत की पहल पर, पूरी दुनिया ने वर्ष 2023 में इंटरनेशनल मिलेट्स इयर मनाया है।आपने देखा है, हाल ही में पूरी दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया है।भारत की इस महान परंपरा की प्रतिष्ठा विश्व में लगातार बढ़ रही है।योग और आयुष को बढ़ावा देकर भारत एक स्वस्थ विश्व के निर्माण में मदद कर रहा है।द्रौपदी मुर्मू ने स्पष्ट किया कि मेरी सरकार ने रिन्यूएबल एनर्जी की क्षमता भी कई गुना बढ़ाई है।हम जलवायु से जुड़े लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले प्राप्त करके दिखा रहे हैं।नेट जीरो के लिए आज भारत के प्रयास कई दूसरे देशों को प्रेरित कर रहे हैं।इंटरनेशनल सोलर अलायंस जैसी पहल पर आज रिकॉर्ड संख्या में दुनिया के देश हमारे साथ जुड़े हैं।उन्होंने भरोसा दिया कि भारत की विकास गति को तेज किया जाएगा। जिसके लिए आने वाले बजट में ऐतिहासिक कदम दिखेंगे। उन्होंने किसानों को ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनाने की बात भी कही।कुलमिलाकर राष्ट्रपति का अभिभाषण मोदी सरकार की कार्यशैली का प्रतिबिंब कहा जा सकता है।

संपादकीय

राहुल की दोहरी भूमिका

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 18वीं लोक सभा में विपक्ष के नेता हो गए हैं। वह करीब दो दशक से सक्रिय राजनीति में हैं। पहली बार उन्हें संवैधानिक पद की जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिला है। राजनीति उन्हें विरासत में मिली है। वह आजादी की विरासत वाली राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष जैसा मह'वपूर्ण पद संभाल चुके हैं, लेकिन 2019 के लोक सभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद उन्होंने इस पद को त्याग दिया था। इसके बाद से उन्होंने पार्टी के किसी भी पद को संभालने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। कहा जा रहा है कि विपक्ष का नेता पद संभालने के लिए वह तैयार नहीं थे। लेकिन अंततः पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं के दबाव में उन्हें यह पद स्वीकारना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद राहुल के बारे में बनाई गई यह धारणा टूट गई कि वह बड़ी जिम्मेदारी को संभालने से ड़रते हैं। राहुल ने नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद अपने पहले संबोधन में ही संकेत दे दिया कि भाजपा की अगुवाई वाली एनड़ीए सरकार को संसद से सड़क तक विपक्ष की कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। राहुल ने ओम बिरला को दूसरी बार लोक सभा अध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि निस्संदेह सरकार के पास राजनीतिक सत्ता की शक्ति है लेकिन विपक्ष भी भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है। राजनीति में राहुल 'एंगरी यंगमैन' की भूमिका का निवर्हन करते दिखाई देते हैं। नेता प्रतिपक्ष सीबीआई निदेशक, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष आदि को चुनने वाली समितियों का हिस्सा होता है। राहुल के आक्रामक तेवरों को देखते हुए कहा जा सकता है कि इन नियुक्तियों में प्रधानमंत्री मोदी को राहुल के साथ तालमेल बैठाने में परेशानियों का सामना करना पड़.सकता है। राहुल ने हाल के दिनों में कुछ काम ऐसे किए हैं। देश में हजारों किलोमीटर की पदयात्राएं कीं और इस दौरान जनता के साथ सीधे संवाद कायम किया। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी को सदन में विपक्षी नेता के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन को एकजुट रखने की जिम्मेदारी का निवर्हन भी करना है। अपेक्षा की जाती है कि वह इस दोहरी भूमिका का सही से निवर्हन करेंगे। सदन में सरकार के साथ सार्थक संवाद होगा और हर बात पर सदन का बहिष्कार करने के चलन पर रोक लगेगी।

चिंतन-मनन

जीवन में दर्द अस्थायी होता है

एक राजा ने अपने सभी सलाहकारों को बुलाया और कहा, मैं चाहता हूं कि मैं अंदर से स्थिर बना रहूं। जीवन के उतार-चढ़ाव मेरा संतुलन बिगाड़ देते हैं। तुम कोई ऐसी चीज बताओ जिससे दुख की अवस्था से गुजरते हुए मैं खुशी पा सपूं और जब मैं आनंद की अवस्था में होऊं, तो वह चीज मुझे दुखों की याद दिलाती रहे। ऐसी चीज खोजो जो मैं अपने पास रख सपूं ताकि मेरे चारों ओर कुछ भी घटता रहे, पर मैं शांत-स्थिर रह सपूं। सभी सलाहकार मिलकर बैठे और उन्होंने विचार-विमर्श किया। अंत में वे एक बक्सा लेकर राजा के पास गए- महाराज, आप इस बक्से को खोलें। राजा ने उसे खोला तो उसमें एक छोटी अंगूठी मिली। उन्होंने राजा से कहा, इस पर जो लिखा है,उसे पढ़ें। अंगूठी पर लिखा था- यह समय भी बीत जाएगा। इन पांच सादे लफ्जों से राजा को बड़ी मदद मिली। हमें भी संतुलन बनाए रखने में इनसे मदद मिल सकती है। जब हम बहुत आनंद में हों, तब याद रखने की जरूरत है कि चीजें हर समय ऐसी नहीं रहेंगी और जब खुशहाल वक्ति गुजर जाए तो हमें निराश या हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। हमें ये पांच सादे लफ्ज याद दिला सकते हैं कि दर्द अस्थायी है और खुशहाली फिर लौट आएगी। सभी जीवन में उतार-चढ़ाव का सामना करते हैं। ये जीवन के अभिन्न अंग हैं। इनसे बचा नहीं जा सकता। प्रश्न यह है कि जीवन-पथ पर जब हम ऊंच-नीच का सामना करेंगे तो क्या हम मन की शांति खोकर अस्थिर हो जाना चाहेंगे ? अगर हम खुद को जिंदगी में घटने वाली हर घटना से प्रभावित होने देंगे तो हम आनंद की ऊंचाइयों से घोर निराशा की गहराइयों में पहुंच जाएंगे लेकिन अगले ही क्षण वापस आनंद की अवस्था में होंगे। इस लगातार बदलाव से अक्सर भय, तनाव और आतंक पैदा होता है क्योंकि हमें कभी यह पता नहीं होता कि आगे क्या होगा। समय के साथ, भय और तनाव की यह अवस्था हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाती है और हम शांत या तनाव रहित नहीं हो पाते। ध्यान और प्रार्थना के द्वारा हम शांत स्थान पर पहुंच सकते हैं। हमारे अंतर में समस्त दैवी खजाने हैं। हम मात्र शरीर और मन नहीं हैं, बल्कि हम आत्मा हैं। आत्मा ज्योति, प्रेम और आनंद से भरपूर है। यह हर समय प्रभु से जुड़ी रहती है। सृजनात्मक शक्ति यानी प्रभु और आत्मा एक ही तत्त्व के बने हैं। अगर हम प्रतिदिन अपना कुछ समय अंतरात्मा की शांति में व्यतीत करें तो हम आनंद के एक स्थान से जुड़ जाएंगे। तब बाहरी परिस्थितियां प्रभावित नहीं करेंगी। अगली बार हमें दुख-दर्द हो तो हम याद रखें, यह समय भी बीत जाएगा।

भगवान श्री राम को राजनीति में घसीटना ठीक नहीं है

संजय गोस्वामी

आज अयोध्या को लेकर चुनाव जितने पर जय श्री राम बोलने पर जय अवधेश बोलना गलत है क्योंकि भगवान श्री राम अयोध्या में नहीं बल्कि पूर्ण संसार में एक मात्र ईश्वर स्वरूप है जिसे स्वामी विवेकानंद ने भी ईश्वर का दर्जा दिया है चुनाव आएंगे जायेंगे लेकिन प्रभु राम अनंत शक्ति और पूर्ण संसार का एक मात्र मालिक है क्योंकि उनका जीवन संघर्ष से भरा रहा कभी महलो में पालने वाले प्रभु राम को 14साल जंगल में बिताना पड़ा और राम मंदिर पर सियासत करना सही नहीं नहीं तो आपके मन में त्याग के बदले रावण रूपी विचारों का प्रवेश हो जायेगा यदि कोई भगवान राम से बड़ा मानता है तो उसकी भयंकर भूल है इन सब बातों से ऊपर उठते हुए एक आदर्श व्यक्तित्व हमारे सामने नजर आते और वे है प्रभु श्री राम के रूप में जब बात आदर्श की हो तब सबको भगवान श्री राम ही दिखते हैं। ऐसा कोई पुरुष नहीं हुआ जो अपने आज परिवारों में भाई से भाई का प्रेम कही नजर नहीं आ रहा। श्री राम से यहां हम सीख सकते हैं कि किस प्रकार उन्होंने व उनके भाइयों ने अपने संपूर्ण जीवन में अपने आपसी बंधुत्व का परिचय दिया।भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार थे भागवत कथा के अनुसार विष्णु ने इन्द्र का देवलोक में अधिकार पुनः स्थापित करने के लिए यह अवतार लिया। देवलोक असुर राजा बलि ने हड़प लिया था। बलि विरोचन के पुत्र तथा विष्णु भक्त प्रह्लाद के पौत्र थे और एक दयालु असुर राजा के रूप में जाने जाते थे। यह भी कहा जाता है कि अपनी तपस्या तथा शक्ति के माध्यम से बलि ने त्रिलोक पर आधिपत्य पा लिया था।वामन, एक बौने ब्राह्मण के वेष में बलि के पास गये और उनसे अपने रहने के लिए तीन पग भूमि देने का आग्रह किया। उनके हाथ में एक लकड़ी का छत्र (छाता) था। गुरु शुक्राचार्य के चेताने पर भी बलि ने वामन को वचन दे डाला।राजा बलि से जल स्वीकारते हुए भगवान वामन ने अपना आकार इतना बढ़ा लिया कि पहले ही पग में पूरा भूलोक (पृथ्वी) नाप लिया। दूसरे पग में देवलोक नाप लिया। इसके पश्चात ब्रह्मा ने अपने कमण्डल के जल से वामन के पाँव धोये। इसी जल से गंगा उत्पन्न हुयीं। तीसरे पग के लिए कोई भूमि बची ही नहीं। वचन के पक्के बली ने तब वामन को तीसरा पग रखने के लिए अपना सिर प्रस्तुत कर दिया। वामन बलि की वचनबद्धता से अति प्रसन्न हुये अतः जो पूर्ण ब्रह्माण्ड पर नियंत्रण है अतः जो पूर्ण पृथ्वी को नाप सकता है वो पूर्ण ब्रम्ह का स्वामी है ऐ तो बहुत प्राचीन बातें हैं लेकिन यदि 500-600साल पीछे जाते हैं जब हिन्दू धर्म पर अत्याचार हो रहें थे तो उसे बचाने के लिए गुरुनानक जी आएं और धर्म की रक्षा की ओर अग्रसर किया जब मुगलों का अत्याचार बढ़ता जा रहा था उसी कड़ी में सिखों के दसमें गुरू श्री गुरुगोविन्द सिंह भगवान श्री राम के अवतार में अवतरित हुए जो पटना साहिब के कंगन घाट गुरूद्वारा में ऊपर ही चित्रित किया हैजी हाँ धर्म की रक्षा हेतु सिखों के दसमें गुरु गोविन्द सिंह भगवान श्री राम के रूप में अवतरित हुए थे नहीं यकीन होता तो आप पटना सिटी के कंगन घाट पर जाए वहाँ ये इतिहासीक घटना घटी थी जब बालक गोविन्द पटना सिटी के कंगन घाट हमेशा नहाने के लिए जाते थे वही पंडित शिवदत्त भगवान राम की पूजन में प्रसाद चढ़ाया करता था लेकिन हर दिन ध्यान लगाने के क्रम में प्रसाद गायब हो जाता था एक दिन जब बालक गोबिंद जब गुरूजी की आयु महज 5वर्ष थी गुरु जी पंडित शिवदत्त के पास प्रसाद लेने गए थे तो जैसे ही प्रसाद उठाने लगे तो पंडित शिवदत्त ने कहा आप प्रसाद क्यों उठा लेते हो तब गुरु गोविन्द सिंह ने कहा आप प्रसाद किसे चढ़ाते हो उन्होंने कहा भगवान राम को तब बालक गोविन्द ने उत्तर दिया मैं आपका प्रसाद गरीबों को बाँट देता हूँ फिर उन्होंने पंडित शिव दत्त को बालक गोविन्द ने आँखे बन्द कर भगवान राम का ध्यान करने को कहा जैसे उन्होंने आंखे खोली उन्हें बालक गोविन्द भगवान राम के रूप में दिखी और फिर वो उनके भक्त हो गए गुरु गोविन्द सिंह सिक्खों के दसवें और अन्तिम गुरु थे। उनका जन्म पौष, सुदी सप्तमी, संवत 1723 विक्रमी, तदनुसार सन 1666 ई० में पटना (बिहार) में हुआ था। उनके पिता सिक्खों के नवें गुरु तेगबहादुर तथा माता गूजरी थीं। उनका आरंभिक नाम गोविन्दराय था। उनकी शिक्षा-दीक्षा पटना में ही हुई। माँ ने गुरुमुखी और पिता गुरु तेग बहादुर ने उन्हें शस्त्र-शास्त्र दोनों की शिक्षा प्रदान की। भगवान श्री राम हैं दया के सागर थे और गुरु गोविन्द सिंह जी भी भगवान राम सभी मयार्दा का पालन किया गुरु ने भी सभी मयार्दा का पालन किया भगवान राम महान तीरंदाज थे वही प्रतिभा गुरु गोविंद सिंह जी में भी थी गुरु गोविन्द सिंह में बचपन से ही अलौकिकता दिखायी देती थी। कश्मीरी पण्डितों को औरंगजेब ने जब मुसलमान बनाना चाहा, तो सब मिलकर गुरु तेगबहादुर के पास आनन्दपुर गये और उन्हें अपनी करुण कहानी सुनायी। उनकी बातों से गुरु तेगबहादुर मौन, उदास और दुखी हो गये। उसी समय नववर्षीय गोविन्दराय उनके पास आये। उन्होंने पिता से उनकी उदासी का कारण पूछा। पिता ने बताया, ह्लपण्डितों पर घोर संकट है। औरंगजेब उन्हें मुसलमान बनाना चाहता है। गोविन्दराय ने पूछा, इससे बचने का उपाय क्या है।? गुरु तेगबहुदर ने उत्तर दिया, औरगजेब की प्रचण्ड धर्म की द्वेषाग्नि में किसी महान धर्मात्मा की आहुति ही इससे बचने का उपाय है। गोविन्दराय तुरन्त बोल उठे, आपसे बढ़कर कौन धर्मात्मा भारतवर्ष में होगा? आप ही उस अग्नि की आहुति बनिए। गुरु तेगबहादुर ने समझ लिया कि मेरा पुत्र मेरे न रहने पर गुरु-गद्दी का भार वहन कर लेगा। 1775 ई० में गुरु तेगबहादुर हँसते-हँसने दिल्ली में शहीद हुए। भगवान श्री राम जैसे आसक्त मन वाला होना गुरू गोविन्द में दिखती है। क्योंकि त्याग और बलिदान की भावना जो भगवान राम में थी वही गुरु गोविन्द सिंह जी में भी थी और बन्दा वैरागी उनके हनुमान थे जब भी गुरू पर संकट आता बन्दा वैरागी उसका हल तुरंत कर देते थे वो भी आध्यात्मिक थे बीजेपी को इस चुनाव में मुद्दा नहीं बनाना चाहिए था क्योंकि भगवान श्री राम बिन बोले सब कुछ जानते है जिसे अन्तयार्मी भी कहते हैं चुनाव में हुआ कुछ इस तरह कि मैंने राम मंदिर बनाया अतः मुझे वोट दीजियेगा लेकिन एक बात गौर करने वाला है दिए को जलाने बस एक चिंगारी बहुत है और वातावरण में ऑक्सीजन के कारण जल उठता है लेकिन आप पंखा चला देंगे तो बुझ जाता है यानि प्राकृतिक में जरूरत से ज्यादा हवा देने पर बुझ जाता है यहीं चुनाव में हुआ जहाँ शांत रहकर दीपक को जलते देना चाहिए वहाँ आपने अपना हवा चला दिया जो जल रह था वो बुझ गया लेकिन यदि आप अपने इतिहास पर नजर डालेंगे तो भारत में जितने भी महात्मा हुए वो सभी भगवान श्री राम को भज भज कर अंतःकरण को शुद्ध किया और शांति में ही राम की कृपा से महान पुरुष बने यदि किसी नेताओं को ऐ लगता है मैं ही सबकुछ हूँ तो यह उसके अज्ञानता के कारण है उसे इतना भी मालूम नहीं कि भगवान श्री राम ने पत्थर की अहिल्या को जीवित कर दिया था यदि आप ऐसा कर पाते हैं तो नामुमकिन है जो राम का असली भक्त है वो सभी मयार्दा को पालन करता है केवल राम का नाम लेकर नेता होटलो क्लबों या किसी आलीशान बंगले में नजर आते हैं और वे ही बर्षाति मेढकों की तरह टर्र टर्र करते नजर आएंगे जो सच्चा भक्त होगा वो माता पिता की सेवा करते नजर आएंगे इतना होने के बाद भी लोग यह भी नहीं जानते कि अंत में राम नाम सत्य होने वाला है ऐ चिंता की बात है।..

मुद्दाः संसद में बेमतलब के नारे

रजनीश कपूर

लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेते समय हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक ऐसा नारा लगाया जिस पर पूरा देश चौंक गया। उन्होंने 'जय भीम', 'जय मीम', 'जय तेलंगाना' और 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया। जहां तक 'जय भीम' और 'जय तेलंगाना' जैसे नारों की बात है तो ये देश की सीमाओं के दायरे में आते हैं। पर एक दूसरे देश की जयकार बोलना, वो भी संसद के भीतर, किसी के गले नहीं उतरा। ओवैसी ने बहुत ही गलत परंपरा की शुरू आत की है। आने वाले वर्षों में कोई सांसद 'जय अमेरिका', 'जय पाकिस्तान' या 'जय चीन' का भी नारा लगा सकता है। इसलिए इस खतरनाक प्रवृत्ति पर लोक सभा और राज्य सभा के अध्यक्षों को फौरन रोक लगानी चाहिए।

सब जानते और मानते हैं कि भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। धर्मनिरपेक्ष का मतलब नास्तिक होना नहीं है, बल्कि इसका भाव है, सर्व धर्म समभाव, यानी हर धर्म के प्रति सम्मान का भाव। पर देखने में आया है कि भारत में रहने वाले मुसलमानों और हिन्दुओं के कुछ नेता सांप्रदायिकता को भड़काने के उद्देश्य से धार्मिक उन्माद बढ़ाने वाले नारे लगवाते हैं ताकि उनके वोटों का ध्रुवीकरण हो सके। जहां एक तरफ बरसों से मुसलमानों को अल्पसंख्यक बता कर उनके पक्ष में ऐसे काम किए गए जो संविधान की मूल भावना के विरुद्ध थे। जैसे रमजान में सरकारी स्तर पर इफ्तार की दावतें आयोजित करना। ऐसी दावतें अन्य धर्मों के उत्सवों पर भी की जातीं तो किसी को बुरा नहीं लगता। पर ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि हिन्दुत्व की राजनीति करने वालों को अपने समर्थकों को उकसाने का आधार मिल गया। शायद इसी का परिणाम है कि पिछले दस वर्षों में भाजपा के सांसदों और विधायकों ने संसद और विधानसभाओं में जोर-जोर से और सामूहिक रूप से धार्मिक नारे लगाना शुरू कर दिया। इसका परिणाम यह हो रहा है कि अब मुसलमानों के बीच भी उत्तेजना और आक्रामकता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है जबकि यह खतरनाक प्रवृत्ति है, जिसे सख्ती से रोका जाना चाहिए वरना समाज में गतिरोध और हिंसा बढ़ेगी।

वैसे इस तरह का वातावरण असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भी तैयार किया जाता है। इसलिए समझदार हिन्दू और मुसलमान अपने धर्म के प्रति आस्थावान होते हुए भी इस हवा में नहीं बहते। हिन्दुत्व का समर्थक कोई पाठक मुझसे तर्क कर सकता है कि हिन्दुस्तान में भाजपा के सांसदों और विधायकों को हिन्दुवादी नारे लगाने से रोका जाएगा तो क्या हम फिलिस्तीन में जा कर ये नारे लगाएंगे? मेरा उत्तर है कि मैं सनातनधर्मी हूं और मेरा परिवार और पूर्वज शुरू से ही आरएसएस से जुड़े रहे हैं। लेकिन पिछले 30 वर्षों में हिन्दुत्व की राजनीति का जो चेहरा मैंने देखा है उससे मन में कई सवाल खड़े हो गए हैं। जब देश की आबादी 141 करोड़ है, इनमें से 97 करोड़ वोटर हैं। उसमें से 36.6 प्रतिशत वोटरों ने ही इस चुनाव में भाजपा को वोट दिया है। मतलब यह कि कुल 111 करोड़ हिन्दुओं में से केवल 35 करोड़ हिंदुओं ने बीजेपी को वोट दिया। तो भाजपा सारे हिन्दू समाज के प्रतिनिधित्व का दावा कैसे कर सकती है? चूंकि देश की आबादी में 78.9 प्रतिशत हिन्दू हैं, और उनमें से एक छोटे से हिस्से ने बीजेपी को वोट दिया है। मतलब बहुसंख्यक हिन्दू भाजपा की नीतियों से सहमत नहीं हैं। हम सब मानते हैं कि हमारा धर्म सनातन धर्म है, जिसका आधार हैं वेद, पुराण, गीता, भागवत, रामायण आदि ग्रंथ। क्या भाजपा इनमें से किसी भी ग्रंथ के अनुसार आचरण करती है? अगर नहीं तो कैसे हिन्दू धर्म के पुरोधा होने का दावा करती है?

हमारे धर्म के चार स्तंभ हैं-चारों पीठों के शंकराचार्य जिन्हें आदि शंकराचार्य जी ने सदियों पहले भारत के चार कोनों में स्थापित किया था। क्या भाजपा चारों शंकराचार्यों को यथोचित सम्मान देती है और इनके ही मार्गनिर्देशन में अपनी धार्मिक नीति बनाती है? अगर नहीं तो फिर बीजेपी हिन्दू धर्म की पुरोधा कैसे हुई? सनातन धर्म में साकार और निराकारङ्क दोनों ब्रह्म की उपासना स्वीकृत हैं। इस तरह उपासना के अनेक मार्ग और अधिकृत संप्रदाय हैं। इसलिए पूरे देश में व्याप्त सनातन धर्म का कोई एक झंडा या जयघोष नहीं होता। जैसे 'जय श्री राम' किसी अधिकृत संप्रदाय का जयघोष नहीं है। प्रभु श्री राम को लोग 'जय सिया राम', 'राम-राम' 'जय रामजी की' आदि अनेक संबोधनों से पुकारते हैं। 'जाकी रही भावना जैसी हरि मूरत देखी तिन तैसी'। फिर केवल 'जय श्री राम' धार्मिक उदघोष कैसे हुआ? ऐसी तमाम अन्य बातों को भी देख-सुन कर स्पष्ट होता है कि भाजपा का हिन्दुत्व सनातन धर्म नहीं है। यह इनकी राजनीति के लिए अस्त्र मात्र है। इसका अर्थ हुआ कि संसद में चाहे 'श्री राम' का नारा लगे और चाहे 'अल्लाह हो अकबर' का, दोनों ही राजनैतिक उद्देश्य से लगाए जाने वाले नारे हैं, जिनका उद्घोष संसद में नहीं होना चाहिए। जय फिलिस्तीन का नारा तो और भी खतरनाक प्रवृत्ति है। संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष गंभीरता से विचार करके संविधान और संसद की गरिमा बचाने का काम करें।

शख्स ने नासा पर ठोका 80,000 डॉलर का मुकदमा, घर पर अंतरिक्ष से गिरा मलबा, छत से लेकर फर्श तक कर दिया छेद

वाशिंगटन । अमेरिका में एक शख्स को नासा बड़ा सदमा दे गया, जिसके बाद उक्त शख्स ने अंतरिक्ष एजेंसी के खिलाफ मुकदमा ठोक दिया है। यह शख्स अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित नेपल्स का रहने वाला है। उसने नासा से 80,000 डॉलर यानी करीब 67 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना इस साल 8 मार्च की है। नेपल्स में एलेयांद्रो ओटेरो के घर पर अंतरिक्ष से एक बड़ा सा मलबा आ गिर गया। इस मलबे ने उनके घर की छत से लेकर फर्श तक में छेद कर दिया। इस घटना के वक्त एलेयांद्रो अपने परिवार के साथ छुट्टी मनाने गए हुए थे। घर पर सिर्फ उनका बेटा डैनियल मौजूद था, जिसने उन्हें फोन करके इसके बारे में बताया। ओटेरा ने बताया, 'मैं यह सुनकर कांप रहा था। मैं पूरी तरह से हैरान था। मैं सोच रहा था कि आखिर हमारे घर पर इतनी ताकत से कौन सी चीज गिर गई, जिससे इतना नुकसान हो गया।' एलेयांद्रो ने घर पहुंचकर देखा तो उन्होंने 41.6 इंच का एक सिलेंडर दिखा, जिसका वजन करीब 1.6 पाउंड यानी करीब 700 ग्राम था। वह सोच रहे थे कि आखिर ये चीज़ कहां से आई, जिसने उनके घर को तबाह कर दिया। नासा ने बाद में पुष्टि की कि यह सिलेंडर उसके स्पेस स्टेशन से निकला था। उसने बताया कि इसका इस्तेमाल कार्गो पैलेट पर पुरानी बैटरियों को माउंट करने के लिए किया जाता था। इसे 2021 स्पेस स्टेशन से छोड़ा गया था। ऐसी चीज़े के पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते ही पूरी तरह से जल जाती है, हालांकि यह एक टुकड़ा बच गया और अंतरिक्ष में करीब 3 साल मंडराने के बाद ओटेरो परिवार की प्रॉपर्टी पर गिर गया।वहीं ओटैरा परिवार के वकील मीका गुयेन वर्थी ने इस मुद्दे की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा, 'मेरे मुवक्किल इस घटना से उनके जीवन पर पड़ने वाले तनाव और प्रभाव के लिए पर्याप्त मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वे शुक्रगुजार हैं कि इस घटना से किसी को भी शारीरिक चोट नहीं लगी, लेकिन इस तरह की स्थिति भयावह हो सकती थी। अगर मलबा दूसरी दिशा में कुछ फीट दूर गिरता, तो गंभीर चोट या मौत हो सकती थी।' वर्थी ने यह भी बताया कि इस केस का मकसद निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में अंतरिक्ष मलबे के दावों के लिए एक मिसाल कायम करना है। वहीं नासा को इस मामले ओटेरो परिवार की तरफ से मांगे गए मुआवजे का जवाब देने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। बता दें कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के नाम पर कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इस एजेंसी का नाम लोग बड़े सम्मान से लेते हैं।

प्रेमी ने तोडा वादा तो कोर्ट पहुंची लडकी , प्रेमी पर लगाया 'वर्बल कॉन्ट्रैक्ट' के उल्लंघन का आरोप

क्राइस्टचर्च । एक लडकी के ब्वॉयफ्रेंड ने उससे किया गया वादा नहीं निभाया, तो वह कोर्ट पहुंच गई और प्रेमी पर 'वर्बल कॉन्ट्रैक्ट' के उल्लंघन का आरोप लगाया। न्यूज़ीलैंड की रहने वाली एक प्रेमिका ये बर्दाश्त नहीं कर पाई कि उसके प्रेमी ने उससे जो वादा किया, वो पूरा नहीं किया। अब ये प्रॉमिस कोई शादी को लेकर नहीं था बल्कि बात इतनी सी थी कि उसने लड़की को एयरपोर्ट छोड़ने के लिए कहा था, लेकिन वो नहीं गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक न्यूज़ीलैंड की रहने वाली एक लड़की ने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड पर 'वर्बल कॉन्ट्रैक्ट' का उल्लंघन करने का केस ठोका है। पढ़ने में ये बात जितनी भारी-भरकम है, मामला उतना ही मज़ेदार है। दरअसल हुआ यूं कि लड़की को एक म्यूज़कि कॉन्सर्ट के लिए दूसरे शहर में जाना था। प्रेमी ने कहा था कि वो उसे एयरपोर्ट तक छोड़ देगा और उसकी गैर हाजिरी में दो दिन तक उसके दो पेट डॉग्स का भी ख्याल रखेगा। हालात ऐसे बने कि लड़का उसे छोड़ने नहीं आ सका और लड़की की फ्लाइट छूट गई। लड़की ने डिस्प्यूट ट्रिब्यूनल को बताया कि वो साढ़े 6 साल से रिलेशनशिप में है। ऐन वक्त पर ब्वॉयफ्रेंड ने मैसेज का रिप्लाई नहीं दिया और उसे अपनी ट्रिप कैंसिल करनी पड़ी। अगले दिन जाने पर उसके काफी पैसे खर्च हो गए और इसकी वजह सिर्फ उसका वादा न पूरा करना थी। मामले में अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि जब तक आप कानूनी रूप से बाध्यकारी किसी रिश्त में नहीं हैं, तब तक इस तरह का दबाव नहीं डाला जा सकता यानि लड़की को निराश होना पड़ा। बता दें प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता ही नोकझोंक से भरा होता है। कभी प्यार तो कभी तकरार से ही ये रिलेशनशिप आगे बढ़ता है।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को वोटिंग

लंदन। ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी का जल्द चुनाव का दांव फेल होता दिख रहा है। एक सप्ताह बाद 4 जुलाई को होने वाली वोटिंग से पहले अधिकांश सर्वे में कंजरवेटिव पार्टी के सफाए की भविष्यवाणी कर रहे हैं। सर्वे में सुनक की पार्टी को सबसे ज्यादा 117 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, सावंता-गार्जियन के सर्वे में दावा किया गया है कि कंजरवेटिव पार्टी 53 सीटों पर ही सिमट सकती है। जो 2019 के चुनाव की 365 सीटों की तुलना में बेहद कम है। वहीं, 650 सीटों वाले सदन में कीर स्टारमर की लेबर पार्टी को सबसे कम 425 और अधिकतम 516 सीटें मिलने का अनुमान है। 7 सर्वे के औसत में भी सुनक को 95 और स्टारमर को 453 सीटें मिलती दिख रही है।

रहने के हिसाब से सबसे खराब शहर में शामिल हुआ कराची

नई दिल्ली । पाकिस्तान के शहर कराची को दुनिया के सबसे कम रहने योग्य 5 शहरों में से एक का दर्जा मिला है। हाल ही में हुए वैश्विक सर्वे में कराची को बेहद खराब रैंकिंग मिली है। पाकिस्तान का बंदरगाह शहर कराची कभी अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक शिक्षा के लिए मशहूर था लेकिन अब पाकिस्तान की तरह ही इसकी हालत भी बदतर हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, सर्वे एजेंसी ने स्वास्थ्य देखभाल, संस्कृति और पर्यावरण, स्थिरता, इंफ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा सहित कई महत्वपूर्ण कारकों पर दुनिया भर के 173 शहरों की रैंकिंग की है। इस सूची में कराची 169वें स्थान पर है। कराची को कुल 42.7 स्कोर मिला है। स्थिरता संकेतक में कराची ने बेहद खराब प्रदर्शन करते हुए 100 में से महज 20 अंक हासिल किए। कराची को स्वास्थ्य के लिए 54.2, संस्कृति और पर्यावरण के लिए 35.9, शिक्षा के लिए 75 और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 51.8 अंक मिले। सर्वे में कराची को दुनिया के सबसे कम रहने योग्य 5 शहरों में रखा गया है। सीरिया की राजधानी दमिश्क को दुनिया में सबसे कम रहने योग्य शहर माना गया है। नीचे से दूसरे स्थान पर लीबिया की राजधानी त्रिपोली, तीसरे पर अल्जीरिया का शहर अल्जीयर्स, चौथे पर नाइजीरिया का लागोस और पांचवें स्थान पर कराची है। वहीं ऑस्ट्रिया की राजधानी पिछले कई सालों की तरह इस बार भी दुनिया का सबसे ज्यादा रहने योग्य शहर है। 98.4 अंकों के साथ यह लिस्ट में शीर्ष पर कायम है। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन ने भी अपना दूसरा स्थान कायम रखा है, जबकि स्विट्जरलैंड का ज्यूरिख पहले छठे स्थान पर था जो अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

खून देखकर मिलती है खुशी.....10 साल की उम्र में कर दिया मर्डर

लंदन । आप क्राइम थ्रिलर और मर्डर से जुड़ी खबरों में दिलचस्पी रखतें हैं, तब ये खबर आपके लिए है। इंग्लैंड की रहने वाली मैरी बेल ने 10 साल की उम्र में, चार साल की मार्टिन ब्राउन का गला घोंटकर हत्या कर दी थी और अपने परिवार को एक नोट लिखकर इसकी जानकारी दी।

इस मर्डर के दो माह बाद मैरी बेल ने तीन साल की ब्रायन होवे को मार डाला। मैरी ने कई अन्य बच्चों का गला घोंटने का प्रयास कर अपने नोट्स में हत्या जारी रखने की इच्छा व्यक्त की। लगातार कई हत्याओं में दोषी होने के बाद मैरी पर केस दर्ज हुआ और मुकदमा चला और ये माना गया कि मैरी सिर्फ अपनी खुशी के लिए खून करती है। जिसके बाद मैरी को 12 साल की सजा हुई। मैरी की मां बेट्टी मैकक्रिकेट एक 16 साल की सेक्स वर्कर थी। वे अक्सर मेरी बैल को छोड़कर घूमने निकल जाती थी। तब मैरी बैल के साथ किस तरह का बर्ताव होता था ये कहा नहीं जा सकता। उसकी मां ने ये कोशिश की थी कि कोई उसे कोई एडोप्ट कर ले। लेकिन बात नहीं बन सकी। बताया जाता है बचपन में ठीक से परवरिश न मिलने के कारण मैरी का व्यवहार ऐसा हुआ है। हत्या के मामले में मैरी और नोर्मा को स्कूल के बाहर पकड़ा गया था, लेकिन तुरंत रिहा कर दिया गया। मार्टिन की हत्या के बारे में मैरी के दावों को शुरू में ध्यान आकर्षित करने वाला बताकर खारिज कर दिया गया था। लेकिन मैरी की तरफ से हत्या की घटनाएं बंद नहीं हो रही थीं। इसके बाद मैरी के खतरनाक स्वभाव और बच्चों के प्रति उसके खतरे को देखते हुए, मैरी बेल को अनिश्चितकालीन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

ताइवान की सैना में शामिल नये सैनिक निशाना लगाने का अभ्यास करते हुए।

अंतरिक्ष में अचानक टूटा सैटेलाइट, अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसक्राफ्ट में छिपकर बचाई जान

मॉस्को। रूस का एक ऑब्जरेशन सैटलाइट अंतरिक्ष में अचानक टूटकर सैकड़ों टुकड़ों में बिखर गया। इसके मलबे से बचने के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के अंतरिक्षयात्रियों ने स्पेसक्राफ्ट में छिपकर अपनी जान बचाई। हालांकि सैटलाइट के टूटने की वजह का पता नहीं चल पाया है। वहीं इस घटना पर रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोसमोस ने भी कोई टिप्पणी नहीं की है। अमेरिका के स्पेस कमांड का कहना है कि सैटलाइट के मलबे से फिलहाल किसी दूसरे सैटलाइट को नुकसान पहुंचने की आशंका नहीं है। बता दें कि रूस के इस रीसर्स पी-1 सैटलाइट को 2022 में ही मृत घोषित कर दिया गया था। अमेरिका की एक स्पेस ट्रैकिंग फर्म लियोलैब्स ने देखा था कि अंतरिक्ष में अचानक मृत सैटलाइट कम से कम 100 टुकड़ों में टूट गया। अब इसके बड़े-बड़े टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं। पृथ्वी की कक्षा में बढ़ते सैटलाइट और फिर उनकी वजह से बढ़ने वाला मलबा चिंता का कारण बन रहा है। साल 2021 में रूस ने अपने एक सैटलाइट को एंटी सैटलाइट मिसाइल द्वारा अंतरिक्ष में ही नष्ट कर दिया था। इसके बाद पश्चिमी देशों ने रूस की कड़ी आलोचना की थी। मिसाइल से सैटलाइट को नष्ट करने के बाद इसके हजारों बड़े-बड़े टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में फैल गए। वहीं रीसर्स पी-1 को लेकर अभी इस तरह की बात पता नहीं चली है। रूस द्वारा किसी तरह के एंटी मिसाइल लॉन्च की खबर सामने नहीं आई है। दरअसल जब किसी सैटलाइट का आखिरी समय आता है तो या तो वह धीरे-धीरे पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करने लगता है और फिर जलकर राख हो जाता है। वहीं कई सैटलाइट पृथ्वी की ग्रेवयार्ड ऑर्बिट में चले जाते हैं। यह पृथ्वी से 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई की कक्षा है जिसमें दूसरे सैटलाइट से टकराने का खतरा कम हो जाता है।

कजाकिस्तान में एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे पीएम मोदी, जयशंकर करेंगे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3-4 जुलाई को कजाकिस्तान में आगामी शंघाई सहयोग संगठन (एससी) शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे और विदेश मंत्री एस जयशंकर बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन होंगे। चीन के शी जिनपिंग के भाग लेने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि एससीओ में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री करेंगे। यह एससीओ शिखर सम्मेलन 3 से 4 जुलाई के बीच होना है। इसलिए विदेश मंत्री वहां हमारे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

इससे पहले, कई रिपोर्टों में अनुमान लगाया गया था कि पीएम मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, जबकि नई लोकसभा का पहला संसदीय सत्र चल रहा है। जयशंकर के शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद थी जहां पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के भाग लेने की संभावना है।

पिछले साल, भारत ने वस्तुतः एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी, जहां विदेश मंत्री जयशंकर ने तत्कालीन पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की उपस्थिति में आतंकवाद पर चिंता व्यक्त की थी। पुतिन ने शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया और आतंकवाद, उग्रवाद और नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के लिए आपसी सहयोग पर नई दिल्ली घोषणा का समर्थन किया।

एससीओ क्या है?

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का गठन 2001 में चीन द्वारा किया गया था। इसके सदस्यों में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान और चार मध्य एशियाई देश - कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। 2017 में भारत और पाकिस्तान इसके स्थायी सदस्य बने। भारत को 2005 में एससीओ में पर्यवेक्षक बनाया गया था और उसने आम तौर पर समूह की मंत्री-स्तरीय बैठकों में भाग लिया है, जो मुख्य रूप से यूरेशियन क्षेत्र में सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर केंद्रित हैं। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा ब्लॉक है और सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है।

भारतीय मजूदर की मौत पर...इटली की पीएम हुईं भावुक, खाई कसम

रोम (एजेंसी)। इटली में भारतीय नागरिक सतनाम की मौत से पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इस घटना से इटली को सबसे ज्यादा झटका लगा है। पूरी दुनिया में इटली की छवि धूमिल हुई है, क्योंकि देश में काम करने गए एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को इस बात से बड़ा गुस्सा है। जॉर्जिया मेलोनी का मन अशांत है। संसद में सिंह का नाम लेकर जिस तरीके से जॉर्जिया मेलोनी भावुक हुईं। उसके बाद पूरी दुनिया की निगाहें मानों इटली पर आकर रूक गई। रूंधे गले से न सिर्फ उस शख्स का नाम मेलोनी ने लिया बल्कि कुछ ऐसा कहा कि संसद में मौजूद हर सांसद सीट से खड़ा हो गया। फिर पूरी संसद में केवल तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ने लगी। मेलोनी ने अमानवीय वजहों से मौत का शिकार हुए भारतीय सतनाम को संसद में श्रद्धांजलि दी और दोषियों को सख्त सजा देने का भरोसा दिया। मेलोनी ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मेलोनी काफी भावुक दिखाई दी। इतना ही नहीं, इटली के कई ट्रेड यूनियन ने घटना को क्रूर बताया है। वे सतनाम सिंह के परिवार को आर्थिक मदद देने की भी बात कह रहे हैं।

बता दें कि इटली उस वक्त सुर्खियों में आ गया जब पंजाब के भठिंडा जिले के रहने वाले सतनाम सिंह की इटली में मौत हो गई। सिंह का लातिना में स्ट्रॉबेरी की पैकिंग करने वाली मशीन से हाथ कट गया था जिसके बाद उनके नियोक्ता ने सिंह को बिना चिकित्सा उपचार के छोड़ दिया था।

भारत ने इटली से उस भारतीय श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिसे भारी कृषि मशीनरी से उसका हाथ कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उसे बिना चिकित्सकीय सहायता के सड़क पर फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

चीन में दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया

बीजिंग । चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया है। इन दोनों पर अवैध रूप से उपहार और पैसे लेने और रिश्वतखोरी का संदेह जताया गया है। ली शांगफू 12 मार्च 2023 से 24 अक्टूबर 2023 तक चीन के रक्षा मंत्री रहे। वहीं, वेई फेंगहे को 19 मार्च 2018 को रक्षा मंत्रालय की कमान सौंपी गई थी। वे 12 मार्च 2023 तक इस पद पर रहे। वेई फेंगहे पीएलए रॉकेट फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी थे, जिनके कई शीर्ष कमांडरों को राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में बर्खास्त कर दिया था।

मंच पर हुए आमने-सामने : प्रेसिडेंशियल डिबेट में खूब बरसे ट्रंप

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर एक ही मंच पर आमने-सामने हुए हैं। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप और बाइडन के बीच प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई है। वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए दोनों अमेरिकी जनता के सामने अपनी बातें रख रहे हैं। अटलांटा स्थित दफ्तर में पहली प्रेसिडेंशियल बहस के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन पर जमकर हमला बोला। डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि बाइडन चीन के साथ सौदा करने से डरते हैं क्योंकि उन्हें ड्रैनग से पैसा मिलता है। अब तक यह हमारे देश के इतिहास में सबसे बड़ा वित्तीय घाटा है। चीन के साथ हमारा सबसे बड़ा घाटा है। उन्हें चीन से पेमेंट मिलता है, वह एक मंचूरियन उम्मीदवार हैं।'

बता दें कि यहां कोई लाइव ऑडियंस नहीं है। जब बाइडन बोलते हैं तो ट्रंप का माइक म्यूट रहता है और जब ट्रंप बोलते हैं तो बाइडन का माइक म्यूट रहता है। जो बाइडन ने अपनी बहस की शुरुआत डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना से की। हालांकि, बोलते वक्त वह कई बार लड़खड़ाए, जिसके बाद ट्रम्प ने तुरंत उनके शब्दों को पकड़ लिया। जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए अब तक के दो सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। डेमोक्रेटिक की ओर से जो बाइडन अपनी बातें रख रहे हैं तो वहीं रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप। यहां बताना जरूरी है कि समय से पहले इस बार यह डिबेट हो रही है। अब तक दोनों पार्टियों ने आधिकारिक तौर पर अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। लाइव डिबेट में दोनों एक-दूसरे पर वार-पलटवार कर रहे हैं।

चीन की धमकी के बाद ताइवान ने उठाया बड़ा कदम, अपने नागरिकों से की ये अपील

(एजेंसी)। ताइवान सरकार ने चीन और हांगकांग की यात्रा करने के इच्छुक नागरिकों के लिए अपनी यात्रा चेतावनी बढ़ा दी है और उनसे कहा है कि जब तक बहुत जरूरी न हो तब तक न जाएं, पिछले हफ्ते बीजिंग द्वारा उन लोगों को फांसी देने की कथित धमकी के बाद, जिन्हें वह ताइवान की स्वतंत्रता के कट्टर समर्थक मानते हैं। चीन की धमकी, जो ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है। देश और स्वतंत्रता की वकालत करने वाले ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीच पहले से ही तनावपूर्ण तनाव को और बढ़ा दिया है। चीन ने 21 जून को देश को विभाजित करने और कानून के अनुसार अलगाव अपराधों को उकसाने और चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए ÷कट्टर÷ ताइवान स्वतंत्रता अलगाववादियों के लिए चरम मामलों में मौत की सजा देने की धमकी दी। उत्तेजक टिप्पणियों की लाई और उनकी सरकार के साथ-साथ अमेरिका ने भी निंदा की। ताइवान के मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता लियांग वेन-चीह ने संवाददाताओं से कहा कि बढ़ी हुई यात्रा

चेतावनी चीन द्वारा संचालित शहरों हांगकांग और मकाऊ पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि दिशानिर्देश चीन जाने वाले ताइवानी लोगों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा दर्शाते हैं, इसके अलावा चीन ने अपने राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनों को मजबूत करने के लिए अन्य उपाय भी किए हैं। उन्होंने कहा कि अगर जाना ज़रूरी नहीं है, तो न जाएं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पर प्रतिबंध नहीं है और यह ताइवान के लोगों की रक्षा करने और उन्हें प्रति उपाय के बजाय जोखिम की याद दिलाने के बारे में है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। इसने बुधवार को कहा कि दिशानिर्देश केवल बहुत कम संख्या में स्वतंत्रता के कट्टरपंथियों के बुरे शब्दों और कार्यों के लिए थे।

इस साल का दूसरा सूर्य ग्रहण दो अक्टूबर को पड़ेगा

-यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं होगा, आग के एक छल्ले के रुप आएगा नजर

वॉशिंगटनसैंटफ्रांसिस्को (एजेंसी)। इस साल हमें दो सूर्य ग्रहण देखने को मिलेंगे। पहला सूर्य ग्रहण एक पूर्ण सूर्य ग्रहण था, जो अमेरिका में अप्रैल महीने में देखा गया था। यह बेहद दुर्लभ नजारा था। वहीं अगले सूर्य ग्रहण का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। अगला सूर्य ग्रहण हमें 2 अक्टूबर को दिखाई देगा। लेकिन यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं होगा। दो अक्टूबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जिसे रिंग ऑफ फायर भी कहा जाता है। आसमान में आग का एक छल्ला दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि अंतरिक्ष में सूर्य स्थिर रहता है। वहीं पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करता है और इसके साथ चलते हुए सूर्य का चक्कर लगाता है। कई बार ऐसा होता है जब घूमते हुए चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच में आ जाता है तब यह कुछ क्षण के लिए सूर्य के प्रकाश को रोक देता है, जो सूर्य ग्रहण कहलाता है। इस दौरान इसकी परछाई धरती पर पड़ती है। चंद्रमा जब धरती का चक्कर लगाता है तो इस दौरान उसकी दूरी भी बदलती रहती है। कभी वह पृथ्वी के नजदीक होता है तो कभी दूर। जब चंद्रमा पृथ्वी के करीब होता है तब इसका आकार बड़ा दिखता है। वहीं जब यह धरती से दूर होता है तो छोटा नजर आता है। सूर्य ग्रहण के दौरान अगर यह धरती के करीब होता है, तो आकार के कारण पृथ्वी से यह हमें सूर्य को पूरी तरह ढकता हुआ दिखाई देता है। लेकिन जब यह पृथ्वी से दूर होता है तो अपने छोटे आकार के कारण सूर्य के बीच के हिस्से को ही ढक पाता है। सूर्य का बाकी किनारा दिखाई देता है, जो आसमान में आग का छल्ले के रुप में नजर आता है। वलयाकार सूर्य ग्रहण को एन्यूलर सोलर इकलिप्स कहा जाता है। 2 अक्टूबर को लगने वाले सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह वलयाकार सूर्य ग्रहण दक्षिण अमेरिका महाद्वीप और प्रशांत महासागर में दिखाई देगा। चंद्रमा इस दौरान सूर्य के 93 फीसदी हिस्से को कवर करेगा। आसमान में एक पूर्ण आग की रिंग 7 मिनट 25 सेकंड का होगा। अर्जेंटीना और चिली के कुछ जगहों पर इस सूर्य ग्रहण को देखा जा सकता है। महाद्वीप के बाकी हिस्सों में यह आंशिक रूप से दिखाई देगा।

आईसीसी टी20 विश्वकप में आज होगा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला

ब्रिजटाउन (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट में शनिवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला होगा। इसमें जीत के लिए दोनो ही टीमें पूरी ताकत लगा देंगी। दोनो ही टीमें अब तक इस टूर्नामेंट में सभी मैच जीती हैं जिससे इनका मनोबल बढ़ा हुआ है। अब दोनो का ही लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फाइनल में जीत दर्ज करना रहेगा। दक्षिण अफ्रीका जहां पहली बार विश्वकप के फाइनल में पहुंची है। वहीं भारतीय टीम पिछले एक दशक से आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी है। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम फाइनल जीतकर खिताबी सूखा समाप्त करना चाहेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका भी अपना पहला खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें सभी मैच जीती हैं पर बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी।

वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम दबाव में बिखरने के चोकर्स के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और ऐसे में वह खिताबी मुकाबले में भी जीत चाहेगी।

भारतीय टीम इस मैच को जीतकर कोच राहुल द्रविड़ को एक अच्छी विदाई देना चाहेगी। जिन्होंने 2007 के कैरेबियाई देशों में खेले गये एकदिवसीय विश्व कप में टीम की कप्तानी की थी। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था। ऐसे में जीत के साथ ही एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी।

भारत निश्चित रूप से पिछले मैच के अंतिम एकादश पर कायम रहेगा, लेकिन टीम को कम से कम दो खिलाड़ियों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दिग्गज विराट कोहली अब तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और अब उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। रोहित इस मैच में भी आक्रामक अंदाज अपनाएंगे। भारतीय कप्तान को दबाव वाले मैच में शिवम दुबे से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। टूर्नामेंट में अब तक लचर प्रदर्शन के बाद भी वह केशव महाराज और तबरेज शम्सी जैसे स्पिनरों के खिलाफ बड़े

शॉट खेलकर नायक बन सकते हैं। ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव मध्यक्रम में आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं तो हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और रविंद्र जड़ेजा ने छोटी लेकिन प्रभावी पारियां खेली हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर कुलदीप यादव जबरदस्त लय में हैं। वहीं दूसरी ओर कप्तान एडेन मार्कराम की दक्षिण अफ्रीकी टीम को क्विंटन डिकॉक और रीजा हेंड्रिक्स की सलामी जोड़ी से रनों की उम्मीद होगी। सुपर आठ में ये बड़ी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन फाइनल में टीम के लिए बेहर प्रदर्शन को तैयार होंगे। इस प्रारूप के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शामिल हेनरिच क्लासेन भी टीम के लिए बड़ी पारी खेल सकते हैं। टीम के पास अच्छे गेंदबाज हैं। कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे के पास तेज गेंदबाजी जबकि तबरेज शम्सी और केशव महाराज के पास स्पिन विभाग की कमान रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होगा।

टीम

भारत = रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह!

दक्षिण अफ्रीका = एडेन मार्कराम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे, तबरेज शम्सी!

गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर के ओलंपिक में खेलने पर संदेह

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के शीर्ष गोला फेंक खिगोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेकिटिक्स चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है। ये प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम अवसर है। ऐसे में अब देखना होगा कि तूर को पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलता है या नहीं। पिछले महीने ही भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने साफ कर दिया था कि ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के लिए पेरिस ओलंपिक में चयन के लिए राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेना अनिवार्य होगा। ऐसे में अब देखना है कि तूर का मामला किया प्रकार से हल किया जाता है।

कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करने की राह पर थे पर असफल रहे। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। तूर ने बताया कि अभी उनके टखने में थोड़ा दर्द है जिसकी वजह से डॉक्टर ने सिंह को तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने की सलाह दी है। तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहार्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा। ऐसे में एथलेटिक्स महासंघ तूर के मामले को किस प्रकार संभालता है।

टी20 में स्ट्राइक रेट पर अधिक जोर दिया जा रहा : मिलर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेविड मिलर ने कहा है कि जिस प्रकार से आजकल टी20 क्रिकेट हो रहा है और स्ट्राइक रेट पर ही जोर दिया जा रहा है। उस स्थिति में आने वाले समय में खिलाड़ी बेहतर औसत नहीं बल्कि तेजी से खेलने की क्षमता के आधार पर ही चयनित किये जाएंगे। मिलर पिछले कुछ साल में फिनिशर की भूमिका में ही नजर आये हैं। मिलर ने कहा, 'हमने इस साल कुछ बड़े स्कोर देखे हैं। कुछ टीमों के साथ ही कुछ खिलाड़ियों ने जबरदस्त बल्लेबाजी की है। मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है।

साथ ही कहा, 'टी20 क्रिकेट में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना कठिन हो सकता है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या पर्याप्त होती है। वहीं मध्य क्रम की बात आती है तो यह हमेशा स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज के खेल का मैच पर पड़ने वाले प्रभाव की बात होती है ,ऐसे में मुझे लगता है कि लोगों को मैच जीतने की क्षमता के आधार पर टीमों का चयन करना होगा।

द्रविड़ और रोहित ने कोहली का समर्थन किया, कहा- टी20 विश्व कप फाइनल में बड़ी पारी खेलेंगे

जॉर्जटाउन (गयाना) (एजेंसी)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि यह स्टाइलिश बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में बड़ी पारी खेलेगा। टी20 विश्व कप से पहले आईपीएल में सर्वाधिक 741 रन बनाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक सात पारियों में केवल 75 रन बना पाए हैं।

द्रविड़ ने सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर 68 रन की जीत के बाद कहा, 'आपने देखा होगा कि जब भी विराट थोड़ा जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं तो हो सकता है कि कुछ अवसरों पर उन्हें सफलता न मिले।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने वास्तव में अच्छा छक्का जड़ा लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और गेंद को थोड़ा ज्यादा मूवमेंट मिल गया। लेकिन जिस तरह से वह खेलते हैं, वह मुझे पसंद है।'

द्रविड़ ने कहा, 'मैं इसमें किसी तरह का मिथक नहीं जोड़ना चाहता हूं लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। मुझे उनका रवैया और समर्पण पसंद है।' कप्तान रोहित ने भी उम्मीद जताई कि कोहली फाइनल में बड़ी पारी खेलने सफल रहेंगे।

रोहित ने कहा, 'वह बेहतरीन खिलाड़ी है। कोई

भी खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजर सकता है। हम समझते हैं कि वह कितना कुशल खिलाड़ी है और हम बड़े मैचों में उनके महत्व को समझते हैं।' उन्होंने कहा, 'फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं रही क्योंकि जब आप 15 साल से क्रिकेट खेलते रहे हों तो फॉर्म समस्या नहीं बनती। वह शानदार लय में दिख रहे हैं। उनके इरादे स्पष्ट हैं। संभवत= उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा कर रखा है।'

टूर्नामेंट में अभी तक तीन अर्धशतक की मदद से 248 रन बनाने वाले रोहित भारत के पहले ऐसे कप्तान हैं जिनकी अगुवाई में टीम 12 महीने के अंदर तीसरी बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगी। भारत ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी।

द्रविड़ ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा, 'मैं उनके बारे में जो कुछ भी कहूंगा वह कम होगा। जिस तरह से उन्होंने टीम के साथ काम किया, उनकी रणनीति, उनकी परिपक्वता और टीम के प्रति उनका रवैया के बारे में जितना भी कहा जाए कम होगा।'

व्यक्तिगत प्रदर्शन महत्वपूर्ण होता है लेकिन रोहित ने कहा कि सामूहिक प्रयास से मैच जीतना संतोषप्रद रहा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठाया। परिस्थितियां थोड़ी चुनौती पूर्ण थी। हमने उनसे सामंजस्य बिठाया और यह अब तक हमारी सफलता की कहानी है। आप जानते हैं कि इस मैच तक हमने वास्तव में परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है।'

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, 'हमें पूरे 40 ओवर तक अच्छे फैसले करने होंगे और इससे हमें मैच अपने पक्ष में करने में मदद मिलेगी। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में भी हम शांत थे।' उन्होंने कहा, 'मैं यही कह सकता हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। टीम अच्छी लय में है और हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। मैं यही उम्मीद कर सकता हूं कि हम फाइनल में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

सचिन, हरभजन और युवराज ने अक्षर और कुलदीप को दिया जीत का श्रेय, सेमीफाइनल में पहुंचने पर टीम को बधाई दी

गयाना । महान बल्लेबाज सचिन तेंदलुकर के अलावा दिग्ग्ज स्पिनर हरभजन सिंह और ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भारतीय टीम को टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी है । इसके साथ ही जीत में अहम भूमिका निभाने के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की अहम भूमिका की सराहना की है । सचिन ने कहा, कठिन पिच पर भारतीय टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 171 रन बनाए । अक्षर पटेल ने अपने पहले 3 ओवर की पहली गेंद पर अहम विकेट लिए जबकि कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में जबरदस्त गेंदबाजी को इंग्लैंड को दबाव में ला दिया । सचिन ने कहा कि हमारा कुल स्कोर 171 रन था जो इंग्लैंड के 167 के बराबर स्कोर से थोड़ा ही अधिक था, पर हमारी गेंदबाजी ने उसे बेहतर बना दिया । वहीं मनोज तिवारी ने कहा, रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंची है । इससे साफ है कि रोहित की टीम ने फिर से बड़े मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है । स्पिनरों के साथ ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी कमाल की गेंदबाजी की । वहीं हरभजन ने कहा,卐 फाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को बधाई । बढ़िया खेला कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव । वहीं शानदार गेंदबाजी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव व जसप्रीत बुमराह ।

रहाणे अब लीसेस्टरशर की ओर से खेलेंगे

लीसेस्टर । भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे अब इंग्लैंड में लीसेस्टरशर के लिए काउंटी चैम्पियनशिप और वन डे कप खेलते हुए नजर आयेंगे । रहाणे ने इस सत्र के दूसरे भाग के लिए लीसेस्टरशर के साथ करार किया है । क्लब के अनुसार रहाणे काउंटी चैम्पियनशिप के अंतिम पांच मैचों में खेलने के साथ ही वन डे कप में भी खेलेंगे । वह अगले माह जुलाई में टीम से जुड़ेंगे । गौरतलब है कि लीसेस्टरशर की टीम वन डे कप की गत चैम्पियन है । रहाणे

टीम में 36 वर्षीय खिलाड़ी वियान मुल्डर की जगह लेंगे । मुल्डर ने अपना नाम वापस ले लिया है । वह अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के साथ वेस्टइंडीज दौरे जा रहे हैं । रहाणे ने अब तक अपने करियर में सभी प्रारूपों (प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए और टी20) में 51 शतक की मदद से 26,000 से अधिक रन बनाए हैं । इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 265 रन रहा है । उन्होंने भारतीय टीम के लिए सभी प्रारूप में 15 शतकों के साथ 8000 से अधिक रन बनाए हैं । रहाणे ने करार पर खुशी जताते हुए कहा, 'मैं लीसेस्टरशर की टीम से जुड़कर काफी उत्साहित हूं और इस सत्र में टीम से जुड़ने का इंतजार कर रहा हूं । मैंने पिछले साल टीम के परिणामों को देखा और उससे काफी प्रभावित हुआ । मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी क्रिकेट का आनंद लूंगा और इस सत्र में क्लब की अधिक सफलता में योगदान दूंगा। रहाणे जुलाई के मध्य में टीम से जुड़ेंगे। वहीं लीसेस्टरशर के क्रिकेट निदेशक क्लाउड हेंडरसन ने कहा, 'हम लीसेस्टरशर में रहाणे जैसे शानदार खिलाड़ी का स्वागत करने के उत्सुक हैं। उनके पास अपार अनुभव है जिससे हमारी टीम को लाभ होगा।

शेफाली वर्मा ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में ठोका सबसे तेज दोहरा शतक

चेन्नई (एजेंसी) । भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गई।

20 साल की शैफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। शेफाली भारत की पूर्व कप्तान कप्तान मिताली राज के बाद लगभग 22 वर्षों के लंबे समय अंतराल पर टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय भी बनीं। मिताली ने अगस्त 2002 में टॉनटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदों पर 214 रन बनाए थे।

शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी में 23 चौके और आठ छक्के जड़े। उन्होंने डेलमी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह 197 गेंद में 205 रन बनाकर रन आउट हुई। शेफाली को सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 161 गेंद में 27 चौके और एक छक्का लगाया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में रिकॉर्ड 292 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

रिलायंस फाउंडेशन ने पेरिस ओलंपिक के लिए बनाया इंडिया हाउस

नई दिल्ली । रिलायंस फाउंडेशन ने आगामी ओलंपिक खेलों को देखते हुए पेरिस में 'इंडिया हाउस' बनाया है । ये हाउस भारतीय ओलंपिक संघ के सहयोग से पेरिस के पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है । इस पार्क में इंडिया हाउस के अलावा नीदरलैंड, कनाडा, ब्राजील और मेजबान फ्रांस समेत 14 देशों के कंट्री हाउस भी हैं। आईओसी की सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर नीता एम.अंबानी ने इंडिया हाउस बनाने पर खुशी जताते हुए कहा कि पेरिस ओलंपिक खेलों में पहली बार इंडिया हाउस की घोषणा करते हुए मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं । यह एक ऐसा स्थान होगा जहां हम अपने एथलीटों का सम्मान कर सकेंगे व अपनी टीम की जीत की खुशी मनाएंगे, अपनी कहानियाँ साझा करेंगे और दुनिया भर को भारतीयता के रंग में रंग देंगे । वहीं भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने कहा कि रिलायंस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में इंडिया हाउस का उद्घाटन, पेरिस ओलंपिक में भारतीय प्रशंसकों और एथलीटों के लिए मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। मैं इस पहल और भारत के ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए आईओसी की सदस्य नीता अंबानी को धन्यवाद देना चाहूंगी । इंडिया हाउस में खेल प्रशंसकों के लिए विशेष वॉच पार्टियां आयोजित की जाएंगी ।

दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल होगा- टी20 विश्व कप फाइनल पर रिकी पोंटिंग की दो टूक

बुखारेस्ट। (एजेंसी)। नई दिल्ली = ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना ??है कि दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ फाइनल में कुछ खास करने की जरूरत नहीं है। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने के साथ फाइनल में उतरेंगे। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अपने ऐतिहासिक सफर में सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराया, जबकि भारत ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर 2011 के बाद अपना पहला विश्व कप खिताब जीता।

एडेन मार्कराम की अगुवाई वाली टीम अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेगी और पोंटिंग को लगता है कि यह प्रोटियाज खिलाड़ियों के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। पोंटिंग ने कहा कि बहुत-सी टीमें कहती हैं %यह सिर्फ एक और खेल है% और वे

इस अवसर से बचने की कोशिश करती हैं कि यह कितना बड़ा अवसर है। यह सब इसे वैसे ही स्वीकार करने के बारे में है जैसा यह है। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी पहले वहां नहीं गए हैं, इसलिए आज रात का आनंद लें, कल का आनंद लें। सुनिश्चित करें कि आप जो कुछ भी नेतृत्व करते हैं वह वही है और आपकी तैयारी भी वही है।

पोंटिंग ने कहा कि टूर्नामेंट में अब तक के बढ़िया प्रदर्शन के बाद दक्षिण अफ्रीका फाइनल में भारत के खिलाफ अपने कौशल का समर्थन करना जारी रखेगा। वे यहां तक ??अपराजित हैं, इसलिए उन्हें कुछ भी बदलने की जरूरत नहीं है और उन्हें और अधिक प्रयास करने की जरूरत नहीं है। उन्हें बस आगे बढ़ने और खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने और एक टीम के रूप में खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने की जरूरत है। दिन और खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका दें अगर वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें हराना मुश्किल होगा।

बता दें कि भारत और दक्षिण अफ्रीका शनिवार, 29 जून को बारबाडोस में फाइनल के दौरान आमने-सामने होंगे। दक्षिण अफ्रीका ने फाइनल तक पहुंचने के लिए अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं, भारतीय टीम भी अब तक अजेय रही है।

फ्लावर और मूडी ने तारोबा की पिच को खराब बताया

-यहीं हुआ था दक्षिण अफीका और अफगानिस्तान का मुकाबला

तारोबा । जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एंडी फ्लावर ओर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा है कि दक्षिण अफीका और अफगानिस्तान के बीच यहां हुए पहले सेमीफाइनल की पिच खराब थी । फ्लावर के अनुसार असामान्य उछाल और सीम मूवमेंट के कारण इस पिच को खतरनाक कहा जा सकता है । इस पिच पर दक्षिण अफीका ने अफगानिस्तान को केवल 56 रनों पर समेटने के बाद नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया था । फ्लावर ने कहा कि आप टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के अफगानिस्तान के फैसले को गलत नहीं मान सकते । वह इस टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाजी कर लक्ष्य का बचाव करने के मामले में शानदार रहे हैं । उन्होंने कहा कि इस पिच पर हालांकि पहले बल्लेबाजी करना काफी कठिन था । आपको यह नहीं पता था कि इस पिच पर संघर्ष करने के लिए कितने रनों की जरूरत होगी । उन्होंने कहा कि कुछ गेंदें बल्लेबाज के करीब टप्पा खाने के बावजूद कंधे और गर्दन तक उछल रही थी । ऐसी एक गेंद विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के ऊपर से चार रन के लिए चली गयी । मैं इस बात को लेकर खुश हूं कि कोई चोटिल नहीं हुआ ।

फ्लावर ने कहा कि पिच में मौजूद दरारों को देखकर पता चल गया था कि इसमें गेंदबाजों को असामान्य उछाल मिलेगा । उन्होंने कहा कि आपने स्क्वायर क्षेत्र के ऊपर से कुछ दिलचस्प दृश्य शॉट देखे और कुछ लोग इसे पूरी तरह से नई पिच बता रहे थे लेकिन अगर इस पिच की स्थिति खराब थी तो वे उस पिच का इस्तेमाल कर सकते थे जो पहले इस्तेमाल की गई थी । वहीं ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर टॉम मूडी ने भी कहा कि मुझे नहीं लगता कि आप इस प्रकार की पिच को किसी भी खेल में देखना चाहेंगे । मैदान पर बल्लेबाजों और गेंदबाजों को समान सहायता मिलनी चाहिये ।

टी20 विश्वकप में खराब प्रदर्शन के बाद से ही आलोचकों के निशाने पर हैं मिचेल मार्श

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का प्रदर्शन इस बार आईसीसी टी20 विश्वकप में खराब रहा और टीम सेमीफाइन में नहीं पहुंच पायी। उसे सुपर आठ में अफगानिस्तान जैसी नई टीम से भी हार का सामना करना पड़ा। उसके कप्तान मिचेल मार्श का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा। जिसके बाद से ही वह आलोचकों के निशाने पर हैं। मार्श की 2021 टी20 विश्वकप जीत में अहम भूमिका रही थी। इसी कारण उन्हें इस बार कप्तान बनाया गया था पर ये फैसला ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए नुकसानदेह रहा। टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी। खराब कप्तानी के अलावा मार्श ने कई कैच भी छोड़े। वह 7 मैचों में 20.83 के औसत और 116.82 के स्ट्राइक रेट से 125 रन ही बना पायी। गेंदबाजी के लिए फिट घोषित किए जाने के बावजूद उन्होंने एक भी ओवर नहीं

किया। उनकी फील्डिंग की तो जमकर आलोचना हुई। टूर्नामेंट के दौरान मार्श ने आधा दर्जन से अधिक कैच गिराये। इसमें से कुछ तो बेहद आसान थे। इसमें सुपर 8 में भारत के खिलाफ हार्दिक पंड्या का कैच भी शामिल था।

बल्लेबाजी और गेंदबाजी के साथ फील्डिंग ऑस्ट्रेलिया टीम का मजबूत पहलू है पर टी20 विश्वकप 2024 में ऑस्?ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने 14 कैच गिरा दिये। 7 कैच तो मार्श ने ही गिरा दिये। स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में ही उन्होंने 3 कैच छोड़े। टीम इंडिया के खिलाफ सुपर 8 के अहम मैच में मार्श ने एडम जंपा की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर पंड्या का आसान कैच छोड़ा था। पंड्या उस समय केवल 4 रन पर थे। यह कैच कंगारू टीम को महंगा पड़ा था। उसके बाद पंड्या ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर एक चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 27 रन बनाते हुए भारतीय टीम को 200 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में भारत के खिलाफ मिली इस हार के बाद ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें भी काफी कम होकर बांग्लादेश और अफगानिस्तान मुकाबले पर टिक गयीं थीं। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में मिचेल स्टॉर्क की जगह एस्टन एगर को शामिल करने और पहले गेंदबाजी कारने का मार्श का फैसला भी ऑस्ट्रेलिया के कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने सही नहीं माना था क्योंकि किंग्सटाउन मैदान पर टी20 विश्वकप में अब तक कभी भी दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम नहीं जीती थी। दूसरी पारी के दौरान पिच और धीमी हो जाती है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन की हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान और प्लेयर के तौर पर नाकामी के अलावा मार्श का रवैया भी लोगों ने पसंद नहीं किया है। टीम की अफगानिस्तान के खिलाफ हार और भारत के खिलाफ अहम मैच से पहले, मार्श की बयानबाजी भी सही नहीं मानी गयी है।

राजस्थान का मजबूत होगा बिजली तंत्रः खट्टर

जयपुर। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को दिल्ली में केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल तथा केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान नागर ने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष प्रदेश में बिजली एवं कोयले की आपूर्ति में सुधार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। इस पर केन्द्रीय मंत्रियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। केंद्रीय विद्युत मंत्री से संसद भवन स्थित कक्ष में हुई मुलाकात के दौरान प्रदेश में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण, नए 33/11केवी जीएसएस निर्माण, फीडर सेपरेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बिजली की बेहतर आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। केन्द्रीय बिजली मंत्री ने नागर को आश्वस्त किया कि राजस्थान के विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए आरडीएसएस योजना के माध्यम से जो प्रस्ताव राजस्थान सरकार की ओर से आएंगे उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य की 60 अनुपात 40 की वित्तीय भागीदारी से यह योजना संचालित होती है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि राजस्थान की ओर से इस योजना में 10 हजार करोड़ रूपयों के कार्यों के प्रस्ताव मंजूरी के लिए भिजवाए जाने हैं। नागर ने केन्द्रीय विद्युत मंत्री को राजस्थान के प्रवास पर आने के लिए आमंत्रित किया। मनोहर लाल ने कहा कि वे बजट सत्र के बाद इस संबंध में केन्द्रीय अधिकारियों से चर्चा कर राजस्थान के दौरे की रूपरेखा तैयार करेंगे। शास्त्री भवन में कोयला मंत्री रेड्डी से हुई मुलाकात के दौरान नागर ने उन्हें कोयले की आपूर्ति एवं इसके खनन से संबंधित प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों से अवगत कराया। उन्होंने रेड्डी को बताया कि राजस्थान को आवंटित कैप्टिव माइंस हस्तांतरित हो जाती है तो कोयले की कोई कमी नहीं रहेगी तथा कोल इंडिया एवं अन्य स्रोतों से कोयले की खरीद पर होने वाले 40 प्रतिशत के अतिरिक्त वित्तीय भार का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। इसका लाभ प्रदेश के बिजली तंत्र एवं उपभोक्ताओं को होगा। श्री रेड्डी ने इस संबंध में केंद्र सरकार के स्तर पर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

मोबाइल फोन टावर का 5 टन लोहे का सामान चोरी

गोलूवाला। गोलूवाला थाना क्षेत्र में बीएसएनएल के टावर लगाने के लिए बनाए एक स्टोर से अज्ञात चोर 4 से 5 टन लोहे के एंगल, पत्तियां और नट- बोल्ट चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक सुनील कुमार सहारण (43) निवासी घुडसाल थाना आदमपुर तहसील बालसमंद जिला हिसार (हरियाणा) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सुनील सहारण ने पुलिस को बताया है कि वह सिकिपर कंपनी में राजस्थान फील्ड मैनेजर के पद पर नियुक्त है। उसकी कंपनी को बीएसएनएल के टावर लगाने का कार्य मिला हुआ है। इन दिनों तक 23 एमओडी गुरुसर मोरिया में टावर लगाने का कार्य चल रहा है। वहां पर रोड़ी, बजरी और लोहे के एंगल पत्तियां तथा नट- बोल्ट आदि सामान रखा हुआ है। विगत एक मार्च की रात को 4 से 5 टन लोहे के एंगल, पत्तियां और नट-बोल्ट अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। उनके द्वारा काफी छानबीन की गई, लेकिन चोरों का पता नहीं चला।

पीएचईडी ने करवाई क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मतए जलापूर्ति सुचारू

श्रीगंगानगर। पीएचईडी की शहरी जल योजना श्रीगंगानगर के अन्तर्गत भरतनगर जोन की 400 एमएम ए.सी. प्रेशर पाईप चावला चौक के पास 24 जून 2024 को क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे उसी दिन सुधार कर शाम को जलापूर्ति सुचारू कर दी गई। पीएचईडी एक्सईएन श्री मोहनलाल अरोड़ा ने बताया कि पाईप लाईन की टेस्टिंग हेतु खडडे को दो दिन खुला रखा गया। 27 जून को खडडा भरने के दौरान मिटटी के दबाव से जोईन्ट में मामूली लीकेज होने लगा। इस लाईन को पुनः 28 जून को रिपेयर करवा दिया गया है। इस दौरान जलापूर्ति पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा तथा न ही मटमेले पानी की आपूर्ति हुई है। वर्तमान में जलापूर्ति सामान्य है।

जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का समय पर निस्तारण करें: शिक्षा मंत्री

जयपुर। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कोटा जिले के स्वामी विवेकानंद नगर स्थित मां भारती विद्यालय में समस्या समाधान शिविर के अंतर्गत जनसुनवाई की जिसमें 174 प्रकरण प्राप्त हुए। शिक्षा मंत्री ने एक-एक परिवादी की बात बड़ी ही तल्लीनता से सुनी और सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से प्राप्त शिकायतों का संवेदनशीलता से समय पर निस्तारण करें। जनसुनवाई स्थल पर ही सभी विभागों के स्टॉल लगाकर शिकायतों का पंजीयन किया गया। शिक्षा मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी माह में की जाने वाली जनसुनवाई में सभी विभाग अपने-अपने विभागों की योजनाओं, उनकी पात्रता एवं किस प्रकार से आवेदन किया जाए इसकी जानकारी पर आधारित फ्लेक्स एवं पंपलेट का भी वितरण करना सुनिश्चित करें जिससे पात्र नागरिक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। शिक्षा मंत्री ने कोटा विकास प्राधिकरण की उप सचिव को निर्देश दिए कि घुमंतू एवं बीपीएल परिवार के नागरिक जिनके पक्के घर या छत नहीं है उनका तीन माह में सर्वे कर विभिन्न योजनाओं में पुनर्वासित किया जाए। उन्होंने कोटा विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के खाली पड़े भूखंडों में कचरा एवं गंदा पानी भर जाने की शिकायत प्राप्त होने पर अधिकारियों को तीन दिवस में सफाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में खाद्य विभाग, पीएचईडी, जेवीवीएनएल केडीई एल, रोडवेज, चिकित्सा स्वास्थ्य, जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

निजी अस्पतालों को भी पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करनी होगी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति रिपोर्ट

जयपुर। प्रदेश के निजी अस्पतालों को भी अब मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति रिपोर्ट हर माह पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करनी होगी। इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक परिपत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में संचालित कुछ ही अस्पतालों द्वारा अभी तक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्ट पीसीटीएस पोर्टल पर दर्ज की जा रही थी। प्रत्येक जिले के लक्ष्य अनुमानित जनसंख्या के आधार पर आवंटित किए जाते हैं। निजी क्षेत्र में संचालित अस्पताल भी इसी जनसंख्या में से गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं एवं शिशुओं को टीकाकरण व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसे देखते हुए निजी अस्पतालों द्वारा प्रदत्त की गई समस्त सेवाओं की रिपोर्ट, लाइन लिस्ट, पीसीटीएस पोर्टल एवं यूविन पोर्टल पर अपडेट किया जाना आवश्यक है। निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत एवं इंडियन मेडिकल एसोसियेशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी परिपत्र में निर्देश दिए गए है कि निजी अस्पतालों को पोर्टल पर एएनसी रजिस्ट्रेशन, 12 सप्ताह पूर्व एएनसी रजिस्ट्रेशन, प्रसव पूर्व 4 जांच, टी.डी., संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, नसबंदी, पीपीआईयूसीडी निवेशन एवं आईयूडी निवेशन की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। डॉ. राणावत ने बताया कि पीसीटीएस एवं यूविन पोर्टल में प्रत्येक निजी अस्पताल नजदीकी राजकीय चिकित्सा केन्द्र के साथ मैप किया हुआ है। परिपत्र में निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक राजकीय चिकित्सा संस्थान उनके साथ मैप्ड निजी अस्पताल की मासिक रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज किया जाना सुनिश्चित कराएं। जिन निजी अस्पतालों की मासिक रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी, उन अस्पतालों की समीक्षा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में की जाएगी।

सरकारी स्कूल में चोरी करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव जगतेवाला में विगत जनवरी महीने में सरकारी स्कूल में हुई चोरी की घटना में लिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। घटना की जांच कर रहे असी हरपाल ज्याणी ने बताया कि गांव अरायण निवासी रेशमसिंह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। उसकी जमानत स्वीकार कर ली गई। जगतेवाला के सरकारी स्कूल में जनवरी महीने के प्रथम सप्ताह में चोरी की वारदात हो गई थी। चोर स्कूल के कमरों के ताले तोड़कर गैस सिलेंडर,पोषाहार का 60 किलो गेहूं और 60 किलो चावल तथा विधानसभा चुनाव के दौरान स्कूल में बनाए मतदान केंद्र पर होने वाली पोलिंग की वेब कास्टिंग के लिए कैमरे लगाए गए थे, वह भी चोरी हो गए थे। जांच अधिकारी ने बताया कि इस घटना में शामिल एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था। रेशम सिंह काफी समय से फरार था,जो अब पकड़ में आया है।

राज्यपाल कलराज मिश्र का आज भारत माता आश्रम में हुआ भव्य स्वागत

तेज. रिपोर्टर | नोहर

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र का आज भारत माता आश्रम पर आगमन हुआ । जहां पर आश्रम के महंत श्री रामनाथ अवधूत ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री अवधूत ने राज्यपाल की जीवनी पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उनके प्रचारक जीवन के संस्मरण बताए और इसी अवसर पर राज्यपाल ने कहा की में बाल्यकाल से ही संघ का स्वयंसेवक रहा हूं एमए करने के बाद में संघ के प्रचारक के रूप में भारतीय जनसंघ के संगठन मंत्री के नाते उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कार्य किया और उन्होंने सभी को राष्ट्रीय पथ पर चलते हुए मां भारती की सेवा में सदैव तत्पर रहने की बात कही और उन्होंने कहा की भारतीय संविधान को कभी भी बदला नहीं जा सकता। समयनुसार उसमे संशोधन होते रहते है । इस निजी कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। जिसमे भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष

कैलाश मेघवाल, नगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री नरेंद्र चौधरी, रमेश बेनीवाल, सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक पारीक, कैलाश पंडा,शिवराज भारतीय, महामंत्री प्रद्युमन व्यास, महेश सोनी, प्रीतम सोलंकी, धनश्याम चौधरी, वेदय सतपाल शर्मा ,इंजीनियर गोपाल स्वामी, गणेश स्वामी, प्रहलाद पेंटर, अनिल स्वामी, मोती सिंह राजपुरोहित, पंडित उमाशंकर शास्त्री, हरीश स्वामी इत्यादि ने राज्यपाल का स्वागत किया ।

दो किलो चार सौ ग्राम गांजा बरामद

हनुमानगढ़। सदर थाना पुलिस ने दो किलो चार सौ ग्राम गांजा बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सदर पुलिस थाना प्रभारी एसआई लाल बहादुर चन्द्र के नेतृत्व में टीम गुरुवार रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने जंडावाली रोही में पूनिया ढाणी के नजदीक कच्चा रास्ता पर कार्रवाई करते हुए राजेश कुमार (32) पुत्र कैलाश चन्द्र नाई निवासी वार्ड 13, गांव जंडावाली के कब्जे से दो किलो चार सौ ग्राम गांजा बरामद किया। मौके से राजेश कुमार को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार प्रकरण की जांच गोलूवाला पुलिस थाना प्रभारी एसआई रमेश पन्नू को सौंपी गई है।

प्रथम पेज का शेष...

गर्वनर ने की...

ग्रहण करने में सुविधा होगी। राज्यपाल ने संविधान के मौलिक अधिकारों का जिक्र करते हुये कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक का इसके प्रति कर्तव्य व दायित्व बनता है। उन्होंने भारत के संविधान को सर्वश्रेष्ठ संविधान बताते हुये कहा कि इस कारण ही देश का लोकतंत्र चल रहा है। संविधान में संशोधन किये जा सकते है मगर ऐसी कोई ताकत नही जो संविधान को बदल सके। संविधान को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। भारत का संविधान पवित्र ग्रंथ की तरह है।

बिहाणी त्याग व...

हुये कहा कि उन्होंने जन्मभूमि नोहर से लगाव कभी कम नही होने दिया। उनकी सोच थी कि महिलाए आर्थिक व शैक्षिक रूप से सम्पन्न होने से ही देश व समाज आगे बढ़ेगा। डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि यह बिहाणी परिवार की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि 40 वर्ष पूर्व उन्होंने क्षेत्र में उच्च शिक्षा की अलख जगाते हुये नर्बदा देवी बिहाणी राजकीय महाविद्यालय बनवाया और अब बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये गोरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय का निर्माण करवाया। गौरीशंकर बिहाणी के बाद आगे कि पीढ़ी उनके बताये मार्ग का अनुसरण कर रही है।

संस्कारों के कारण...

होने देता। विकास का प्रमुख आधार ही शिक्षा है। उन्होंने नोहर क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उनके परिवार को जो मान-सम्मान व प्यार दिया है इसके लिये उनका परिवार सदैव आभारी रहेगा। भामाशाह ओमनारायण बिहाणी ने क्षेत्र के लोगों को विश्वास दिलाया कि उनके पिता द्वारा शुरू किया गया विकास का क्रम निरंतर जारी रहेगा। ओमनारायण बिहाणी ने राज्यपाल के समक्ष कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य व विज्ञान संकाय शुरू करवाने की बात रखी। लक्ष्मीनारायण बिहाणी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका परिवार नोहर क्षेत्र के हर छोटे-बड़े कार्य के लिये सदैव तैयार है। उन्होंने कहा कि मनुष्य चाहे कही पर भी व्यापार करे मगर जन्मभूमि का कर्ज कभी नही उतारा जा सकता। संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी ने आभार व्यक्त किया।

समारोह में ये भी हुए शामिल

समारोह में श्रीनारायण बिहाणी, विजयनारायण बिहाणी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेन्द्र चाचाण, केशव बिहाणी, राजेश बिहाणी, तरूण बिहाणी, अतुल बिहाणी, राघव बिहाणी, रोहित बिहाणी, विवेक बिहाणी, मनीष बिहाणी, नोहर नागरिक परिषद जयपुर के अध्यक्ष श्रवण शर्मा, एफसी जैन, विजय थिरानी, बालकृष्ण गोल्याण, अमित थिरानी, पंचायत समिति प्रधान सोहन ढ़िल, माकपा नेता मंगेज चौधरी, कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष बलवीर सुथार, पूर्व पार्षद राजेन्द्र थिरानी, सुरेश पांडिया, महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती सरोज न्योल, एडवोकेट बाबूलाल चाचाण, ग्रेन मर्चेन्ट एशोसियेशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सुथार, पार्षद मुकेश मिश्रा आदि।

अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है महाविद्यालय

संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी ने बताया कि गोरीशंकर बिहाणी कन्या महाविद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। महाविद्यालय में दो दर्जन से अधिक कमरे व अनेक हॉल का अत्याधुनिक तरीके से निर्माण करवाया गया है। उक्त महाविद्यालय का निर्माण अल्प समय में करवाया गया है। जिस पर करीब 6 करोड़ रुपये खर्च हुये है।

सभापति और...

एनटीए चीफ को हटा दिया गया, जांच जारी है, मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है तो इस तरह का माहौल बनाने का क्या मतलब है। पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि जांच पूरी होने तक आप संसद में नीट मुद्दे पर बहस नहीं कर सकते...सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया है, जांच जारी है और जब तक यह पूरी नहीं हो जाती, मानव संसाधन विकास मंत्रालय कोई निर्णय नहीं ले सकता। मैं सभी से अनावश्यक हंगामा न करने की अपील करता हूं।' राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा-'बात सिर्फ आपातकाल की नहीं है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जब भी वे सत्ता में आए, संविधान खतरे में था। जब राजीव गांधी सत्ता में आए, तो सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला दिया और वो फैसला शरिया के खिलाफ लग रहा था, तब इस देश की संसद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रोक दिया और शरिया को संविधान से ऊपर रख दिया था।'

'राहुल गांधी का माइक बंद किया गया'

लोकसभा की कार्यवाही की शुरुआत तो हुई, लेकिन महज 15 मिनट बाद ही इसे 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी से नीट पर चर्चा में शामिल होने की अपील की। लेकिन हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही रोकनी पड़ी। राहुल जब बोलने लगे तो उनकी आवाज नहीं आई, इस पर विपक्ष ने स्पीकर पर माइक बंद करने का आरोप लगाया। इस पर ओम बिरला ने कहा कि उनके पास माइक का बटन नहीं होता है। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष फिर नारेबाजी करने लगा, जिससे कार्यवाही 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई।

प्रत्येक शक्ति केन्द्र...

शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार हनुमानगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक के नेतृत्व में प्रत्येक मण्डल स्तर पर शक्ति केन्द्रों पर प्रधानमंत्री के मन की बात को जन-जन तक पहुंचाने के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मन की बात के जिला संयोजक गौरव जैन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला हनुमानगढ़ का प्रत्येक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

शहर की सरकारों...

अलावा इन अभ्यर्थियों को कोई भी अन्य भत्ता नहीं दिया जाएगा। हालांकि परीवीक्षाकाल के बाद अभ्यर्थियों को राज्य सरकार की ओर से जारी सभी लाभ-परिलाभ दिए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेजों और प्रमाण पत्रों के साथ प्रस्तुत होना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होता है, तो नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त मान लिए जाएंगे। इस मौके पर स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने में हमेशा आगे रहेगी। अभी तो बस शुरुआत हुई है, आने वाले समय में लाखों युवाओं को रोजगार देकर उनके परिवार तक खुशी पहुंचाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। डीएलबी निदेशक सुरेश ओला ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार इन युवाओं की नियुक्ति से प्रदेश के निकायों में और बेहतर कार्य करने के लिए सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग में मैनपॉवर बढ़ने से अब और तेज गति से विकास कार्य हो सकेंगे।

डॉ. पारस जैन...

जांच की गई। जांच पड़ताल के बाद चंदन सिडाना, गुरविंदरसिंह गुरी, हर्ष उर्फ काकू, रहमान उर्फ बबलू,मणिशंकर उर्फ मनी तथा रितिक बॉक्सर को गिरफ्तार किया गया था। रितिक बॉक्सर, लॉरेंस बिश्नोई का करीबी और शातिर गुर्गा है। वह जयपुर में एक होटल एंड बार पर रात्रि के समय फायरिंग करने की एक बहुत चर्चित घटना में भी शामिल रहा है। इस गैंग का नाम पंजाब के प्रसिद्ध गायक सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस से भी जुड़ा हुआ है। पुलिस ने अब डॉ. जैन को जिन नंबरों से कॉल और मैसेज मिले हैं, उसकी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सरकारी नौकरी...

पहले दिन से यह महसूस हो कि वे बड़े परिवार का हिस्सा हैं। इस समारोह के जरिए उन्हें यह एहसास होगा कि उनके दायित्व क्या हैं? उनका किस तरह का व्यवहार हो, किस दिशा में चलना है, यह सब बोध होगा। सीएम की मंशा है कि अब जब भी नए कर्मचारियों की भर्ती हो, जब 5 हजार कर्मचारी इकट्ठे हो जाएं तो समारोह करके जॉइनिंग लेटर दिए जाएं। हर महीने-दो महीने में जॉइनिंग लेटर दिए जाएंगे।

पूर्व सीएम सोरेन...

जेल में डाल दिया जा रहा है। न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी हो रही है कि न्याय मिलने में कई महीने लग रहे हैं। मेरे मामले में कोर्ट का आदेश आज सभी को मिलेगा। उसे देखना चाहिए। कोर्ट के आदेश का आपको आंकलन करना चाहिए। देखना चाहिए कि उसमें क्या कहा गया है। आज मेरी जेल यात्रा खत्म हुई। हेमंत को शुक्रवार सुबह ही जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिली। कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले। हेमंत सोरेन को जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि वे प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट एक्ट के तहत जमानत की दोनों शर्तों को पूरा करते हैं। कोर्ट के फैसले के बाद सोरेन के सरकारी आवास में मिठाई बांटी गई। हेमंत को इस मामले में 31 जनवरी की रात ईडी ने गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका पर 13 जून को सुनवाई पूरी हो चुकी थी। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में पिछले तीन दिन सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मतदान दिवस पर रहेगा सवैतनिक अवकाश

जयपुर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार, 30 जून को जयपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगें। जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर ग्रामीण श्री प्रकाश राजपुरोहित ने आदेश जारी कर मतदान दिवस को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में पराक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आदेश के तहत जयपुर जिला ग्रामीण की पंचायत समिति शाहपुरा के पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 09, ग्राम पंचायत घासीपुरा के वार्डपंच वार्ड संख्या 02, पंचायत समिति गोविन्दगढ़ की ग्राम पंचायत खेजरोली एवं ईटावा भोपजी के संरपंच, पंचायत समिति आमेर की ग्राम पंचायत छापराड़ी के सरपंच के मतदान दिवस 30 जून को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कामगारों (आकस्मिक कामगारों सहित) को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देय होगा। पंचायत समिति शाहपुरा के पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्या 09 की 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्रों में दिनांक 28 जून को सायं 5 बजे से 30 जून सायं 5 बजे तक एवं अन्य निर्वाचन क्षेत्रों की की 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्रों में दिनांक 28 जून को सायं 5 बजे से 30 जून को मतगणना समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित किया गया है।

Office Of the Chief executive officer
Zila Parishad, Hanumangarh

F.()/ZP/12124 Date:-28-06-2024

Notice Inviting Bid

Bids for service (Hiring of Computer operator with machine and Block Coordinators) are invited from interested bidder upto 10-07-2024 and service (Hiring of Computer operator with machine and sweeper) are invited from interested bidder upto 10-07-2024 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan. gov.in) of the state website.

UBN NO. ZHG2425 SSO B 00017
2. ZHG2425SSOB00015
3. ZHG2425SLOB00016
4. EPROC ID:-2024_PRD_398305_1

CHIEF EXECUTIVE OFFICER
ZILA PARISHAD, HANUMANGARH

दीवार के ऊपर से जेल में फेंका मोबाइल फोन

हनुमानगढ़। दीवार के ऊपर से जेल में मोबाइल फोन फेंकने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार जिला कारागृह के प्रहरी सुखदीप सिंह ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि गुरुवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने दीवार के ऊपर से जिला कारागृह परिसर में मोबाइल फोन फेंका और भाग गया। जेल प्रशासन ने मोबाइल फोन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर अज्ञात व्यक्ति की पहचान के प्रयासों में जुटी है। इसके लिए जिला कारागृह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रकरण की जांच हैड कांस्टेबल अशोक कर रहे हैं।

कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति, सूरतगढ़

क्रमांकः पसपी / लेखा / 2024-25 / 1416 दिनांकः 28.06.2024

मृत पशुओं की हड्डी ठेका पुनः निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति सूरतगढ़ के क्षेत्राधिकार की 49 ग्राम पंचायतों में मृत पशुओं की हड्डियां एकत्रित करने एवं उठाने का ठेका वर्ष 2024-25 के लिये जो कि दिनांक 28.06.2024 को निरस्त हो गया था कि पुनः पंचायत समिति कार्यालय में दिनांक 03.07.2024 को गठित कमेटी द्वारा दोपहर 2.00 से 5.00 बजे तक खुली बोली द्वारा नीलाम किया जाएगा जो व्यक्ति, फर्म अथवा संस्था उक्त ठेका लेने के इच्छुक हो, निश्चित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर निलामी में भाग ले सकते है । निलामी में भाग लेने हेतु अमानत राशि रूपये 50,000/- होगी जोकि भाग लेने वाले व्यक्ति या फर्म, जोकि उक्त ठेका लेने के इच्छुक है के द्वारा निर्धारित दिनांक 03.07.2024 को 11.00 बजे तक जमा करवाकर ही बोली में भाग ले सकता है। बोली स्वीकृत होने पर 25 प्रतिशत राशि उसी दिन नगद / डीडी द्वारा मौके पर जमा करवानी होगी अन्यथा अमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। तथा शेष राशि एक माह में जमा करवानी होगी। ठेका निलामी की शर्तें पंचायत समिति कार्यालय में कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं। बोली निरस्त करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(हरीकृष्ण सिहाग)
विकास अधिकारी, पंचायत समिति, सूरतगढ़

जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक आयोजित

- बेहतर हों आंगनबाड़ी की सेवाएं, बच्चों को कुपोषण से मिले मुक्तिः सत्यानी

तेज | रिपोर्टर चूरू

राष्ट्रीय पोषण मिशन के अन्तर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर सत्यानी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए अंतर्विभागीय समन्वय पर बल दिया और कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए जरूरी है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में दिये जा रहे पोषाहार की समुचित गुणवत्ता एवं मात्रा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण अभियान के लक्ष्यों के अनुसार बच्चों में ठिगनेपन, अल्प पोषण व रक्ताल्पता को रोकने तथा 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं तथा किशोरियों में रक्ताल्पता को कम करना, जन्म के समय कम वजन की समस्या को कम करना आदि के लिए समुचित कार्य योजना बनाकर पोषण अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की नाम सहित सूची तैयार कर उनको कुपोषण मुक्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक डॉ .नरेन्द्र शेखावत ने विभागीय प्रगति रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों के साथ साझा करते हुए कहा कि विभाग की ओर से आंगनबाड़ी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन लाल खटनावलिया, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, महिला अधिकारिता विभाग के विप्लव न्यौला, एडीपीआर कुमार अजय, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, एडिशनल सीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़, डीएफओ भवानी सिंह सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग, बाल विकास परियोजना अधिकारी, उपनिदेशक महिला अधिकारिता, वन विभाग, डिस्कॉम, पीएचईडी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री की मंशा, तत्काल हों समस्याओं के समाधान

एसडीएम ने कड़वासर ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल में सुनी आमजन की समस्याएं

तेज. चूरू। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार रात्रि को कड़वासर ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश प्रदान किए। इस दौरान गांव के युवाओं ने खेल मैदान में ट्रेक बनाने के लिए अनुरोध किया, जिस पर एसडीएम ने खेल मैदान का निरीक्षण किया और वहां खेल रहे युवाओं से परिचय कर आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। ग्रामीणों ने कड़वासर से भामासी रास्ते की समस्या बताई, जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार को प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में गौशाला नहीं होने से फसलों को नुकसान होने, बिजली, पानी, गंदगी निवारण से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया, जिस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर एसडीएम ने अधिकारियों व ग्रामीणों से कहा कि मानसून के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखरेख का जिम्मा लें। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हम अभी से प्रयास नहीं करेंगे तो आने वाले दिनों में विकट समस्या हमारे सामने होगी और आने वाली पीढ़ियां हमें इसके लिए कोसेंगी। उन्होंने आमजन से कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा समस्याओं की ग्राम पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक सुनवाई, मॉनीटरिंग और समाधान की समुचित व्यवस्था की गई है। स्वयं मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के स्तर पर आमजन की समस्याओं और उनके समाधान की समीक्षा की जाती है। इसलिए ग्रामीण उचित तरीके से अपनी समस्याएं रखें, उनके समाधान के लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित करें कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़े तथा लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध ढंग से निस्तारण हो।

समीक्षा बैठक का आयोजन

तेज रिपोर्टर. चूरू। मुख्य जिला षिक्षा अधिकारी कार्यालय में जगबीर सिंह यादव सी.डी.ई.ओ. की अध्यक्षता में समग्र षिक्षा के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले समस्त ब्लॉको से सी.बी.ई.ओ., एसीबीईओ एवं जिला षिक्षा अधिकारी माध्यमिक व जिला षिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक एवं डाईट प्राचार्य आदि ने भाग लिया। बैठक में समग्र षिक्षा के अन्तर्गत गत सत्र की गतिविधियों की पग्रति की समीक्षा की गई। आगामी सत्र 2024-25 हेतु समग्र षिक्षा की समस्त गतिविधियों को समय सारणी अनुसार आयोजन करने हेतु निर्देष प्रदान किये गये। सहायक परियोजना समन्वयक श्री हरिप्रसाद षर्मा व रामनिवास पूनियां द्वारा समग्र षिक्षा की समस्त गतिविधियों की पीपीटी द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी इकबाल हसन गौरी, सुरेन्द्र महला, मनोज सोलंकी, अर्जुन सिंह राठौड़ व अविनाष कुमार एवं जितेन्द्र कुमार माली लेखाषाखा से जगदीप साडोदिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहे।

अग्रसेन पार्क में योगाभ्यास शिविर नियमित

तेज रिपोर्टर. चूरू। स्थानीय अग्रसेन नगर के प्रताप पार्क में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुरु किया गया योग शिविर अब नियमित चलेगा। अग्रसेन विकास समिति के अध्यक्ष मदन लाल राजपुरोहित ने बताया कि यह शिविर योग दिवस पर विशेष तैयारी के लिए आर्युवेद विभाग व जिला प्रशासन के तत्वावधान में शुरु किया गया था परन्तु स्थानीय कॉलोनी निवासियों के उत्साह व इच्छाओं को देखते हुए अब इस शिविर को नियमित किया जा रहा है उन्होनें बताया कि नियमित योगाभ्यास का शुभारंभ 30 जून, रविवार प्रातः 5.45 बजे डॉ संतरा जाट के मार्गदर्शन मे अग्रसेन नगर मुख्य पार्क, रिलायंस माल के पास मे होगा स योगाभ्यास पूरी तरह से नि शुल्क होगा।

सड़क हादसे में अध्यापक की मौत

तेज रिपोर्टर. चारणवासी। भूकरका के पास गुरुवार को हुए सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। बताते चलें कि गांव चक 6 आरपीएम के राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक स्कूल में अध्यापक पिचकरांई निवासी जगदीश पुत्र नत्थू राम झोरड़ बाइक से नोहर से गांव जा रहा था। भूकरका के पास सामने से आए ट्रक ने टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अध्यापक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया, मृतक के भाई इंद्रपाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी । इधर शुक्रवार को गांव के शमशान घाट में अध्यापक का गमगीन माहौल में संस्कार किया गया। बताते चलें कि पिछले 18 साल से मृतक शिक्षक जगदीश झोरड़ चक छः आरपीएम में ही सेवा दे रहे थे।

वृक्ष मित्र संस्था ने की पौधारोपण अभियान की विधिवत शुरुआत

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

वृक्ष मित्र संस्था से शुक्रवार को अध्यक्ष इकबाल सोनी के मार्गदर्शन में पौधारोपण शुरू किया।संस्था सदस्य दीपक नागपाल ने बताया कि फोरलेन मार्ग, मैन रोड, राठी पंप के सामने से रेलवे स्टेशन की तरफ डिवाइडर में कनेर के 50 पौधे सभी संस्था सदस्यों ने आस पास के दुकानंदारों के साथ मिलकर लगाए। इस दौरान संस्था पदाधिकारियो ने आमजन को आगामी मानसून के मौसम में अधिकाधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि इस संस्था का उददेश्य केवल मात्र पौधारोपण करना ही नहीं बल्कि पौधो को सुरक्षा के साथ उनका प्रतिदिन पालन पोषण करना भी है।वही विगत दो वर्षो में संस्था द्वारा लगाये पौधों से शहर में अब हरियाली नजर आने लगी है। इस मानसून सत्र में भी संस्था पूरे टीम वर्क के साथ पौधे लगायेगी। आमजन से भी इस मुहिम में सकारात्मक सहयोग का आग्रह किया। मौके पर गौशाला प्रधान संजय मांझू, प्रदीप राठी जी आदि ने पौधे लगाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की।

सीएचसी सूरतगढ़ में सेक्टर मीटिंग आयोजित

तेज | कैलाश सोनी. सूरतगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ की सेक्टर मीटिंग का आयोजन आज प्रातः 10ः00 बजे खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मीटिंग हॉल में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर दीपक वर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें उप स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ, एएनएम और आशाएं उपस्थित रही। बैठक में तंबाकू निषेध कार्यक्रम एवं एनसीडी के कार्यों और प्रगति रिपोर्ट का मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई। साथ ही सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर दया तनेजा ने आयुष्मान कार्ड वितरण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी को 30 जून को मनाया जाने वाले पोलियो दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर दीपक वर्मा, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर हंसराज भाटी, स्टोर इंचार्ज तरुण सोनी, एलएचवी प्रेमलता वीडी, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर दया तनेजा, एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर योगेश बोहरा आदि उपस्थित रहे।

आरजीएचएस की वेतन से हर माह कटौती होने के बावजूद उपचार की सही व्यवस्था नहीं होने पर रोष

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला शाखा ने सरकारी कार्मिकों कोआरजीएचएस मेंउपचार की सही व्यवस्था उपलब्ध करवाने की मांग राज्य सरकार व चिकित्सा विभाग से की है। संगठन जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि कर्मचारियों से आरजीएचएस मेंप्रति माह कटौती की जा रही है, फिर भी सही उपचार सेवारत कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कार्मिकों कोनहीं मिल रहा है। इन कार्मिकों को।सरकारी व निजी अस्पतालोंतथा फार्मा स्टोर्स पर पूरी दवाइयांनहीं मिल रही है, जिससे कर्मचारियों को जेब से पैसा खर्च कर महंगी दवाइयां निजी मेडिकल स्टोर्ससे खरीदनी पड़ रही हैतथा बहुत सी मंहगी जांच भी प्राइवेट लैब से जेब से पैसे खर्च कर करवानी पड़ रही है। संगठन ने मांग कर इस योजना की विस्तृत समीक्षा करने एवम आवश्यक सुधार करते हुए राजस्थान राज्य के लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स को राहत देने का आग्रह किया है।

सीटीआई राठौड़ का सम्मान

तेज रिपोर्टर. चूरू। रेलवे स्टेशन पर भारतिय रेलवे चौकिंग स्टॉफ की ओर से सम्मान समारोह में सीटीआई राजपाल सिंह राठौड का रेलवे विभाग में उल्लेखनीय कार्य करने पर चौकिंग स्टॉफ ने अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। स्टेशन अधीक्षक सुरेश माथुर ने कहा कि उल्लेखनीय कार्य करने पर सीटीआई राजपाल को सम्मानित किया गया है। उसी तरह आप लोग भी मेहनत से कार्य करे। ताकि आप लोगो का भी सम्मान किया जाए। इस अवसर पर जोधपुर सीटीआई पदम सिंह, इंदिरा सिंह व दिलीप सिंधी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सीटीआई किशनगोपाल, सीटीआई आनंदबाला, सीटीआई रणवीर सिंह, टीटीआई सोनू कंवर, मनोज सिन्हा, बीकानेर सीटीआई जगदेव सिंह रंधावा, रिटायर्ड सीटीआइ रणजीत सिंह आदि सहित बीकानेर, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, रतनगढ़ व चूरू मण्डल से चौकिंग स्टॉफ ने सीसीआई राजपाल का सम्मान किया।

मंजुबाला स्वामी ने जीता हैमर थ्रो में गोल्ड

तेज | रिपोर्टर चूरू

जिले के चांदगोठी की खिलाड़ी मंजुबाला स्वामी ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्णपदक जीतकर जिले का नाम बढाया है। पंचकुला में 27 से 30 जून तक चल रही 63 वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक चैंपियनशिप में मंजुबाला ने गुरुवार रात्रि हैमर थ्रो में 63.66 मीटर दूरी तय करते हुए स्वर्णपदक जीता है। इस इवेंट में हर्षिता शेरावत ने 62.22 मीटर के साथ सिल्वर तथा तान्या चौधरी ने 61.57 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। उल्लेखनीय है कि मंजुबाला ने 2023 के गोवा नेशनल गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था तथा वर्ष 2022 में कॉमनवेल्थ खेलों में भाग लिया था। मंजुबाला फिलहाल जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आने वाले राष्ट्रीय खेलों तथा सैफ गेम्स की तैयारी कर रही हैं। मंजु ने कहा कि आने वाले समय में और अच्छा करने की उम्मीद है। मंजुबाला स्वामी की सफलता पर जिले के खेलप्रेमियों में हर्ष की लहर है।

हमेशा अच्छे लोगों के साथ ही बुरा क्यों होता है ?

एक आम निष्कर्ष तो यही हैं कि अगर आप शेर को नहीं छेड़ते तो इसका मतलब यह नहीं कि शेर भी आपको नहीं खायेगा। तो फिर क्या यह संसार हमेशा से इसी तरह संचालित होता आया हैं ? शायद हाँ। इससे जुडी एक रोचक कहानी हैं -

एक बार किसी जंगल में एक लड़का नदी किनारे घूम रहा था, तभी उसने एक दुखी और हताश स्वर में किसी के रोने की आवाज़ सुनी। उसने देखा की एक मगरमच्छ जाल में उलझा हुआ है और मदद के लिए पुकार लगा रहा हैं। वह लड़का उसकी मदद करना चाहता था परन्तु उसे उस पर संदेह भी था। मगरमच्छः कृपया मेरी मदद करो, मुझे बचा लो, मुझे रिहा कर दो। लड़काः अगर मैं आपकी मदद करता हूँ तो आप आज़ाद होते हुए ही मुझे खा लेंगे। मगरमच्छ (रोते हुए): मैं उस व्यक्ति को कैसे खा सकता हूँ जिसने मेरी जान बचाई? इस विशाल वन में बहुत से जीव जंतु हैं जिन्हे मैं खा सकता हूँ। आप विश्वास रखे मैं आपको कोई हानि नहीं पहुँचाऊँगा और सदैव आपका ऋणी रहूंगा। (लड़के को दया आ गई और उसने जाल काटना शुरू कर दिया। जैसे ही मगरमच्छ का सिर जाल से बाहर आया तो उसने लड़के के पैर को अपने जबड़े में जकड लिया।)

मगरमच्छः मैं बहुत दिनों से भूखा हूँ, तुम एक अच्छे शिकार हो। लड़काः यह क्या बकवास हैं, लानत हैं तुम पर। मेरी भलाई का अच्छा सिला दे रहे हो तुम ! मगरमच्छः मैं क्या कर सकता हूँ? यही दुनिया का दस्तूर है! लड़का (रोते हुए): यह तो पूर्णतः अनुचित हैं, यह अन्याय हैं। मगरमच्छः अनुचित से क्या मतलब है तुम्हारा ! किसी से भी पूछ लो, वे तुम्हे बताएंगे कि यह संसार कैसे संचालित होता है। अगर वे मुझे गलत साबित करते हैं, तो मैं तुम्हे जाने दूंगा। लड़के ने पास के पेड़ पर एक पक्षी को देखा और उससे पूछा, क्या आपको लगता है कि मगरमच्छ की हरकतें उचित हैं? क्या यही दुनिया का तरीका है - अन्याय से भरा हुआ?

वह पक्षी पूरी घटना को देख रही थी, उसने तुरंत जवाब दिया कि मगरमच्छ सही हैं। उसने बताया की कैसे उसने बहुत मेहनत से एक घोंसला बनाया और अपने अंडे दिए, और फिर एक दिन एक सांप ने आकर सारे अंडे निगल लिए और उसकी मेहनत बेकार चली गयी। उसने कहा की निःसंदेह यह दुनिया एक उचित जगह नहीं हैं। इतना कह कर वह उड़ गयी।

मगरमच्छः सुना तुमने (यह कह कर मगरमच्छ ने अपनी पकड़ और मजबूत कर दी) लड़काः रुको। (लड़के ने पास ही एक गधे को चरते देखा और उससे भी वही प्रश्न किया) गधाः दुर्भाग्य से, मगरमच्छ सही है। जब मैं छोटा था, मेरे मालिक ने मेरी पीठ पर बोझ लाद दी और मुझसे अधिकतम काम लिया। मैंने उसे वर्षों तक ईमानदारी से सेवा दी। अब जब मैं बूढ़ा और कमजोर हो गया, तो उसने मुझे यह कहते हुए मुझे जंगल में छोड़ दिया कि वह मुझे खाना नहीं दे सकता। अब कभी भी कोई शेर मुझे अपना शिकार बना सकता हैं। तो, हाँ, मगरमच्छ सही है। इस संसार में बहुत अन्याय, असमानता और अनुचितता है।

मगरमच्छः अब बहुत हो गया, मुझे भूख लगी हैं। तुम ईश्वर से अपनी अंतिम प्रार्थना कर लो।

लड़काः मुझे एक अंतिम अवसर दो। मुझे उस खरगोश से भी यह पूछने दो। मगरमच्छः तुमने मुझे बचाया है, मैं तुम्हे एक अंतिम मौका देता हूँ। (सवाल पूछे जाने पर, खरगोश का जवाब पक्षी और गधे से पूरी तरह से अलग था) खरगोशः यह पूरी तरह बकवास है! ऐसा बिलकुल नहीं है। दुनिया एक पूरी तरह से उचित जगह है। मगरमच्छः यह क्या बकवास हैं, मुर्ख खरगोश ! बेशक, यह दुनिया एक अनुचित जगह है। मुझे देखो ! मैं बिना किसी गलती केइस जाल में फंस गया था।

खरगोशः ऐसा लग रहा हैं जैसे कोई मुँह में पान रख कर बातें कर रहा हो। स्पष्ट और जोर से बोलो। मगरमच्छः मैं तुम्हारी चालाकी समझ रहा हूँ, मैं स्पष्ट रूप से बोलने के लिए अपना मुँह खोलूँगा और लड़का बच जाएगा। खरगोशः तुम मूर्ख हो या क्या? क्या तुम भूल गए कि तुम्हारी पूंछ कितनी मजबूत है? यदि वह भागने की कोशिश करता है, तो वह मर जाएगा।तुम यहाँ के आसपास सबसे ताकतवर जानवर हो। (मगरमच्छ इस झूठी प्रशंसा से खुश हो गया और तर्क जारी रखने के लिए अपना मुंह खोल दिया)

खरगोश (चिल्लाते हुए): भागो लड़के भागो, दूर भाग जाओ। (और लड़का आज़ाद होते ही पूरी ताकत लगा कर भाग गया) मगरमच्छः धोखेबाज! तुमने मेरा खाना छीन लिया। यह बहुत अनुचित है! खरगोशः उचित- अनुचित की बात तुम ना ही करो तो बेहतर होगा। लड़का गाँव भाग गया और सभी पुरुषों को इकट्ठा कर लिया जो अपने भाले और तलवार लेकर आए और मगरमच्छ को मार डाला। उनका पालतू कुत्ता, जो उनके साथ आया था, खरगोश को देखा और उसका पीछा किया। 'अरे! अरे! 'लड़का चिल्लाया, और अपने कुत्ते को पकड़ने की कोशिश की। इस खरगोश ने मेरी जान बचाई हैं। उस पर हमला मत करो। लेकिन बहुत देर हो चुकी थी, कुत्ते ने खरगोश की कोमल गर्दन में अपने नुकीले दांत दफन कर दिए थे। खरगोश अब फर की बेजान गेंद से ज्यादा कुछ नहीं था। लड़काः शायद मगरमच्छ सही था। दुनिया अनहोनी और अनिश्तिता से भरी हुई हैं। यही जीवन हैं।

आप कितने आध्यात्मिक या अच्छे है, इसका इस बात से कोई संबंध नहीं हैं की आपको कितना कष्ट सहना होगा। किसी के आध्यात्मिक विकास का मतलब यह नहीं है कि वह प्रकृति के नियमों के दायरे से बाहर है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई लड़का है, मगरमच्छ हैं, गधा हैं या खरगोश, जीवन में कोई गारंटी नहीं है। और शायद, यह अनिश्चितता ही हमारे जीवन को साहसिक बनाती है।

अच्छा या महान होना आपको शारीरिक या मानसिक रोगों से बचा नहीं सकता है। अच्छा होने का मतलब यह नहीं है कि आप सड़क दुर्घटना का शिकार नहीं हो सकते। अच्छा होने से आपके शेयर की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता है। अच्छा होने मात्र से आप किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफल नहीं हो सकते। यदि आप किसी से बहुत प्यार करते हैं और वफादार हैं तो भी इसकी कोई गारंटी नहीं की आपका साथी आपको धोखा नहीं दे सकता। फिर सवाल तो यही उठता हैं कि क्या हमें बुरा होना चाहिए ? जी बिलकुल नहीं। अच्छाई हमें चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना करने की ताकत देती है। हमारी चुनौतियां हमें परखती हैं और उससे हमारा एक दृष्टिकोण निर्धारित होता हैं। बेशक हमारी अच्छाई हमें जीवन के कष्टों से नहीं बचा सकती परन्तु हमारा दृषिकोण हमे उस कष्ट की अवस्था में भी सम्बल प्रदान कर सकता हैं। एक उचित दृष्टिकोण के होने से आप कष्ट की अवस्था में भी दुःख का अनुभव नहीं करेंगे, आपको परेशान करने की कोशिश अवश्य की जा सकती हैं परन्तु कोई आपको कुचल नहीं पायेगा।

अच्छाई प्रार्थना हैं, ध्यान हैं, एक तप हैं। अच्छाई ही साक्षात् ईश्वर हैं, अतः हर परिस्थिति में अच्छा बने रहना ही उचित हैं।

- ओम पारीक

बोर्न हैल्थी बेबी जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

जिले में स्वास्थ्य केद्रों पर एएनसी सेवाओं का सुदृढ़ीकरण करने व गर्भावस्था के दौरान संक्रमण व जटिलताओं का उपचार व इलाज के लिए बोर्न हैल्थी कार्यक्रम की शुरूआत की जायेंगी। शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं एजीओ जपाइगो की ओर से क्वालिटी एएनसी जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीकानेर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ देवेन्द्र चौधरी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान व प्रबंधन कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। उप निदेशक डॉ राहुल हर्ष ने बताया कि कार्यशाला से मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवायें प्रदान करने वाले नर्सिंग आफिसर, एएनएम, एलएचवी, आशा सहयोगिनी, सीएचओं व मेडिकल आफिसर की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच होगी। आरसीएचओ डॉ अहसान गौरी ने बताया कि इस दौरान टीकाकरण के यूवीन ऐप की समीक्षा की गई। जपाइगो की जिला प्रभारी मिनाक्षी व दीपचंद ने बताया कि बोर्न हैल्थी कार्यक्रम पहले प्रदेश के चार जिलों में शुरू किया गया था। अब इसे चूरू सहित नौ जिलो में शुरू किया गया है। कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ से डॉ अंकिता व यूएनडीपी के योगेश शर्मा मौजूद रहे। पीएमएसएम पर अव्वल रहने पर किया सम्मानित आरसीएचओ डॉ अहसान गौरी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की रिपोर्टिंग में प्रदेश में अव्वल रहने पर बीसीएमओ डॉ मनीष तिवारी, डॉ विकास, डॉ प्रवीण, डॉ सत्यनारायण, बीपीएम ओमप्रकाश प्रजापत, धर्मपाल, नेतराम, पवन कुमार व संतलाल तथा बीएचएस गजेन्द्र चौहान, महेश, हंसराज, विक्रम, रजनीश को सम्मानित किया गया। इस दौरान डीपीएम आशीष खण्डेलवाल, संग्राम सिंह, सांख्यिकी निरीक्षक मुकुल शर्मा, एएसओ संदीप व डीईओ हनुमान शर्मा मौजूद रहे।

राजस्थान आवासन मण्डल के बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स-2024 किए गए तय

मंडल अध्यक्ष ने किया विमोचन, अब इन्हीं रेट्स के हिसाब से होगा काम

जयपुर। राजस्थान आवासन मंडल की ओर से प्रदेशभर में किए जाने वाले सभी कार्यों के लिए एकीकृत बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स यानी बीएसआर 2024 तय कर दी गई हैं। इस बीएसआर 2024 का विमोचन राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष श्री टी. रविकांत के द्वारा किया गया। अब तक राजस्थान आवासन मंडल द्वारा बीएसआर 2013 पर कार्य करवाए जा रहे थे। अब बाजार दरें बढ़ने के कारण मंडल द्वारा आरएचबी बीएसआर 2024 को 1 जुलाई 2024 से प्रदेशभर में लागू किया जावेगा।

इन कार्यों के लिए तय हुई बीएसआर 2024

राजस्थान आवासन मंडल की ओर से तय की गई बीएसआर के तहत बिल्डिंग वर्क्स, सेनिटरी वर्क्स, इलेक्ट्रिक वर्क्स, लिफ्ट वर्क्स, हॉर्टिकल्चर वर्क्स, रोड वर्क्स और अन्य विविध कार्य करवाए जाएंगे। क्स्क्र 2024 की दरें बाजार दरों के अनुसार ही तय की गई हैं।

कई कार्यों के लिए ब तक मार्केट रेट्स पर थी निर्भरता

आवासन मंडल की ओर से करवाए जाने वाले कई कार्यों के लिए अब तक मार्केट रेट्स पर निर्भरता बनी रहती है। लेकिन क्स्क्र के तय होने से अब ये निर्भरता खत्म होगी और सभी कार्य इन्हीं रेट्स के हिसाब से करवाए जा सकेंगे।

कार्यों में समरूपता सुगमता बनाए रखना मकसद: टी. रविकांत

राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष श्री टी. रविकांत ने कहा कि जिस तेजी से मंडल की ओर से आमजन को आवास उपलब्ध करवाए जाने का कार्य किया जा रहा है। उसे देखते हुए इन कार्यों में समरूपता और सुगमता लाने के लिए बीएसआर तय किया जाना जरूरी है। ऐसे में इन बीएसआर से मंडल की ओर से करवाए जाने वाले सभी कार्यों में भी इसी व्यवस्था के तहत बेहतर से बेहतर और समयबद्ध रूप से कार्य होने की उम्मीद की जाती है।

सभी की अथक मेहनत और लगन का नतीजा-आयुक्त

इस मौके पर आवासन आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आवासन मंडल की ओर से तय किए गए क्स्क्र सभी अभियंताओं और अधिकारियों की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि आवासन मंडल की टीम आगे भी इसी तरह सकारात्मक परिणाम सामने लाती रहेगी।

गुणवत्ता के लिए बीएसआर जरूरी, परिणाम दिखेंगे-चीफ इंजीनियर

आवासन मंडल के चीफ इंजीनियर श्री अमित अग्रवाल ने कहा कि किसी भी कार्य के लिए बीएसआर का तय किया जाना बेहद जरूरी होता है। चूंकि ये पूरे मार्केट का एनालिसिस होता है, ऐसे में आगे आने वाले कार्यों में और बेहतर गुणवत्ता के लिए क्स्क्र तय किए जाने का परिणाम भी दिखने लगेगा। इस अवसर पर सचिव डॉ. अनिल पालीवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता तृतीय हंसराज दुपगा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रथम श्री प्रतीक श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर ,उप आवासन आयुक्त तृतीय संजय शर्मा समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कपास में गुलाबी सुंडी से सर्तक रहने की जरूरत

श्रीगंगानगर। गत वर्ष गुलाबी सुंडी से किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ा। इसलिए किसान इस बार समय-समय पर कृषि विभाग और एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र द्वारा जारी की जाने वाली सलाह तथा सिफारिश पर ध्यान देवें। टिड्डी सह एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र श्रीगंगानगर के उपनिदेशक डॉ. आर.के शर्मा ने बताया कि पिछले साल गुलाबी सुंडी से हुए नुकसान एवं वर्तमान में गुलाबी सुंडी की संभावनाओ को देखते हुए सुंडी के प्रबंधन के लिए किसानों को एलसीआईपीएमसी श्रीगंगानगर द्वारा सलाह जारी की गई है। जिन किसान भाईयों ने अपने खेतों में नरमें की लकड़ियों को भंडारित कर रखा है, उन किसानों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत अधिक है क्योंकि इन किसानों के खेतों में गुलाबी सुंडी का प्रभाव अधिक होता है। नरमें की लकड़ियों को छाया व खेत में इकट्ठा ना करें। अगर करते है तो उन्हें प्लास्टिक की सीट से ढ़क कर रखे या लकड़ियों को जला देवें। अंतिम चुगाई के बाद खेत में बचे अधखुले व खराब टिंडो को नष्ट करने के लिए खेत में भेड़, बकरी आदि जानवरों को चराये। फसल की शुरूआती अवस्था में गुलाबी सुंडी से प्रभावित नीचे गिरे रोजेटी फूल, फूल डोडी व टिंडों आदि को एकत्रित कर जला देवें। किसान भाई अपने खेतों की नियमित निगरानी करें ताकि गुलाबी सुंडी का नियंत्रण समय पर किया जा सके। उन्होंने बताया कि फसल की बिजाई के 40-50 दिनों के बाद दो फैरोमोन ट्रेप प्रति एकड़ लगाएं तथा रोजाना खेत में जाकर ट्रेप को देखें की उसमें कीटों की कितनी संख्या रहती है। इनमें 5-8 कीट प्रति ट्रेप लगातार तीन दिन तक आने पर ही कीट का आर्थिक हानि स्तर माना जाता है। नरमा के पौधे पर लगे हुए 100 फूलों में से 5-10 फूल गुलाब की तरह बंद दिखाई देने और 20 हरे टिण्डों को खोलने पर 2 में गुलाबी सुंडी दिखाई देने पर इनके प्रकोप की आशंका है। उन्होंने बताया कि कपास की फसल 60 दिन की होने पर- 1. नीम का तेल 5 एमएल या एन एस के ई 5 प्रतिशत (50 मिली) .कपड़े धोने का पाउडर (1 ग्राम) प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करे या नीम आधारित कीटनाशक 5 मिली प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करे। मित्र कीटों जैसे ट्राईकोग्रामा, लेडी बर्ड बीटल एवं क्राईसोपर्ला का संरक्षण करें ताकि हानिकारक कीटों की संख्या आर्थिक हानि स्तर से उपर ना जा सके। कपास की फसल में 60 दिनो के पश्चात् रसायनिक प्रबंधन-एमामैक्टिन बैंजोएट 5 प्रतिशत एस जी, क्यूनालफॉस 1.50 प्रतिशत डी पी, ईथियॉन 50 प्रतिशत ई सी, फेनप्रोपेथ्रिन 10 प्रतिशत ई सी या स्पिनटोरम 11.70 प्रतिशत एस. सी (टिंडो की सुंडियों के लिए) का प्रयोग करें।

जिला स्तरीय बैठक में डीएलसी की प्रस्तावित दरों पर विचार-विमर्श

श्रीगंगानगर। डीएलसी की प्रस्तावित दरों पर विचार-विमर्श के लिये शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी और सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ भी मौजूद रहे। बैठक में राज्य सरकार के निर्देशानुसार और बाजार दर के अनुसार प्रस्तावित डीएलसी दर चर्चा हुई। बैठक में राज्य सरकार के निर्देशानुसार समस्त एसआर द्वारा पूर्व में अपने-अपने क्षेत्र की डीएलसी के संबंध में तैयार किये गये प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप बाजार दर के अनुसार डीएलसी हो, इसके लिये प्रस्तावित डीएलसी पर पुनर्विचार किया गया। एसआर द्वारा तैयार किये गये प्रस्तावों में कलस्टर भी कम किये गये हैं। विधायक जयदीप बिहाणी ने व्यवसायिक क्षेत्र के अनुसार डीएलसी दर में वृद्धि का सुझाव दिया।

इसी तरह विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने भी नये क्षेत्रों में डीएलसी दर बढ़ाने की बात कहीं। डीआईजी स्टाम्प हनुमानगढ़ श्रीमती संजू पारीक ने डीएलसी दरों के निर्धारण को लेकर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों और प्रस्तावित डीएलसी के संबंध में अवगत करवाया। बैठक में एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी, नगर विकास न्याय सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, गंगानगर एसआर कृष्ण यादव, एसआर, नायब तहसीलदार सहित अन्य मौजूद रहे।

जिला मुख्यालय पर आज आयोजित होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

श्रीगंगानगर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर लोकबंधु के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बिहाणी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में 29 जून को प्रातः 11 बजे होगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नव नियुक्त कार्मिकों से माननीय मुख्यमंत्री वीसी के माध्यम से संवाद करेंगे एवं कार्मिकों को स्वागत सेट प्रदान की जायेगी।

भाखड़ा प्रणाली की नहरों का वरीयताक्रम जारी

» 29 जून से 7 जुलाई तक रहेगा प्रभावी

हनुमानगढ़। जल संसाधन भाखड़ा-सिद्धमुख रेगुलेशन खण्ड की ओर से शुक्रवार को भाखड़ा प्रणाली की नहरों का साप्ताहिक वरीयताक्रम जारी किया गया। यह वरीयताक्रम 29 जून से 7 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हरिपुरा (एचआरपी) नहर में 37 क्यूसेक, दीनगढ़ (डीएनजी) में 50, सूरतपुरा (एसटीपी) में 59, मोडिया (एमओडी) में 314, लोंगवाला (एलजीडब्ल्यू) में 549, पीलीबंगा (पीबीएन) में 674, अमरपुरा (एएमपी) में 790, रोड़ांवाली (आरआरडब्ल्यू) में 803, नवां-सतीपुरा (एनडब्ल्यूएन) में 814, मोरजण्डा (एमजेडी) में 1027, प्रतापपुरा (पीटीपी) में 1157, नाथवाना (एनटीडब्ल्यू) में 1188, रतनपुरा (आरटीपी) में 1200, भाखरांवाली (बीकेडब्ल्यू) में 1205, करनीसिंह (केएसडी) में 1535, मम्मड़खेड़ा (एमएमके) में 1730, जोड़कियां (जेआरके) में 1810, सूरतगढ़ (एसटीजी) में 1930, भगतपुरा (बीजीपी) में 1968, संगरिया (एसएनजी) में 1974, नगराना (एनजीडी) में 1982 व लीलांवाली (एलएलडब्ल्यू) नहर में 2222 क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक नहर आठ दिन पूरी चलाने के बाद बंद की जाएगी। नहरों में पानी के उतार-चढ़ाव को देखते हुए अगर किसी नहर के रेगुलेशन में बदलाव करना पड़ा तो भाखड़ा सिद्धमुख रेगुलेशन खंड व जल संसाधन खंड प्रथम/द्वितीय के अधिशाषी अभियंता से विचार-विमर्श के बाद व्यवस्था की जाएगी। वास्तविक पानी संबंधित अधिशाषी अभियन्ता की मांग अनुसार चलाया जा रहा है, यह कभी भी कम किया जा सकता है।

निर्माण कार्य में बाधा डालने और अभद्र व्यवहार करने का मुकदमा दर्ज

श्रीगंगानगर। गांव साधुवाली की एक महिला ने ग्राम एक वार्ड पंच समेत चार पांच व्यक्तियों पर उसके निर्माणाधीन मकान में बाधा डालने, अभद्र व्यवहार करने और जाति सूचक गालियां निकालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है।पुलिस को दी रिपोर्ट में महिला ने बताया कि वह गांव में पंचायत द्वारा जारी पट्टे और रजिस्ट्रीशुदा भूखंड पर मकान का निर्माण करवा रही है, लेकिन वार्ड पंच बृजेश और उसके साथी जैकी पाल आदि बार-बार आकर निर्माण कार्य को रोकने की कोशिश करते हैं। उसके द्वारा विरोध करने पर वे जाति सूचक गालियां निकालते हैं। उसे और उसकी पुत्री को अपमानित करते हैं। विगत मई महीने में इन लोगों द्वारा बाधा डालने पर उसने साधुवाली पुलिस चौकी में शिकायत की थी। पुलिस ने उसके भूखंड के कागजात देखने के बाद निर्माण कार्य जारी रखने को कहा। फिर सरपंच श्रीराम बरावड ने भी मकान निर्माण को जायज बताया। फिर भी वार्ड पंच और उसके साथी बार-बार आकर उसे परेशान कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच डीएसपी (अजा/जजा) विष्णु खत्री द्वारा की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आर्म्स और ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिये बढ़ेगी निगरानी

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के पश्चात जिला कलक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आर्म्स और ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिये समस्त एजेंसियों को आपसी समन्वय से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर वैध और अवैध आवागमन पर नियंत्रण के साथ-साथ सीमा क्षेत्र में आर्म्स और ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिये समस्त एजेंसियां आपसी समन्वय से कार्यवाही करें। अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में ड्रोन गतिविधियों पर नियंत्रण के लिये बीएसएफ, आर्मी, पुलिस सहित अन्य एजेंसियों द्वारा निगरानी बढ़ाई जाये ताकि ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लग सके। अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र में भारतमाला सड़क की सुरक्षा हेतु नये पुलिस स्टेशन, पुलिस चौकियों के निर्माण, संयुक्त नाकाबंदी प्वाईंट और सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ-साथ इंटरनेट व सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर अंकुश करने पर भी चर्चा हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त एजेंसियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में समुचित रूप से निरन्तर निगरानी रखी जाये ताकि अवैध गतिविधियों की रोकथाम हो सके। उपखण्ड स्तर पर एसडीएम और डीएसपी के साथ-साथ विभिन्न एजेंसियां समन्वय बनाकर कार्य करे। इस दौरान कोई समस्या आती है, तो संबंधित अधिकारी द्वारा समस्याओं का निस्तारण किया जाये। बैठक में एसपी गौरव यादव, एडीएम सतर्कता नरेन्द्र पाल सिंह, पुलिस, बीएसएफ, आर्मी सहित अन्य मौजूद रहे।

मानसिक परेशानी के चलते महिला ने आत्महत्या की

श्रीगंगानगर। चूनावढ थाना क्षेत्र में मानसिक परेशानी के चलते एक महिला ने आत्महत्या कर ली। उसकी लाश गांव के वॉटर वर्क्स की डिग्गी में तैरते मिली। पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम को सूचना मिली कि चक 01-एच (छोटी) निवासी कमला देवी (48) की लाश वाटर वर्क्स की डिग्गी में तैर रही है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।लोगों की मदद से लाश को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर भिजवाया।कमला देवी के पति शंकरलाल कुम्हार (50) द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक कमला देवी कल गुरुवार दोपहर तीन से चार बजे के दौरान घर से गायब हो गई थी। बाद में उसकी लाश वाटर वर्क्स की डिग्गी में तैरते हुए मिली। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि कमला देवी ने मानसिक परेशानी के चलते आत्महत्या की है, जिसके कारण की पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम होने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी गई।

छह महीने बाद भी मंत्रियों को नहीं मिला काम

मंत्रियों ने कहा-वे नाराज नहीं लेकिन काम नहीं मिलने से परेशान जरूर हैं

जयपुर। राज्य सरकार के गठन को छह महीने बीतने के बाद भी अब तक राज्यमंत्रियों को कार्यभार नहीं सौंपे जाने से बेचैनी बढ़ रही है। राज्यमंत्रियों की शपथ तो हो गई लेकिन अब तक उन्हें कार्य के अधिकार नहीं मिले हैं। राजस्थान में भाजपा सरकार के गठन के छह महीने बाद भी राज्य मंत्रियों को कार्यभार नहीं सौंपा गया है, जिससे असंतोष बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कैबिनेट में शपथ लेने के बाद भी राज्यमंत्रियों को जिम्मेदारियां नहीं मिलने से बेचैनी बढ़ रही है। राज्यमंत्रियों में पंचायती राज और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, पीडब्ल्यूडी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार और उद्योग वाणिज्य, खेल राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई शामिल हैं। इनमें से कुछ मंत्रियों के कार्यालयों में न तो फाइलें हैं और न ही काम करने वालों की भीड़। देवासी ने कैबिनेट मंत्रियों मदन दिलावर और डॉ. किरोड़ीलाल मीणा से कार्यभार की मांग की है लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला। हालांकि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का समर्थन मिल रहा है। बेढम भरतपुर से विधायक हैं और गुर्जर समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए उन्हें कुछ हद तक सत्ता का संकेत मिल रहा है। राज्यमंत्रियों का कहना है कि वे नाराज नहीं हैं, लेकिन काम न मिलने से परेशान हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कई बार काम की मांग की है परंतु केवल आश्वासन ही मिला है। विधानसभा सत्र से पहले या बाद में उन्हें कार्य का बंटवारा होने की उम्मीद है।

विद्युत कटौती और कम वोल्टेज के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा जीएसएस पर प्रदर्शन

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर तहसील क्षेत्र के गांव बुधरवाली के वासियों ने हर रात बिजली की कई- कई घंटे कटौती करने और कम वोल्टेज की बिजली सप्लाई करने से परेशान होकर आज विद्युत सब स्टेशन (जीएसएस) प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कौरसिंह सिधू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए जीएसएस का घेराव किया गया।श्री सिधू ने बताया कि विद्युत निगम को बार-बार अवगत कराने के बावजूद रोज़ रात को 2 से 3 घंटे का कट लग रहा है। वोल्टेज भी बहुत कम रहती है। कम वोल्टेज की वजह से फ्रिज और कूलर चलाने में भी परेशानी आती है। आज प्रदर्शन के दौरान लाइनमैन के मार्फत निगम के अधीक्षण अभियंता श्रीगंगानगर के नाम का ज्ञापन देकर कर जल्द से जल्द विद्युत समस्या का हाल करने का आग्रह किया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर समस्या का हल नहीं किया गया तो सादुलशहर के मुख्य बिजली घर का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में वार्ड पंच तुलसीराम, पूर्व पंच राजाराम ,ओम प्रकाश विजय कुमार ,सूरज कुमार , घुमन सिंह मान, देवासिंह ,बूटासिंह, काकासिंह, देवीलाल, मदनलाल, बीरूराम, कमालू राम, आंचीदेवी, लक्ष्मी देवी आदि महिलाएं भी प्रदर्शन में शामिल हुईं।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

हनुमानगढ़। जंक्शन की ढिल्लों कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात के संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार अरविन्द कुमार (60) पुत्र ठाकरमल गुप्ता निवासी वार्ड 14, ढिल्लों कॉलोनी, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसने 18 जून को दोपहर करीब 1.30 बजे अपनी मोटर साइकिल नम्बर आरजे 31 एसके 8560 घर के आगे खड़ी की थी। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटर साइकिल चोरी कर ले गया। दोपहर करीब 2 बजे मोटर साइकिल संभाली तो गायब थी। काफी तलाश की मगर कोई पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल शंकर दयाल को सौंपी है।

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में शोभायात्रा और सहभोज सहित अनेक कार्यक्रम होंगे

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अग्रकूल प्रवर्तक महाराज अग्रसेन की जयंती पर अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में इस बार भी अनेक कार्यक्रमों का बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजन किया जाएगा। सामूहिक सहभोज और भव्य शोभायात्रा सहित सप्ताह भर अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समिति ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। महाराज अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श करने के लिए अग्रवाल सेवा समिति के सुखाड़िया शॉपिंग सेंटर में स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष इंजीनियर बंशीधर जिंदल की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित महानुभावों से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में सुझाव लिए गए। उन्होंने बताया कि सभी की राय जानने के बाद निर्णय लिया गया कि महाराज अग्रसेन की 3 अक्टूबर को जयंती की पूर्व संध्या 2 अक्टूबर, बुधवार को शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का संयोजक राजीव खेतान और सहसंयोजक सुशील सिंगला, अमित गोयल, पवन जैन और महावीर गुप्ता को बनाया गया है। शोभा यात्रा को भव्य बनाने तथा इसमें अधिक से अधिक अग्रबंधुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी अग्र संगठनों तथा अग्र समाज के समस्त गणमान्य तथा आम जनों को उत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर की रात्रि को नई अनाज मंडी में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में सामूहिक भोज किया जाएगा। इसका संयोजक समिति के महामंत्री रामगोपाल पांडूसरिया होंगे। आयोजन से संबंधित अपनी टीम श्री पांडूसरिया खुद बनाएंगे। इसके अलावा बच्चों की नृत्य, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। जयंती पर घरों और प्रतिष्ठानों पर रोशनी और दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेवारी भी अलग-अलग अग्र बंधुओं को दी जाएगी। यह सारे कार्यक्रम सप्ताह भर चलेंगे। अध्यक्ष इंजीनियर बंशीधर जनरल ने बताया कि बैठक में सर्वसमिति से समिति का महिला प्रकोष्ठ गठित करने का भी निर्णय लिया गया। महिला प्रकोष्ठ का संयोजक श्रीमती नीलम अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।उन्हें अपनी टीम बनाने के लिए अधिकृत भी किया गया है। महामंत्री रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि बैठक में संरक्षक मंडल के निर्मल बंसल, जगदीश चंद्र बंसल, शरद अग्रवाल, परमानंद जिंदल, राजेंद्र गुप्ता, अमित गोयल, अशोक मित्तल, सीए विकास गर्ग के साथ रामधन गर्ग, राजीव खेतान, राधेश्याम गुप्ता, श्रीमती कविता गुप्ता, महावीर गुप्ता, राजकुमार जैन, सतीश गुप्ता, एडवोकेट विजेंद्र अग्रवाल, श्रीमती नीलम अग्रवाल, सुशील सिंगला, सुरेंद्र सिंगला, भारत भूषण, त्रिलोक पांडूसरिया तथा पवन जैन आदि उपस्थित रहे।

प्लास्टिक वस्तुओं की बिक्री की जानकारी देने पर पुरस्कार का एलान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्लास्टिक मुक्त राजस्थान की दूरगामी सोच को साकार करने के क्रम में प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा लगातार नवाचार कर आमजन को जागरूक करने का कार्य वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं के भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय की जानकारी देने वाले नागरिकों के लिए पारितोषिक योजना प्रारम्भ की गयी है। योजना के बारे में अधिक जानकारी देते हुए सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि प्लास्टिक कचरा विश्व स्तर पर एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। भूमि एवं जलाशय में फैला प्लास्टिक कचरा जल निकायों तक पहुंच जाता है जिससे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। एकल प्रयोग प्लास्टिक की वस्तुएं कचरे के ढेर में बहुतायत देखने को मिलती है जिसको मध्यनजर रखते हुए एवं देश को एकल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक जुलाई 2022 से एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं जैसे ईयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडियां, प्लास्टिक के झंडे, केन्डी स्टिक, प्लेटें, कप, ग्लास, स्ट्रा, ट्रे इत्यादि के उत्पादन, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। इस योजना के तहत प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं के भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय की गुप्त सूचना देने पर राज्य के स्थानीय निकाय विभाग, शहरी विकास एवं आवासन विभाग, परिवहन विभाग इत्यादि द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं के सबूत, पर्याप्त मात्रा में जब्ती एवं विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसमें सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए तक वित्तीय पारितोषिक दिया जायेगा।

हत्या के लिए लगाई जाने वाली धारा 302 अब कहलाएगी धारा 101

» एक जुलाई से लागू होने जा रहे नए कानून की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नए कानूनों के संबंध में जानकारी देने के लिए अभियोजन निदेशालय जयपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश बाकोलिया व उपखण्ड अधिकारी डॉ. दिव्या चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में अभियोजन अधिकारी, पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता व आमजन मौजूद रहा। संगोष्ठी में उप निदेशक अभियोजन हनुमानगढ़ ओमप्रकाश आर्य व अभियोजन अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत ने एक जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान की। उप निदेशक अभियोजन ओमप्रकाश आर्य ने बताया नए आपराधिक कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे कानूनों की जगह लेंगे, जिससे देश की न्याय प्रक्रिया और मजबूत बनेगी। नए कानून लागू हो जाने के बाद न्याय प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी। इसके साथ ही नए कानून के लागू हो जाने के बाद तारीख पर तारीख के चक्कर से आजादी मिलेगी। उन्होंने कानूनों में किए गए बड़े परिवर्तनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होगा। नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब 109 कहलाएगी। वहीं दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। नए कानूनों में आपराधिक न्याय प्रणाली में तकनीकी का इस्तेमाल बढ़ जाएगा। नए आपराधिक कानून से 3 वर्ष में न्याय मिलेगा। तीन वर्ष के भीतर पीड़ित को न्याय मिल सकेगा। शिकायत दायर करने के 3 दिनों में एफआईआर दर्ज करनी होगी। यौन उत्पीड़न के मामले में 7 दिनों में जांच पूरी करनी होगी। भगोड़े अपराधियों पर 90 दिनों के भीतर केस दर्ज होगा। इसके साथ आपराधिक मामलों की सुनवाई 45 दिनों में पूरी होगी। गैंगरेप में 20 साल का कारावास या आजीवन सजा का प्रावधान है। नाबालिग के गैंगरेप में आजीवन सजा या मौत की सजा होगी। यौन संबंध के लिए झूठ बोलना भी अपराध माना जाएगा। पीड़िता का बयान महिला अधिकारी की उपस्थिति में होगा। भारत के साथ अन्य देशों में भी अपराधी की संपत्ति जब्त होगी। अगले 50 सालों में हर संभव तकनीकी बदलाव किए जाएंगे। 7 साल या उससे अधिक सजा के मामलों में फॉरेंसिक जांच होगी। नए कानून के लागू हो जाने के बाद पुलिस कार्रवाई की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। अदालत में ऑडियो-वीडियो पेश करने का प्रावधान होगा। पूरे देश में एक समान न्याय प्रणाली की व्यवस्था होगी। मॉब लिंचिंग के मामलों में 7 वर्ष की सजा होगी। एसिड हमलों में कम से कम दस वर्ष से आजीवन कारावास तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि नए कानूनों के संबंध में पूर्ण रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी को इस विषय में जागरूक कर कानूनी जानकारी दी जा रही है। आर्य ने बताया कि वर्तमान समय की परिस्थिति के अनुसार ही सरकार की ओर से पुराने कानूनों में संशोधन करते हुए नए कानून बनाए गए हैं। उम्मीद है कि जनमानस के लिए नए कानूनों बहुत उपयोगी रहेंगे और आम जनता को न्याय प्राप्त होगा। संगोष्ठी में अभियोजन अधिकारी उपेन्द्र सिंह, अधिवक्ता सतपाल लिम्बा, रमेश मोदी ने भी नए कानूनों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर पुलिस उप अधीक्षक अरुण शर्मा, जंक्शन थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई, सहायक अभियोजन अधिकारी अनिल दइया, बार संघ की तरफ से अधिवक्ता कृष्ण शर्मा, अलंकार सिंह, सुखवीर भाम्भू, नितिन छाबड़ा, राजीव गिला, नरेन्द्र वर्मा, जुगल किशोर, ज्योतिरादित्य, हरीश जोशी, प्रवीण किरोड़ीवाल आदि मौजूद रहे।

तकनीकी सर्वे के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कारण सहित सूचना राजकिसान पोर्टल पर करें अपलोड

» पीएम कुसुम योजना की समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

उद्यान विभाग की महत्वपूर्ण पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र के लक्ष्य विरूद्ध प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में किया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी आपूर्तिकर्ता फर्मस तथा डीलर्स अपने स्तर पर लंबित तकनीकी सर्वे के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करे। इसके साथ ही, जो कृषक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु इच्छुक नहीं है, उन कृषकों के खेत पर तकनीकी सर्वे के दौरान कारण सहित सूचना राजकिसान पोर्टल पर अपलोड करे ताकि उन कृषकों के आवेदन को निरस्त कर वरियता सूची अनुसार आगामी कृषकों को लाभान्वित किया जा सके। जिला कलेक्टर ने कहा कि उद्यान विभाग राजकिसान पोर्टल पर शेष रहे लम्बित आवेदनों को त्वरित से पूर्ण करें ताकि अधिकाधिक कृषकों को इस योजना से लाभान्वित किया जा सके। उद्यान विभाग के उप निदेशक डॉ. रमेश चन्द्र बराला ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से पीएम कुसुम योजनान्तर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्यों के विरूद्ध अब तक की प्रगति के बारे में बताया तथा कहा कि वर्तमान में कृषकों की प्रशासनिक स्वीकृति एवं कार्यादेश जारी किए जा रहे है।

योजना में आवेदन करते समय इन बातों का रखें ध्यान

डॉ. बराला ने सभी आवेदित कृषको से अनुरोध किया कि टाटा कंपनी इसमें अनुबंधित नहीं है, राजकिसान पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही अनुबंधित फर्म का ही चयन करें तथा अपनी देखरेख में ओटीपी देकर ही फर्म का चयन करें, क्योंकि फर्म केवल एक बार ही बदले जाने का प्रावधान है। किसान भाई अपने आवेदन की स्थिति को राजकिसान साथी पोर्टल पर समय-समय पर जांच लेवें। यदि आवेदन के बैंक टू सिटीजन का टेक्स्ट मैसेज राजकिसान पोर्टल से जुड़े हुए मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होता है, तो आवेदन करते समय हुई दस्तावेज की कमी को 15 दिवस के अंदर पूर्ण करते हुए, सही अनुबंधित फर्म का चयन कर आवेदन को राजकिसान पोर्टल पर पुनः सबमिट करें अन्यथा आवेदन निरस्त हो जायेगा। किसान के नाम से 0.4 हैक्टेयर (लगभग 2 बीघा) कृषि भूमि होना आवश्यक है। समीक्षा बैठक में श्रीगंगानगर उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक राजेंद्र सिंह लांबा, आत्मा परियोजना उप निदेशक सुभाष चंद्र डूडी, उद्यान सहायक निदेशक (मु.) साहबराम गोदारा, उद्यान सहायक निदेशक प्रदीप शर्मा, कृषि सहायक निदेशक राम प्रताप गोदारा, सहायक निदेशक बीआर बाकोलिया, कृषि अधिकारी डॉ अंकुर भाकर, कृषि अधिकारी भादरा विजय गोदारा, सहायक कृषि अधिकारी डॉ. विपिन भादू सहित जिले में कार्यरत सोलर कंपनियों के प्रतिनिधी तथा डीलर्स मौजूद रहे।

विधायक गणेशराज बंसल का अभिनंदन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

डीएवी सेंटनरी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य मीनू गुप्ता के नेतृत्व में स्टाफ की ओर से शिक्षा के प्रति समर्थन और समाज सेवा में योगदान के लिए विधायक गणेशराज बंसल का अभिनंदन किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में समृद्धि और विकास हो रहा है। समुदाय के उन्नयन और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए समाज उनका आभारी रहेगा।

राष्ट्रीय वाल्मीकि अधिवेशन 14 को

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रान्तिकारी मोर्चा की ओर से 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे जंक्शन स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में राष्ट्रीय वाल्मीकि अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। मोर्चा के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शान्तिलाल जावा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले अधिवेशन में उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, झारखण्ड, गुजरात, पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रान्तों से मोर्चा के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। मोर्चा के हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद कण्डा तथा शहर अध्यक्ष विनोद अठवाल के अनुसार कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, विधायक गणेश राज बंसल, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया (मध्यप्रदेश) मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। नगर परिषद सभापति सुमित रणवां अति विशिष्ट अतिथि, डॉ. धर्मसिंह मीणा, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक, पूर्व उप सभापति नगीना बाई, वार्ड पार्षद गुरदीप सिह बराड़, मोर्चा के प्रधान राष्ट्रीय महामंत्री भारत भूषण, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष इन्द्रमल बारासा, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग राजस्थान के पूर्व सदस्य सत्यनारायण भूमल्या, सफाई मजदूर संघ प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार गठेरा, महाराष्ट्र शासन दलित मित्र कविराज संघेलिया विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, सांस्कृतिक, खेल, सामाजिक, राजनैतिक क्षेत्र में विशेष उपलब्धि अर्जित करने पर समाज की प्रतिभाओं को समाज गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा।

एप के माध्यम से अपडेट रहेंगे क्लब सदस्य

» भटनेर किंग्स क्लब का एप लॉन्च

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भटनेर किंग्स क्लब के संरक्षक आशीष विजय ने कहा कि डिजिटल युग में जानकारियां साझा करने का बड़ा जरिया है एप। इसी सोच के साथ क्लब ने एप बनाया है। इसमें प्रत्येक सदस्य से संबंधित जरूरी जानकारियां उपलब्ध रहेंगी। खास अवसरों से लेकर उनकी उपलब्धियां तक शामिल की जाएंगी। कॉन्सेप्ट क्लासेज में शुक्रवार को क्लब का एप लॉन्च करते समय आशीष विजय ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि एप बनाने में डिजिटल एक्सपर्ट व क्लब के वरिष्ठ सदस्य योगेश कुमावत और यूथ विंग के अध्यक्ष आशीष गौतम की बड़ी भूमिका रही है। संरक्षक आशीष विजय ने कहा कि भटनेर किंग्स क्लब एक परिवार है और प्रत्येक सदस्य इसकी मजबूत कड़ी है। भविष्य में सदस्यों के लिए और बेहतरीन कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। क्लब अध्यक्ष कुलभूषण जिन्दल ने कहा कि क्लब का अपना एप होना गर्व की बात है। एप से जुड़ने वाले सदस्य संगठन की गतिविधियों से अपडेट रह सकेंगे। एक-दूसरे की खुशियों को सेलीब्रेट कर सकेंगे और दुःख साझा कर सकेंगे। इसमें क्लब से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारियां और तस्वीरें साझा की जा रही हैं। सदस्यों का परिचय और भी लाभप्रद जानकारियां समाहित होंगी। क्लब प्रवक्ता एडवोकेट रोहित अग्रवाल ने कहा कि तकनीकी दौर में एप का अपना महत्व है। संरक्षक आशीष विजय और अध्यक्ष कुलभूषण जिन्दल के कुशल नेतृत्व में क्लब नित नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने एप लॉन्च करने पर सबको बधाई दी।

इस मौके पर सतनाम सिंह, दारासिंह, गुरप्रीत सिंह, कपिल गोयल, इन्द्र सिंधी, विशाल मुदगिल, विनोद चोटिया, यूथ विंग अध्यक्ष आशीष गौतम, लक्की सिंधी व योगेश कुमावत आदि मौजूद थे।

एनसीसी शिविर में टांटिया यूनिवर्सिटी के कैडेट्स का परचम

» तीन क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर मिले पुरस्कार

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

15 राज बटालियन एनसीसी, श्रीगंगानगर का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर खालसा महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। बटालियन कमान अधिकारी कर्नल संजय जग्गी, लेफ्टीनेंट कर्नल विक्रम सिंह विर्क सेना मेडल के मार्गदर्शन में संपन्न शिविर में 50 स्कूल-कॉलेज के 451 कैडेट्स ने भाग लिया। इसमें टांटिया यूनिवर्सिटी के एनसीसी कैडट्स ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन क्षेत्रों में पुरस्कार प्राप्त किए। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेंद्र गोदारा ने बताया कि इस दस दिवसीय आवासीय शिविर में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट संदीप कुमार भांभू के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी के कुल 36 कैडेट्स ने भागीदारी निभाई। इनमें नर्सिंग, एमबीबीएस एवं होम्योपैथी संकायों से पहली बार कैडेट्स शामिल हुए थे। शिविर में अनेक गतिविधियां संचालित की गईं। सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार सीनियर अंडर ऑफिसर योगेश कुमार को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में योग पिरामिड का निर्माण किया गया था। इसे सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम का पुरस्कार मिला। इसके कप्तान अंडर ऑफिसर अभिषेक ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। इसी तरह वॉलीबॉल प्रतियोगिता का पुरस्कार कप्तान सार्जेंट ऋतिज शर्मा के नाम रहा। यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) एमएम सक्सेना, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार शर्मा व डिप्टी रजिस्ट्रार राकेश वर्मा ने विजेताओं को हार्दिक बधाई दी है।

प्री-डीएलएड परीक्षा कल केन्द्राधीक्षकों को निर्देश जारी

» जिले में 36 केन्द्रों पर होगी प्री-डीएलएड परीक्षा, 12396 अभ्यर्थी नामांकित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

तीस जून को जिले में 36 केन्द्रों पर आयोजित होने वाली प्री-डीएलएड परीक्षा के संबंध में शुक्रवार को टाउन के राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में केन्द्राधीक्षकों की बैठक हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हंसराज जाजेवाल, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रणवीर शर्मा व जिला समन्वयक एवं राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामपाल अहरोदिया ने केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा से संबंधित विशेष निर्देश दिए। परीक्षा के जिला समन्वयक डॉ. रामपाल अहरोदिया ने बताया कि प्रदेश में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्री-डीएलएड परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। इस वर्ष यह परीक्षा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित की जा रही है। इस वर्ष राज्य भर के 6 लाख 45 हजार 454 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है जिनकी परीक्षा 30 जून को दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक राजस्थान के 1917 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया जाएगा। डॉ. अहरोदिया ने बताया कि हनुमानगढ़ जिले में कुल 36 परीक्षा केन्द्रों पर 12396 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिले में परीक्षा आयोजन संबंधित तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर उसमें लिखे अनुदेशों का अध्ययन कर लें। प्रवेश पत्र में किसी भी तरह की समस्या होने पर अविलंब वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पलाइन नम्बर अथवा समन्वयक कार्यालय में 9116828238 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला समन्वयक डॉ. अहरोदिया ने बताया कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र, नीले-काले रंग की स्याही का पारदर्शी बॉलपेन, एक नवीन रंगीन पासपोर्ट फोटो, वैध फोटो पहचान पत्र लाना आवश्यक है। मतदाता पहचान कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड, फोटो पहचान पत्र की छाया प्रति मान्य नहीं है। परीक्षा केन्द्र के परिसर में किसी प्रकार का मोबाइल फोन, ब्ल्यूटूथ, किसी भी प्रकार की घड़ी, केलकुलेटर, लॉग टेबल, संचार के कोइ भी उपकरण, किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, व्हाइटनर, स्लाइड रूल, ज्योमेट्री बॉक्स, कोई भी पाठ्य सामग्री, नोट इत्यादि एवं किसी भी अनुचित साधन को लाने की अनुमति नहीं है। केन्द्र पर मोबाइल फोन अथवा अन्य कोई गेजेट सुरक्षित रखवाने का दायित्व केन्द्राधीक्षकों का नहीं होगा। इसलिए परीक्षार्थी उक्त सामग्री को परीक्षा केन्द्र पर नहीं लाए। फोटो पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने, गहन तलाशी के उपरान्त ही परीक्षार्थी को केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ही परीक्षार्थी प्रयुक्त प्रश्न पत्र बुकलेट एवं ओएमआर की कार्बन कॉपी अपने साथ ले जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी के अलावा केन्द्रों पर तैनात कार्मिक भी मोबाइल फोन परीक्षा केन्द्र के अन्दर नहीं ले जा सकेंगे। अगर कोई परीक्षार्थी या कार्मिक परीक्षा अवधि के दौरान केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन के साथ पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2024 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

भगतपुरा के मकान पर छापा, तीन क्विंटल 81 किलो डोडा पोस्त बरामद

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में संगरिया थाना पुलिस ने कल रात को भगतपुरा गांव के एक मकान पर छापा मारा,जहां अवैध रूप से रखा हुआ तीन क्विंटल 81 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। थाना प्रभारी सीआई धर्मपाल सिंह ने बताया कि यह मकान काका सिंह बाजीगर का है,जो छापे के समय घर पर नहीं मिला। उसके घर पर कोई और व्यक्ति भी नहीं था। काकासिंह कहीं गया हुआ था। उसकी पत्नी पीहर गई हुई है। घर में कोई और संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जब्त किए गए पोस्त के संबंध में काका सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी आगे जांच टिब्बी थाना के प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडर को दी गई है। थानाप्रभारी ने बताया कि पिछले दिनों एक क्विंटल 28 किलो डोडा पोस्त बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था। तस्करों से पूछताछ करने पर पता चला कि उन्होंने भगतपुरा में किसी मकान में भारी मात्रा में और भी पोस्त छुपा कर रखा हुआ है। इस पूछताछ के आधार पर कल रात को काका सिंह के मकान पर छापा मारा गया। मकान में ही पहले पकड़े गए तस्करों ने यह पोस्त छुपाकर रखा था। उक्त तस्करों ने लगभग 5 क्विंटल पोस्त कहीं से मंगवाया था। अब काका सिंह की तलाश की जा रही है। पता लगाया जा रहा है की इतनी बड़ी मात्रा में पोस्त कीं तस्करों ने कहां से मंगवाया था।

ईंट भट्ठा मजदूरों ने शुरू किया बेमियादी धरना

» ईंट भट्ठा मालिक पर पूरी मजदूरी का भुगतान न करने का आरोप

हनुमानगढ़। पूरी मजदूरी का भुगतान न किए जाने से नाराज ईंट भट्ठा मजदूरों ने शुक्रवार को जंक्शन स्थित जिला श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय के समक्ष बेमियादी धरना शुरू कर दिया। इससे पहले मजदूरों ने ईंट भट्ठा मजदूर यूनियन के बैनर तले कार्यालय में एकत्रित होकर श्रम कल्याण एवं समझौता अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज करवाया। सीटू जिला महासचिव शेरसिंह शाक्य ने बताया कि ईंट भट्ठा मजदूरों की ओर से भट्ठों पर काम शुरू करने से पहले श्रम कल्याण अधिकारी व समझौता अधिकारी की मध्यस्थता से त्रिपक्षीय समझौता होता है। इसमें मजदूरों की लेबर तय की जाती है। समझौता होने के बाद पूरे सीजन मजदूरों ने भट्ठों पर दिन-रात एक कर मेहनत-मजदूरी की। अब सीजन खत्म होने के बाद भट्ठा मालिक मनमर्जी करते हुए मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं कर रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव जंडावाली के गुरुनानक ईंट भट्ठा के मालिक की ओर से मजदूरों की मजदूरी नहीं दी जा रही। इस संबंध में समझौता अधिकारी को अनेकों बार अवगत करवाया परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टा समझौता अधिकारी की ओर से भट्ठा मालिक का पक्ष लिया जा रहा है। इससे मजदूरों में रोष व्याप्त है। सरपंच बलदेव सिंह ने आरोप लगाया कि समझौता अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर भट्ठा मालिकों के दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर मजदूरों को उनकी पूरी मजदूरी नहीं मिलती है तो एक-एक मजदूर श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय पर डेरा डालेगा और आंदोलन तेज करेगा। उन्होंने कहा कि बेमियादी धरने का पहला दिन है। शनिवार को इससे अधिक संख्या में मजदूर धरनास्थल पर पहुंचकर श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे। पूरी मजदूरी मिलने के बाद मजदूर यहां से हटेंगे।

Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑपरेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर
त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स
106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210
यहां पर साड़ी चरक की जाती है।

दीपक सैनी
मो. 82339-47047
श्रीगंगानगर वाले
रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी
दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442